भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 09:47 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 289, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



यूक्रेन में रूस के मिसाइल हमलों में 41 लोगों की मौत 16

सलमान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली 15

कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर समुद्र में गिरा, तीन लापता

- गुजरात के पोरबंदर तट पर अरब सागर में हुआ दुर्घटनाग्रस्त, एक को बचाया गया

पोरबंदर (गुजरात), एजेंसी

भारतीय तट रक्षक (आईसीजे) का एक हेलीकॉप्टर बचाव अभियान के दौरान गुजरात में पोरबंदर तट पर अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद से चालक दल के तीन सदस्य लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आईसीजे ने एक बयान में बताया कि यह घटना सोमवार रात को हुई जब उसने एक टैंकर पर सवार चालक दल के एक घायल सदस्य को बचाने के लिए रात करीब 11 बजे एक अभियान चलाया। यह टैंकर

पोरबंदर के समीप से गुजर रहा था। आईसीजे के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) पर सवार चालक दल के चार सदस्यों में से एक को बचा लिया गया लेकिन बाकी के तीन सदस्यों की तलाश जारी है।

ऑपरेशन भेड़िया के लिए चक्रव्यूह तैयार, पहले ट्रैंक्विलाइजर देकर काबू में लाने का होगा प्रयास, न संभला तो मौत के घाट उतारेंगे

दो आदमखोर... 200 'शिकारी', पकड़ो या मारो

- दल में चार मंडलों से वन्यकर्मी-अधिकारी, डीएम पशुचिकित्सक एसपी, पुलिस-पीएसी के जवान और ग्रामीण शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आदमखोर भेड़िया समूह के बचे दो भेड़िये अब भी बेखौफ इंसानी रक्त से अपनी प्यास बुझाने की फिराक में हैं। वन विभाग को इस बात का एहसास है कि इन भेड़ियों के मुंह में खासकर बच्चों का मांस चढ़ गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पकड़ो या मारो का निर्देश मिलने के बाद आपरेशन भेड़िया के तहत नये सिरे से चक्रव्यूह तैयार किया गया है। बहराइच में ड्रोन से आदमखोरों के मूवमेंट-एरिया को चिन्हित कर नक्शा तैयार है। इस पांच घेरे वाले चक्रव्यूह में 26 विशेष टीमों के साथ लगभग दो सौ लोग कॉम्बिंग में उतर चुके हैं। इन दो सौ लोगों में चार मंडलों से वन्यकर्मी-अधिकारी, डीएम, पशुचिकित्सक, एसपी, पुलिस-पीएसी के जवान और ग्रामीण शामिल हैं। इधर, लखनऊ मुख्यालय से वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11(1) के तहत आदमखारों को मारने तक का आदेश जारी हो गया है, लेकिन जारी आदेश में इस कदम को अंतिम उपाय के रूप में उठाने की उम्मीद भी की गई है। दरअसल, तयशुदा रणनीति के मुताबिक पहले भेड़ियों की घेराबंदी एक व्यापक परिक्षेत्र में की जाएगी। इस बीच ड्रोन से नजर रखते हुए यह घेरा छोटा किया जाता रहेगा। पहली कोशिश यह होगी की जाल में फंसा कर उन्हें दबोचा जाए। ऐसी स्थिति न बनने पर खुले पिंजड़े में मांस का टुकड़ा रखकर इन भेडियों पर काबू पाने की कोशिश रहेगी। इसी स्थिति में तीसरे उपाय के रूप में उसे ट्रैंक्विलाइज़र से शूटकर बेहोश किया जाना है। और इस ऑपरेशन के बीच भेड़िया अगर हमला कर देता है तो उसे अंततः मार गिराया जाएगा। अब तक नौ बच्चों की जान ले चुके आदमखोर भेड़ियों की खबरें पाकर मुख्यमंत्री चिंतित हैं। इधर, सिलसिलेवार घटनाओं से वन विभाग समेत तमाम विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ-पांव फूले हुए हैं। दरअसल, जिस वक्त वन विभाग के बड़े अधिकारी चार भेड़ियों पर काबू पा लेने का गुडवर्क ब्रीफ कर रहे थे उसी वक्त आदमखोर के हमले की नयी सूचना आ गई।

समय रहते ह्यूमन-सिग्नेचर समझने में हुई चूक

लखनऊ। हकीकत यह है कि बीते छह माह के दौरान रह-रह कर किसी न किसी वन्य जीव के मानव पर हमला करने की खबरें आती रहीं। बस चूक अगर हुई तो बहराइच के आसपास सक्रिय वन्यजीव के हयूमन-सिग्नेचर की समय रहते पहचान करने में। यह शब्दावली वन्यजीवों के हमलों की समझ रखने वाले वन्यअधिकारियों के लिए आम है। बाद में दो माह पहले सामने आया कि छह भेड़ियों का समूह आदमखोर हो चुका है और बच्चे उनका निशाना हैं।

LAST 1 DAYS
for Gents

T-Shirts	~~660~~	330
Jeans	~~2560~~	865
Shirt	~~1360~~	465
Lower	~~1360~~	465
Barmuda	~~660~~	330
Capri	~~1160~~	397
Track Suit	~~3960~~	1330
Special Kurta Pajama	~~2000 to 4000~~	995 only

BUY 1 GET 2 FREE

SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

उप्र वीरों की भूमि, हर युद्ध में हमारे नौजवानों का योगदान

सशस्त्र सैन्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा- हमारे वीर जवान जनमानस के राष्ट्रनायक

- बोले- गर्व है कि हमारे पास सक्षम और समर्पित सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़ भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर युद्ध में हमारे नौजवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने शौर्य और पराक्रम से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को सूर्या खेल परिसर, कैंट, लखनऊ में सशस्त्र सैन्य समारोह में शामिल होने के दौरान विचार प्रकट कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव भी है, इसे हमें याद रखना चाहिये।

हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वह जन जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में राजधानी लखनऊ में डीआरडीओ ब्रह्मोस और झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्थापित करने की कार्रवाई तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा। आधुनिकतम उपकरण और तकनीक का विकास भारत की ही धरती पर होगा, जिससे हमारी सेवा और भी मजबूत होगी। इससे पूर्व मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मुख्यमंत्री को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अतिथि ने बाद में तीनों सशस्त्र बालों, एनसीसी, भर्ती, पुनर्वास संगठन और अन्य हितधारकों द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनियों का दौरा किया।

लखनऊ में सशस्त्र सैन्य समारोह में शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री योगी।

शहीदों के परिवारजनों को राज्य सरकार दे रही 50 लाख की अनुग्रह राशि

योगी ने कहा कि राज्य सरकार देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिक की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है।

बबीता चौहान बनीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

लखनऊ। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आगरा निवासी बबीता चौहान को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सपा संस्थापक रहे स्वर्गीय मुलायम की पुत्र वधू भाजपा नेता अपर्णा यादव व गोरखपुर की चारू चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 25 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए सदस्यों में मेरठ की हिमानी अग्रवाल व मनीषा अहलावत, बलिया की सुनीता श्रीवास्तव, लखनऊ की अंजू प्रजापति, प्रियंका मौर्य, रितु शाही व एकता सिंह, कानपुर की पूनम द्विवेदी व अनीता गुप्ता, झांसी की अनुपमा सिंह लोधी, लखीमपुर खीरी की सुजीता कुमारी, मिर्जापुर नीलम प्रभात, जौनपुर की गीता बिंद, प्रयागराज की गीता विश्वकर्मा, बरेली की पुष्पा पांडेय, रामपुर की सुनीता सैनी, ललितपुर की अर्चना पटेल व संत कबीरनगर की जनक नंदनी, कौशांबी की प्रतिभा कुशवाह, कासगंज की रेणु गौर, बिजनौर की अवनी सिंह व संगीता जैन अन्नू व सहारनपुर की सपना कश्यप आदि शामिल हैं।

- अपर्णा यादव व गोरखपुर की चारू चौधरी उपाध्यक्ष नियुक्त

बंगाल में दुष्कर्म रोधी कानून पास

- पीड़ित कोमा में गई या मौत हुई तो दोषी को होगी फांसी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने विपक्ष के पूर्ण समर्थन के साथ राज्य का दुष्कर्म रोधी विधेयक सर्वसम्मति से मंगलवार को पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में दुष्कर्म पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए।

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दुष्कर्म और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले महीने एक चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद सोमवार को विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया। राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने विधानसभा में यह विधेयक पेश किया।

आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य निलंबित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को मंगलवार को निलंबित कर दिया। सीबीआई ने घोष को वित्तीय अनियमितता के लिए एक दिन पहले गिरफ्तार किया था। घोष को अस्पताल के सेमिनार हॉल में 9 अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिलने की घटना के 26 दिन बाद निलंबित किया गया है। चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। घोष के अलावा, सीबीआई ने इसी मामले में 3 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। घोष का सुरक्षा गार्ड व अस्पताल को सामग्री की आपूर्ति करने वाले दो विक्रेता शामिल हैं।

एक नजर

चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर शिकंजा, 37 मामले दर्ज

तिरुवनंतपुरम। केरल पुलिस ने इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के चित्र खोजने, एकत्र करने और साझा करने वालों के खिलाफ राज्य भर में व्यापक अभियान चलाते हुए 37 मामले दर्ज किए। साथ ही विभिन्न जिलों से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एक बयान में राज्य पुलिस ने कहा कि पी-हंट नामक अभियान के तहत पिछले कुछ दिनों में 455 स्थानों पर छापे मारे गए। ये गिरफ्तारियां तिरुवनंतपुरम ग्रामीण, कोल्लम शहर, पथानामथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड ग्रामीण और कासरगोड पुलिस जिलों में की गईं।

गो-तस्कर समझ 12वीं के छात्र को गोली मारी

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में पांच गोरक्षकों के एक समूह ने 12वीं कक्षा के एक छात्र को गौ तस्कर समझकर कार से उसका कथित तौर पर पीछा किया और उसे गोली मार दी जिससे छात्र की मौत हो गई। पांचों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि 23 अगस्त की रात को उन्हें सूचना मिली कि दो एसयूवी में सवार कुछ संदिग्ध गौ तस्कर शहर में टोह ले रहे थे।

देश में पहली बार हुआ विषाणु युद्ध अभ्यास

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश में पहली बार विषाणु युद्ध अभ्यास किया है। मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास 31 अगस्त तक राजस्थान के अजमेर जिले में किया गया। राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत यह देश में अपनी तरह का पहला अभ्यास था। इसका उद्देश्य मानव स्वास्थ्य, पशुपालन और वन्यजीव क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बनी राष्ट्रीय संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया टीम की तत्परता और तैयारी का मूल्यांकन करना था। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने अपनी तरह के इस पहले प्रयास की सराहना की है।

थाने में शिकायत देने जा रहे युवक की चाकू घोंपकर हत्या

- दबंगों के विरोध पर पुलिस के पास जा रहा था, थाने पहुंचने से पहले कर दी हत्या

अलीगढ़, एजेंसी

जिला मुख्यालय के भीड़भाड़ वाले सासनी गेट थानाक्षेत्र में मंगलवार को दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के बाद एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी।

पुलिस के बताया अनुज (30) पड़ोसियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने जा रहा था, तभी हमलावरों ने उसे चाकू घोंप दिया। जबकि उसके परिवार के अन्य सदस्य पुलिस चौकी की ओर बढ़ गए थे और उसका पीछा कर रहे हमलावरों ने उसे अकेला पाकर उस पर हमला कर दिया। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अनुज के परिवार ने पड़ोस के दो लोगों पर आरोप लगाया है। इस खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग थाने पर जमा हो गए और उन्होंने इस मामले में पुलिस की कथित लापरवाही का विरोध किया।

महादेव गेमिंग एप से ठगी करने वाले 8 गिरफ्तार

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने महादेव गेमिंग एप से ठगी मामले में दबिश देकर आठ अपरहणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज से अगवा किए गए दो युवकों को सकुशल बरामद किया। एसीपी गोसाईंगंज के मुताबिक आरोपियों में छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित भिलाईनगर सेक्टर-6 का राजा खां, जेवरा सिरसा का सैलाब दीवान, कुर्सीपार लेवर कालोनी का अमन सिंह, सेक्टर-7 स्ट्रीट 7 का एम. सुज्वाय, स्ट्रीट-8 का राज नारायण पाल, बाबा कालोनी मिलन चौक का महेश्वर विश्वकर्मा, भिलाई पावर हाउस शारदा पारा का जितेंद्र साहू व गणेश चौक छावनी का सचिन शामिल है।

विरोधियों को फंसाने के लिए अपने ही बेटे की ले ली जान

पत्नी की बेइज्जती का बदला लेने के लिए बेटे को नदी में फेंका, गांव के लोगों पर लगाया था अपहरण का आरोप

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

अमृत विचार: पत्नी से मारपीट का बदला लेने और विरोधियों को फंसाने के लिए पिता ने खन्नौत नदी में धक्का देकर अपने पांच साल के बेटे को मार डाला। घर पहुंचकर अपहरण की कहानी रच दी और चार नामजदों सहित आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। जांच में पुलिस को उसी पर शक हो गया। कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने नदी में बच्चे का शव बरामद कर मंगलवार को बेरहम पिता को जेल भेज दिया। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव तिउलक निवासी संजीव ने सोमवार रात थाने में 5 साल के बेटे गौरव के अपहरण की रिपोर्ट गांव के बाबूराम, विवेक, विशाल, रिंकू व 4 अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई। बताया कि सोमवार शाम 8 बजे वह चिनौर से दवा लेकर लौट रहा था। खन्नौत नदी के पास आरोपी मिले और गाली-गलौज व मारपीट कर उसके बेटे गौरव को छीनकर ले गए। पुलिस ने बच्चे को बरामद करने के लिए तमाम लोगों से पूछताछ की, सीसीटीवी देखे और सर्विलांस की मदद ली लेकिन बच्चे के अपहरण की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस को जांच में पता लगा कि संजीव के पास मोबाइल था, लेकिन उसने मौके से किसी को कॉल नहीं की। शोर भी नहीं मचाया। डायल 112 को भी सूचना नहीं दी। चुपचाप घर चला गया और घरवालों को जानकारी दी। किसी के बेटे का अपहरण होता है तो कम से कम वह घटनास्थल पर शोर तो मचाता ही है। कड़ाई से पूछने पर बताया कि उसके बेटे गौरव का झगड़ा गांव के ही विवेक के बेटे आयुष से हो गया था। शिकायत करने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उसकी पत्नी से गाली-गलौज व मारपीट की। इसका बदला लेने के लिए उसने मानसिक रूप से कमजोर बेटे गौरव को खन्नौत नदी के तिउलक पुल पर ले जाकर रेलिंग से धक्का दे दिया और अपहरण की कहानी सुना दी।

फाइल गौरव

- पुलिस पूछताछ में बाप ने कबूला जुर्म भेजा गया जेल

> जांच में सामने आया कि पिता संजीव ने ही विरोधियों को फंसाने के लिए अपने बेटे को खन्नौत नदी में धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
> **-मनोज कुमार अवस्थी,** एएसपी ग्रामीण

12 से संपर्क और 5 महिला सिपाहियों से दुष्कर्म करने वाला फर्जी सिपाही गिरफ्तार

- आरोपी राजन वर्मा लखीमपुर खीरी के गांव मिदनिया गढ़ी का रहने वाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पांच महिला सिपाहियों से दुष्कर्म करने वाले फर्जी सिपाही को थाना कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को सेटेलाइट चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 12 महिला सिपाहियों के संपर्क में था। उसने महिला सिपाहियों को लोन दिलाकर लाखों रुपये भी ठगे थे। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखीमपुर खीरी के थाना कोतवाली के गांव मिदनिया गढ़ी निवासी राजन वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

कोतवाली थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि बरेली में तैनात एक महिला सिपाही से भी आरोपी ने संपर्क किया और उसे बताया कि वह पुलिस में तैनात है। उसने शादी का झांसा देकर बरेली आकर महिला सिपाही से कई बार दुष्कर्म किया। उसने महिला सिपाही का लखनऊ में प्लॉट लेने के बहाने छह लाख 30 हजार रुपये का पर्सनल लोन भी कराया और अलग-अलग समस्या बताकर भी रुपये ले लिए। ठगी का एहसास होने पर महिला सिपाही ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद से वह फरार था।

सिपाही की वर्दी में आरोपी राजन

1.70 करोड़ रुपये जुए में उड़ा चुका है आरोपी

पुलिस पूछताछ में राजन ने बताया कि वह बरेली में किसी से मिलने के लिए सेटेलाइट पहुंचा था। वह पुलिस की वेबसाइट से ऐसी महिला सिपाहियों की जानकारी जुटाता था, जिनका उपनाम वर्मा होता था। वह अब तक 12 महिला सिपाहियों से संपर्क कर चुका था। वह जुए में करीब 1.70 करोड़ रुपये उड़ा चुका है।

रेलवे और सरकारी बैंकों में भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा

सीवीसी की रिपोर्ट में 10,447 शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ, सभी श्रेणी के 74,203 मामले आए

- राजधानी दिल्ली के स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के खिलाफ 7,665 शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं और इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। हाल में सार्वजनिक की गई सीवीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे अधिक 10,447 शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के खिलाफ 7,665 शिकायतें मिलीं। स्थानीय निकायों में दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विभाग निगम, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, इंद्रप्रस्थ पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, दिल्ली नगर निगम और नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ मिली कुल शिकायतों में से 9,881 का निपटारा कर दिया गया और 566 लंबित हैं। दिल्ली में स्थानीय निकायों के खिलाफ शिकायतों की जानकारियां देते हुए इसमें कहा गया है कि कुल शिकायतों में से 7,278 का निपटारा कर दिया गया और 387 शिकायतें लंबित हैं। पिछले साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 7,004 शिकायतें मिलीं। इनमें से 6,667 का निस्तारण कर दिया गया और 337 लंबित हैं। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 6,638 शिकायतों में से 6,246 का निपटारा हो गया।

कोयला मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 4,420 शिकायतें

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोयला मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 4,420, श्रम मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 3,217, पेट्रोलियम मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 2,749 तथा गृह मंत्रालय (दिल्ली पुलिस को छोड़कर) के कर्मचारियों के खिलाफ 2,309 शिकायतें मिलीं। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 1,861 शिकायतें, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के कर्मचारियों के खिलाफ 1,828 शिकायतें, दूरसंचार कर्मचारियों के खिलाफ 1,457 शिकायतें और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के कर्मचारियों के खिलाफ 1,205 शिकायतें प्राप्त हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के खिलाफ 960, ऊर्जा मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 930, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण कर्मचारियों के खिलाफ 929 और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कर्मचारियों के खिलाफ 889 शिकायतें थीं।

एक नजर

रंजिशन व्यक्ति को किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी उमेश ने बताया कि सोमवार की सुबह सात बजे पड़ोसी नन्हे, राकेश, रजनीश, छोटे उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। उसके पिता जगदीश ने गाली देने से मना किया। इस बात पर आरोपी नाराज हो गए। आरोपियों ने उसके पीटकर को घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से छुट्टा पशु की मौत

खुटार, अमृत विचार : खुटार-पूरनपुर रोड पर गांव ढकना मोड़ के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन ने छुट्टा पशु को टक्कर मार दी। उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि गाय कई दिनों से बीमार थी। मंगलवार को वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे गाय की जान चली गई। टक्कर से गाय का शव क्षत विक्षत हो गया।

रोशनगंज में युवक को पीटकर किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली के मोहल्ला रोशनगंज निवासी निखिल ने बताया कि 25 मार्च को दिन में डेढ़ बजे अपने घर से रोजा जा रहा था। रास्ते में मोहल्ले के रवि यादव, लक्की यादव, आकाश यादव पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

स्वच्छता में अव्यवस्था : नगर निगम तो शौचालय भी साफ नहीं करा पा रहा

महानगर में बड़े-बड़े काम करा रहा है नगर निगम पर शौचालय दुर्दशा का शिकार

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर में अनगिनत शौचालय गंदे पड़े, नहीं होती ठीक से सफाई
- कहीं पाइप लाइन खराब, उठ रही तेज दुर्गंध

शौचालय और टॉयलेट की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सफाई नायकों को दे रखी है, वह खुद भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हैं। यदि कहीं कोई गंदगी है, तो सफाई कराई जाएगी।
-डॉ. विपिन कुमार, नगर आयुक्त

अमृत विचार: महानगर में बड़े-बड़े विकास कार्य करा रहा नगर निगम शौचालय तक साफ नहीं करा पा रहा है। तमाम शौचालय गंदे पड़े हैं। कहीं पानी की टोटियां टूटी होने के चलते पानी नहीं आ रहा है तो कहीं गंदगी से शौचालय बजबजा रहे हैं।

निगम का भारी भरकम अमला शौचालयों की सफाई तक नहीं करा पा रहा है। सफाई कर्मचारी या तो चैन की बंशी बजा रहे हैं या फिर दूसरे कामों में लगे पर वह शौचालयों की सफाई नहीं कर रहे हैं।

मंगलवार को अमृत विचार की पड़ताल में खिरनीबाग में जीएफ कॉलेज हॉस्टल के पास, जेल के पास और बीएसए कार्यालय के पास वाला शौचालय गंदगी से पटा मिला। खिरनीबाग शौचालय में तो अरसे से सफाई नहीं हुई है। यह संक्रामक रोगों को न्योता दे रहा है।

कैसे बनेंगे उदाहरण जब सफाई के प्रति सचेत नहीं

खिरनीबाग में जीएफ कॉलेज हॉस्टल के पास टॉयलेट बनवाया गया था। यहां आसपास के लोगों के अलावा बहादुरगंज व सदर क्षेत्र के लोग टॉयलेट करने आते हैं, लेकिन टॉयलेट से उठती दुर्गंध की वजह से टॉयलेट करना मुश्किल पड़ता है। यहां पानी की व्यवस्था के लिए पाइप लाइन लगाई गई थी। वह भी पूरी तरह से गायब हो गई है।

जिला कारागार के उत्तरी और दक्षिणी छोर पर शौचालय इसलिए बनवाया गया था कि जेल में मिलाई करने आने वाले लोगों को शौच के लिए इधर-उधर न भागना पड़े। पानी की व्यवस्था के लिए पास में ही मोटर लगाकर टंकी भी रखी गई है, लेकिन यह शौचालय भी बेकार हो गया है। अब यहां पर गंदगी पड़ी नजर आती है।

जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी कार्यालय के पास बनवाया गया शौचालय भी अब लोगों के लिए बेकार साबित हो रहा है। खिरनी बाग चौराहा के निकट होने की वजह से यह शौच करने के लिए लोग पहुंच जाते हैं लेकिन यहां पर साफ-सफाई नहीं होने की वजह से गंदगी पड़ी हुई है, दुर्गंध की वजह से रुकना मुश्किल है।

स्टेट कंसलटेंट क्वालिटी मॉनिटर का औचक निरीक्षण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिले की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में लखनऊ से आए स्टेट कंसलटेंट क्वालिटी मॉनिटर गुरविंदर सिंह ने गांव की सभी 54 गलियों का निरीक्षण किया व ग्राम पंचायत की ओर से कराए गए विकास कार्यों की बारीकी से जांच की। मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर की जांच करने के बाद गुरविंदर सिंह ने कहा कि यहां पर बेहतर कार्य हो रहा है।

ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता की पीठ थपथपाई। गांव के सभी 54 रास्तों पर स्थित 914 मकानों पर रास्तों का नाम, मकान मालिक का नाम व क्रम संख्या देखकर वह बहुत खुश हुए और कहा कि ऐसा कार्य प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को करना चाहिए। उन्होंने अन्नपूर्णा भवन, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय, संविलियन विद्यालय, भटपुरा रसूलपुर क्लब खेल मैदान, मिनी गौशाला, आरआर सेंटर आदि का निरीक्षण करने के बाद ग्राम में पौधारोपण भी किया। उनके साथ ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, रोजगार सेवक लड्डन अली, पंचायत सहायक अनुज मिश्रा, अभिषेक पांडे, सतीश, रामपाल, सुधीर आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

शिक्षक में त्याग व कर्तव्य परायणता के गुण जरूरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जीएफ कॉलेज में विभागीय गोष्ठियों की श्रंखला में मंगलवार को बीएड विभाग में गोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्तमान शिक्षा में गुरु रविंद्रनाथ टैगोर के शैक्षिक विचार नामक गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि टैगोर ने ऐसी शिक्षण विधि पर बल दिया था, जिसमें युवाओं की जिज्ञासा और रुचि बनी रहे। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक में सेवा, त्याग, सहयोग, लगन, कर्तव्य परायणता आदि गुण होने चाहिए, ताकि विद्यार्थी उनसे प्रभावित हो सकें। बीएड विभागाध्यक्ष मीनाक्षी गोयल ने कहा कि शिक्षा की धारणा शरीर और आत्मा से है, जो प्रकृति की गोद में स्वस्थ एवं प्रसन्नचित होकर विकास करती है। इस अवसर पर बीएड विभाग के विपिन कुमार शर्मा, आशुतोष कुमार अग्निहोत्री, डॉ. जाबिर अली, डॉ. प्रिया दीक्षित, शिखा श्रीवास्तव, नेहा खान, चांद मियां, करुण कुमार पांडेय आदि छात्रों ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने शोध-पत्र भी पढ़े।

नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास

कांट, अमृत विचार : नगर पंचायत की बोर्ड बैठक नगर पंचायत सभागार में हुई। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसके बाद नए प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में सभी सभासदगण उपस्थित रहे। बैठक में बोर्ड ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से मिलना चाहिए। समस्त प्रकार के करों का शासनादेश के अनुरूप ऑनलाइन कराया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से बिजली, प्रकाश व्यवस्था, निर्माण संबंधी सफाई व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव पास हुए।

नियाज अहमद हसन शाह का 21वां उर्स पाक शुरु

सिधौली, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पसियाखेड़ा में नियाज अहमद हसन शाह का 21वां उर्स पाक सज्जादा नशीन अखलाक अहमद उर्फ नौशे मियां की कयादत में सोमवार से मिलादे पाक की तिलाबते कुरान पाक से शुरू हुआ। उर्स तीन दिन तक चलेगा। मंगलवार को महफिले शमा हुई। बुधवार की सुबह 11बजे कुल शरीफ होगा। मिलाद शरीफ में अमरोहा से आए कारी शकील अहमद ने अपनी तकरीर में लोगों को सच्चाई के रास्ते पर चलने की हिदायत दी और मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

माचिस नहीं देने पर पीटा

जलालाबाद, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मनोरथपुर चौक निवासी सेठपाल ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम उसके भाई के लड़के के नामकरण संस्कार में दावत का प्रोग्राम चल रहा था। तभी गांव का एक युवक आया और उसने बीड़ी पीने के लिए माचिस मांगी। इसी बात पर विवाद हो गया। आरोपी ने सेठपाल को जमकर पीट दिया जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। सुमित जिला उपाध्यक्ष मनोनीतजैतीपुर। करणी सेना के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ शालू पाठक ने गढ़िया रंगीन निवासी सुमित गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जाहिर की है कि सुमित संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। उनके मनोनयन पर संगठन से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

दो अभियुक्त तमंचे समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने टीम के साथ अलग-अलग स्थानों दो अभियुक्तों को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त लटूरी निवासी सिखमपुर थाना जलालाबाद व राम प्रकाश निवासी मैकपुर थाना पचदेवरा जिला हरदोई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में प्रियवत, जुगेश सिंह आदि थे।

अवैध शराब बनाते एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह को सूचना मिली कि गांव पटवा में गन्ने के खेत के पास एक व्यक्ति अवैध शराब निकाल रहा है। पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त सूरजपाल निवासी पटवा थाना पुवायां है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब व बनाने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

पति सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

तिलहर, अमृत विचार : मोहल्ला निजामगंज निवासी सुभाष चंद गुप्ता की बेटी शिखा गुप्ता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता ने बरेली के कस्बा आंवला के मोहल्ला गंज निवासी हर्षित गुप्ता पुत्र अश्वनी कुमार के साथ 28 नंबर 2021 को 15 लाख रुपये खर्च कर शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति हर्षित, सास कमला गुप्ता, ननद लकी गुप्ता व नंदोई राधा कृष्ण उसे कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। उसका साजिश के चलते दो माह का गर्भपात करा दिया गया। पति ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये लाए बिना ससुराल में कदम न रखने की हिदायत दी। पति ने उसे बदनाम करने की भी बात कही। आरोप है कि 31जुलाई को पति व सास ने उसे कमरे में बंद कर दिया और पिता को फोन कर दहेज की मांग पूरी करने को कहलाया। दो अगस्त को उसके पिता व भाई पहुंचे और खराब हालत में उसे तिलहर ले आए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टीम गठित कर पकड़वाए गोवंश ग्रामीणों ने विरोध कर भगाया

संवाददाता, जलालाबाद

अमृत विचार: अल्हागंज क्षेत्र में हाईवे पर रविवार रात ट्रक की टक्कर से नौ गोवंशीय पशुओं की मौत की घटना के बाद गांव कटियूली में घूम रही गायों को बीडीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने पकड़ लिया। इस पर लाठी डंडे लेकर ग्रामीण मौके पर विरोध करने पहुंच गये और उन्होंने टीम को गाय नहीं पकड़नेदी।

गाय पकड़ने गए अधिकारियों से ग्रामीणों ने कहा कि यदि गाय को पकड़ना है, तो पहले सांड़ों को पकड़ना होगा। सांड़ नहीं पकड़ोगे, तो गाय भी नहीं पकडने देंगे। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया बझेड़ा पशु बाजार में लोग अपनी गाय बेचने के लिए लेकर आते हैं। जिनके साथ वह बछड़े व बूढ़ी गाय लेकर आते हैं। अच्छी गाय पशु बाजार में बिक्री कर लेते हैं जबकि बछड़े व बूढ़ी गाय छोड़कर चले जाते हैं। इसी कारण गांव बझेड़ा से लगाकर गांव कटियूली तक गौवंश की संख्या ज्यादा है। गाय पकड़ने वाली टीम में विकासखंड अधिकारी प्रहलाद कुमार, एडीओ पंचायत विश्वाकांत मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी पीयूष अवस्थी, गिरीश यादव, राहुल कुमार, मोहम्मद यूनुस ख़ान, पशु चिकित्सा अधिकारी बीके विकल, हल्का लेखपाल मनमोहन सिंह सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे।

गोवंश पकड़ती टीम। ● अमृत विचार

सोमवार को सुबह कटियूली के पास आठ गायों की सड़क पर ट्रक द्वारा कुचलने से मौत हो गई थी, जिस पर सड़क किनारे वाले गांवों में गोवंश पकड़ने के लिए टीम बनाई। जब गाय पकड़ने के लिए ब्लॉक जलालाबाद की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने गाय पकड़ने नहीं दी। कहने लगे यह हमारी गाय दूध देने वाली है।
-प्रहलाद सिंह, खंड विकास अधिकारी

दो के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार। बैंक में खाता खुलवाकर ठग ने दो महिलाओं के खाते से फर्जी तरह से लेन देन करने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने ही मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोजा थाना क्षेत्र के नौगवां निवासी राजरानी ने बताया कि उसके गांव के अजय और सुरेश ने डाकखाने में इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैक में खाता खुलवाया। खाता खुलवाने से पहले लालच दिया कि खाता खुलने पर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में सरकार दो-दो हजार रुपये भेजेगी। इसझांसे में आकर राजरानी व गांवमें 80 लोगों ने खाते खुलवा लिये। उन दोनों युवकों ने गांव वालों के नंबर भी ले लिये। कुछ दिनों बाद कुछ लोगों के बैंक से नोटिस आए। बैंक से ज्ञात हुआ कि फर्जी लेनदेन शुरू हो गया है। ग्रामीणों द्वारा बैंक से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। उन्होंने रोजा थाना 12 अगस्त को तहरीर दी, रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर वह एसपी से मिली। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नो एंट्री में बेरोकटोक घुसते हैं भारी वाहन लगता है जाम

संवाददाता, रौसर कोठी

अमृत विचार: ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए तय किये गये नो एंट्री के समय का पालन नहीं किया जा रहा है। भारी वाहन को रोकने के लिए जिम्मेदार लोग भी लापरवाह बने हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र के विसरात रोड से नो एंट्री के समय में भारी वाहनों का प्रवेश लगातार जारी है। यह वाहन पक्का पुल से होकर सरायकइयां होते हुए हरदोई बाईपास और पक्के पुल से पुत्तूलाल चौराहे से होकर रोजा और हथौड़ा चौराहा की तरफ निकलते हैं। जिससे लगातार जाम के साथ एक्सीडेंट का खतरा बना रहता हैं। रोड पर हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही देते हैं। पुलिस पिकेट पर पुलिस के कम होमगार्ड के जवान ज्यादा दिखाई देते हैं। ट्रक चालक मनमानी से नो एंट्री के समय भी निकलते हैं और होमगार्ड के टोकने पर रुकते भी नहीं है।

ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी भी लगातार इस क्षेत्र से गुजरती है इसके बाद भी यह भारी वाहन थाने के सामने से भी गुजरते है। लेकिन इनको कोई रोकता नहीं है।

नो इंट्री एरिया से निकलते भारी वाहन।

आधार अपडेट कराने के लिए लग रहीं लंबी लाइनें

आधार कार्ड अपडेट कराने वालों की लगी लाइन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रौसर कोठी

अमृत विचार: आधार अपडेट कराने के लिए लाभार्थियों की लंबी लाइने लग रही हैं। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

इस समय राशन कार्ड में केवाईसी अपडेट करने का कार्य चल रहा है। जिसके लिए राशन कार्ड धारक आधार अपडेट कराने के लिए आधार केंद्र के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगाकर आधार अपडेट करने जाते हैं। लाइन थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के हरदोई रोड पर बॉब के सामने लगी है। महिलाएं बच्चों को लेकर देर रात में ही लाइन में नंबर लगा देती हैं ताकि सुबह नंबर जल्दी आ सके। लोगों ने बताया कि कामकाज छोड़कर लाइन में लगना पड़ता है, तब टोकन मिलता है फिर नियत तिथि पर प्रक्रिया शुरू होती है।

साधन सहकारी समिति से इनवर्टर बैट्रा चोरी, दी तहरीर

खुटार, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में रहने वाले अमित मिश्रा ने बताया कि वह किसान साधन सहकारी समिति पुनौती खुर्द कलां के कार्यवाहक सचिव पद पर हैं। उन्होंने बताया कि रोज की तरह शनिवार को वह साधन सहकारी समिति पर गए थे और कार्य निपटने के बाद ताला डालकर लौट आए थे। सोमवार सुबह किसान साधन सहकारी समिति पुनौती पर पहुंचे, तो देखा कि उसका ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा इनवर्टर और बैट्रा गायब था। साधन सहकारी समिति में ताला तोड़कर इनवर्टर बैट्रा चोरी होने के बाद सचिव अमित मिश्रा ने खुटार थाने में तहरीर दी। सचिव ने घटना से सहकारिता विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। मामले में पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

उपभोक्ताओं का बिजली उपकेंद्र पर हंगामा

संवाददाता, तिलहर

- जर्जर बिजली लाइन चार माह बाद भी नहीं बदले जाने से भड़का गुस्सा
- जर्जर लाइन पर होते रहते हैं फॉल्ट, नाम मात्र को मिल पा रही सप्लाई

अमृत विचार: जर्जर बिजली लाइन चार महीने बाद भी नहीं बदले जाने से उपभोक्ताओं ने विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर बिजली अधिकारी एवं ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि जर्जर बिजली लाइन से लगातार फॉल्ट होते हैं, जिस कारण नाम मात्र को बिजली सप्लाई मिल पा रही है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि जल्द बिजली लाइन नई नहीं डाली गई, तो वह लोग एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।

फर्स्ट पॉइंट फीडर पर बाईपास चौराहे से लेकर राधा टॉकीज तक जर्जर बिजली लाइनों को बदलकर बंच लाइन तथा नए बिजली पोल लगाने का ठेका कई महीने पहले हुआ था। बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि लगभग तीन माह गुजर जाने के बाद भी इस जगह की बिजली लाइन अभी तक नहीं बदली गई है। जर्जर बिजली लाइन होने के कारण प्रतिदिन इस लाइन पर फाल्ट होते हैं और कई मोहल्लों की बिजली सप्लाई घंटों के लिए बाधित होती है। मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे बिजली चली गई। सप्लाई शाम 5:30 बजे तक नहीं आने पर उपभोक्ताओं का भीषण गर्मी में बुरा हाल हो गया। बिजली उपभोक्ताओं ने पावर हाउस पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाई। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है, जिसके खिलाफ बिजली विभाग के अधिकारी भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर बिजली लाइन नहीं बदलने के कारण सिंह कॉलोनी, बनवारीपुर, आंशिक बहादुरगंज, मधुबन कॉलोनी, सितारगंज, स्टेशन रोड आदि मोहल्ले के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्या झेलनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द जर्जर बिजली लाइन को बदलने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह लोग ठेकेदार एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देंगे। इस दौरान संजीव कुमार, प्रदीप गंगवार, सिद्धार्थ कुमार, अभिषेक सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

सीडीओ ने जलालाबाद- ददरौल बीडीओ व सचिव का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अल्हागंज के कटीयूली गांव में ट्रक हादसे में नौ गायों की गयी थी जान-इसके बाद की गई कार्रवाई

अमृत विचार: नौ गाय की मौत होने पर सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले बीडीओ जलालाबाद प्रहलाद कुमार, सचिव अरुण निगम, पशु चिकित्साधिकारी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण भी मांगा है। इसके साथ ही सीडीओ की ओर से ददरौल बीडीओ रवि कुमार का भी वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

ददरौल बीडीओ पर कार्रवाई सीडीओ के फोन पर आए वीडियो के बाद हुई है। वीडियो में लखनऊ दिल्ली हाईवे पर लगभग सौ मवेशी बैठे हुए दिख रहे हैं। सीडीओ ने इनका वेतन रोका है। सीडीओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि गौवंश को लेकर जो भी अधिकारी, कर्मचारी लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फरुखाबाद-बरेली हाईवे पर कटियूली गांव के पास बीते दिन ट्रक चालक ने छुट्टा पशुओं को रौंदा दिया था। जिसमें नौ गाय की मौत हो गई थी। सीडीओ ने संज्ञान लेते हुए बीडीओ, सचिव, पशु चिकित्साधिकारी पर बड़ी कार्रवाई कर चेताया है। सीडीओ ने गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं में संरक्षित करने के लिए मंगलवार को अपने वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सभी बीडीओ के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। कहा कि रोस्टर बनाकर सचिवों को लगाएं और गोवंश संरक्षण पर शासन की मंशानुरूप कार्य कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय रोजाना भेजें।

ओपीएस लागू कराने को बुलंद की आवाज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस शेयर बाजार आधारित एनपीएस का ही दूसरा रूप है। इसमें कर्मचारियों के दस प्रतिशत अंशदान को सरकार द्वारा वापस करने की व्यवस्था नहीं है। इसलिए यह स्वीकार नहीं है। शिक्षक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन ही चाहिए। यह बात अटेवा की जिला कार्यकारिणी की विकास भवन में हुई बैठक में वक्ताओं ने कही।

बैठक में सभी विभागों के कर्मचारियों और प्रतिनिधियों ने यूपीएस व एनपीएस के खिलाफ व ओपीएस लागू कराने की आवाज बुलंद की। अटेवा ने एनपीएस के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध दूसरे दिन भी जारी रखा। यह विरोध 6 सितंबर तक चलेगा। अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप ने यूपीएस और एनपीएस दोनों में अंतर बताया। अटेवा जिला संरक्षक रामकुमार ने अटेवा के लिए हर तरह के संघर्ष और जन समर्थन की बात की। ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार ने आगे की रणनीति की जानकारी ली। संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्धोत्तम सिंह यादव ने एनपीएस और यूपीएस की खामियां बताई।

इस दौरान रामजी गुप्ता, रोली देवी, शिव शंकर सक्सेना, अनिल कुमार, अंकुश वर्मा, श्याम किशोर शर्मा, जियाउद्दीन अंसारी, योगेंद्र, मुस्ताक अहमद, मनोज पाठक आदि मौजूद रहे।

विकास भवन में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

उपले में आग लगाने का आरोप

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार: सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर निवासी कुलदीप रविवार को थाना क्षेत्र के गांव चंदगोई में रामू के घर आया। उसकी बहन मीना की शादी रामू से हुई है। उसके पिता रामदास दो माह से अपनी बेटी के यहां रह रहे थे। उसने बहन से पिता को घर से भगा दो। ऐसा करने से मना करने पर वह गुस्सा हो गई।

आरोप है कि नाराज हो कर उसके भाई ने घर के बाहर कंडे की उपले में आग लगा दी, जिससे एक शहतूत का पेड़ भी जल गया है। इसके अलावा पड़ोसी राजाराम, लौंदू, इतवारी की कंडे की बठिया भी जल गयी है। मीना ने अपने भाई कुलदीप के खिलाफ तहरीर दी है।

विधि का विशेष ज्ञान हासिल करने को अंग्रेजी सीखना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस लॉ कालेज में हुए कार्यक्रम में विधि विशेषज्ञों ने बदले कानूनों को सराहा

अमृत विचार: स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय में मंगलवार को एलएलएम, एलएलबी के छात्रों के लिए इंडक्शन नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नए कानूनों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर विधि का विशेष ज्ञान प्राप्त करना है, तो अंग्रेजी का ज्ञान होना भी आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने कहा कि अदालतों, पुलिस स्टेशनों और जेलों का बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण, तकनीकी, प्रशिक्षण, वित्तीय संसाधन और अंतर-एजेंसी समन्वय आवश्यक हो गए हैं। विशिष्ट अतिथि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अमित सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कानून में जो कमियां थीं, उसको दूर कर सुधारात्मक तथा छोटे-छोटे अधिनियमों को जोड़ते हुए भारतीय परिवेश के अनुरूप बेहतर कानून का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि आज के परिदृश्य में विधि की परिभाषा परिवर्तित हो चुकी है। यह समाज में बिगड़े हुए लोगों को दंडित करने के बजाय सुधारने का कार्य कर रही है। इस मौके पर अपर जिला जज पीयूष तिवारी, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी, महासचिव राजीव शर्मा, प्रबंध समिति सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्र आदि ने भी विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों को शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ ही नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। डॉ. अनुराग अग्रवाल के संचालन में चले कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता मनेंद्र सिंह, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, अशोक कुमार, डॉ. अमित कुमार यादव, डॉ. अमरेंद्र सिंह, रंजना खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

एसएस लॉ कालेज में विधि छात्रों को बैग वितरण करते प्रोफेसर बलराज सिंह चौहान।

विरोधियों को फंसाने के लिए बुने जाल में खुद ही फंस गया संजीव

पत्नी की बेइज्जती से आहत हो गया था, बदला लेने की जुगत में था, कहता था कि आरोपियों को जेल भेजो, हड़बड़ी में पुलिस को बरामद करवा दिया बेटे का शव

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

अमृत विचार: विरोधियों को झूठे केस में फंसाने के लिए अपने मासूम बेटे को खन्नौत नदी पुल से फेंककर हत्या कर देने में पिता संजीव ने सपने में नहीं सोचा होगा कि वह अपने ही बुने जाल में फंस जाएगा। उसने अपने ही हाथों से अपने बेटे को काल के गाल में भेज दिया। वह पुलिस के सामने रट लगाए था कि आरोपियों को जेल भेजो। पुलिस ने उससे कई सवाल किए, जिनका जवाब देने पर पुलिस को शक हो गया और वह अपने ही बुने जाल में फंस गया।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव तिउलक निवासी संजीव कुमार के बेटे गौरव को पड़ोसी विवेक के बेटे ने पीटा था। पत्नी नन्ही शिकायत करने विवेक के घर गयी। आरोपियों ने उसका हाथ पकड़कर घर में खींच लिया था। उसने अपनी पत्नी से नन्ही देवी की पिटाई भी करायी थी। आरोपियों ने नन्हीं को जान से मारने की धमकी दी थी। जब संजीव मजदूरी करके शाम को घर आया तो उसने रोते हुए कहा कि विवेक के परिवार वालों ने उसकी गांव वालों के सामने बेइज्जती कर दी है। संजीव को पत्नी की बेइज्जती बर्दाश्त नहीं हुई। संजीव ने पत्नी की बेइज्जती का बदला लेने के लिए आरोपियों को जेल भिजवाने के लिए षड्यंत्र रचा और मन में सोचा कि इन लोगों को जेल भिजवाकर रहेंगे।

उसने सोमवार की शाम को साजिश के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह चिनौर से दवा लेकर लौट रहा था कि खन्नौत पुल के पास आरोपी बाबू आदि ने उसके पांच वर्षीय बेटे गौरव को छीन लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आनन फानन में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो घटना से इंकार कर रहे थे। पुलिस संजीव से पूछताछ करती तो हर सवाल का जबाब घबराकर देता था। वह पुलिस के सामने रट लगाए हुए था कि अभियुक्तों जेल क्यों नहीं भेज रहे हो। पुलिस ने कहा कि बच्चा बरामद होने पर जेल भेजेंगे। संजीव सुबह पुलिस को लेकर खन्नौत नदी पुल पर ले गया। उसने कहा कि बेटे का शव नदी में पड़ा है। गौरव मानसिक रूप से कमजोर था। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने स्वयं अपने बेटे की हत्या की जुर्म कबूल कर लिया। उसने आरोपियों को जेल भिजवाने के लिए साजिश की थी। पुलिस ने उसका चालान कर के जेल भेज दिया।

पुलिस हिरासत में आरोपी संजीव।

खन्नौत नदी से बच्चे का शव निकालती पुलिस ● अमृत विचार

> अगर सच में किसी पिता ने अपने बेटे को इस तरह मारा है तो बहुत अफसोसजनक है। बिना केस स्टडी के बिना कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन ऐसा करने वाला व्यक्ति किसी मानसिक बीमारी से भी ग्रसित हो सकता है। क्योंकि कोई सामान्य पिता ऐसा कदम उठाए इसकी आशंका कम ही रहती है। – **डॉ. संजीव सिंह, वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ।**

भाई रामनरेश ने डायल 112 को दी थी सूचना

संजीव कुमार अपने घर पर गया और परिजनों को बताया कि गांव के बाबूराम, विवेक, विशाल, रिंकू ने उसके पुत्र गौरव का अपहरण करके बाइक से ले गए हैं। घटना स्थल पर न शोर मचाया था, न ही डायल 112 और थाना पर सूचना दी थी। घटना के समय उसके पास मोबाइल भी था। घर वाले विश्वास करेंगे और पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करेगी। उसने खुद पुलिस को सूचना न देकर उसके भाई अमरेश ने मोबाइल से 112 फोन करके सूचना दी थी। वह अपनी पत्नी के साथ थाना पर मुकदमा लिखाने आया था।

दो भाइयों में गौरव छोटा था

संजीव कुमार के पिता का नाम मिढ़ई लाल है। उसका एक भाई टिंकू है, जो गांव में रहता है। संजीव मजदूरी करता है। उसकी पत्नी का नाम नन्हीं देवी है। मृतक गौरव दो भाइयों में छोटा था और कक्षा एक में पढ़ता था। उसका बड़ा भाई सौरब है। उसकी छोटी बहन रूबी है। नन्हीं देवी को बेटे का दुनिया का चले जाने और पति का जेल जाने का गम को लेकर रो-रोकर बुराहाल था। परिवार वालों ने मृतक गौरव की अंतेष्टि गांव में कर दी।

पत्नी ने कहा बेटे को कलेजे से लगाकर रखता था संजीव

सिंधौली, अमृत विचार : आरोपी संजीव की पत्नी नन्ही देवी अपने पति को दोषी मानने को बिल्कुल भी तैयार नहीं है। उसका साफ़ कहना है कि कलेजे से लगाकर रखने वाला पिता अपने बेटे को मौत के घाट कभी नहीं उतार सकता।नन्ही का कहना है कि आरोपियों ने गौरव को पीट दिया था। जिस कारण गौरव के सिर में लगातार दर्द हो रहा था। संजीव मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। नन्ही देवी के अनुसार सोमवार को दोपहर बाद चार बजे संजीव बेटे गौरव को दवा दिलाने की बात कहकर स्कूटी से चिनौर गया था। जिसके बाद शाम साढ़े सात बजे के आसपास रोता बिलखता हुआ अकेला घर लौटा। संजीव घर के सामने खड़ंजे पर स्कूटी सहित गिर गया। जिसके बाद स्वजन मौके पर पहुंचे। संजीव ने वहां मौजूद लोगों को बाबूराम और उनके पुत्रों पर रास्ते से गौरव का अपहरण कर लिए जाने की बात बतायी। स्वजनों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने रात बारह बजे के आसपास बाबूराम और उनके तीन पुत्रों सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की। रात भर वह लोग कोतवाली में बैठे रहे। जिसके बाद सुबह चार बजे पुलिस ने संजीव को रोककर वाकी सदस्यों को घर भेज दिया। नन्ही देवी ने बताया कि उसके दो बेटे तथा सबसे छोटी बेटी रूबी है। मृतक समीप के गांव महोलिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढता था। विवाद के दौरान हुई पिटाई के बाद से उसे सिरदर्द के साथ बुखार था। वह अपने पति को बिलकुल भी दोषी नही मानती है।पुलिस ने पहले हुई घटना का मुकदमा बाद में और बाद में हुई घटना का मुकदमा पहले दर्ज किया।मृतक गौरव के परिजनों के अनुसार पूरे घटनाक्रम में शाहजहांपुर के एक नेता की विशेष भूमिका रही। आरोप है कि विरोधियों की पैरवी के लिए यह नेता व व्यापारी सोमवार की रात भर कोतवाली के चक्कर काटता रहा।

आज का मौसम

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

32° अधिकतम तापमान
26° न्यूनतम तापमान

छज्जा गिरने से युवक घायल

तिलहर। मंगलवार दोपहर नगर के मोहल्ला चौहटियां निवासी 40 वर्षीय इकबाल हुसैन को घायल अवस्था में सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन उन्हे निजी अस्पताल ले गए। इकबाल जर्जर मकानों को तोड़कर प्लॉट करने का ठेका लेते हैं।

फर्राटा गिरने से एक बालक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता, अल्हागंज

अमृत विचार: नगर के मोहल्ला बगिया द्वितीय में अपने घर में खाना बना रहे दो बालकों पर फर्राटा पंखा गिर गया। इस घटना में एक की करंट लगने से अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे बालक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे फर्रुखाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरदोई के थाना पचदेवरा के गांव धनीनगला निवासी शैलेंद्र सिंह का मकान नगर के मोहल्ला बगिया द्वितीय में है। उनका पुत्र 16 वर्षीय अभिराज अपने मित्र 14 वर्षीय अभय मिश्रा पुत्र आदित्य मिश्रा के साथ पड़ोस के मकान में खाना बना रहा था। घटना के समय मकान में दोनों ही बालक थे। इसी दौरान चल रहा फर्राटे पंखा का तार पैर में उलझ गया, इससे पंखा अभय मिश्रा के ऊपर गिर गया। जिससे करंट लगने से वह झटका खाकर तडपने लगा।

अभय मिश्रा

- **खाना बनाने के दौरान अचानक गिर गया पंखा**

घटना की जानकारी होने पर पास पड़ोस के लोग आ गए। परिजनों ने दोनों को इलाज के वास्ते फर्रुखाबाद अस्पताल भेज दिया। रास्ते में अभय की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसे अभिराज सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। घटना की सूचना गाजियाबाद में सर्विस कर रहे मृतक के पिता आदित्य मिश्रा को दे दी गई है। घायल तथा मृतक बालकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पास पड़ोस के लोगों ने बताया कि अभय को बचाने के लिए अभिराज सिंह ने उसे पकड़ के खींचा, जिससे उसके भी करंट लग गया। उसका पैर और पीठ काफी जल गया।

अस्पतालों में बुखार के मरीजों की भरमार, अव्यवस्था से तीमारदार परेशान

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: मौसम के बदलाव के चलते लोगों को खांसी, खाज खुजली और बुखार जैसी कई समस्या बढ़ गई है। इससे सरकारी अस्पतालों के साथ ही प्राइवेट अस्पताल में मरीजों से भरे पड़े हैं और साथ में तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालात यह है कि बच्चों, जवानों और बुजुर्गों को बुखार ने अपने शिकंजे में ले रखा है।

सोमवार को खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की अच्छी खासी भीड़ थी। जहां अस्पताल के अंदर मरीज बैठे थे और बैठने की जगह नहीं बची थी। कुछ मरीज जमीन पर बैठे रहे। अस्पताल में पड़े बेड मरीजों से फुल थे। मरीजों के साथ आये तीमारदार पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे रहे। काफी मशक्कत के बाद पर्चा बन पाया। इसके बाद डॉक्टर के पास भी चेकअप करने के साथ ही दवाई और सलाह लेने को सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार के कक्ष में अच्छी खासी भीड़ मिली।

इसके अलावा डॉक्टर अंकित वर्मा, डॉक्टर पुनीत कुमार आने वाले मरीजों को देख अपने-अपने कक्ष में देख रहे थे और साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की सलाह दी। लेकिन डॉक्टर तरुण कुमार और नेत्र चिकित्सक डॉक्टर देवेंद्र कुमार अपने कक्ष से गायब थे और गेट बंद था। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि बदलते मौसम में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। अस्पताल में खाज-खुजली, खांसी के साथ ही बुखार के अधिक मरीज आ रहे है। रोजाना करीब चार सौ से पांच सौ पर्चे बन रहे है। अस्पताल में मरीजों के लिए सभी दवाई उपलब्ध है। जिससे मरीजों को उपचार में किसी परेशानी नहीं होती है।

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार मरीजों का चेकअप कर दे रहे सलाह।

पर्चा बनवाने को जुटी तीमारदारों की भीड़।

मंगलवार को दिन में 11:05 बजे डॉक्टर तरुण का बंद कक्ष।

मंगलवार दिन में 11:04 बजे नेत्र चिकित्सक डॉक्टर देवेंद्र कुमार का बंद कक्ष।

- **खुटार सीएचसी में रोजाना बनते हैं चार सौ से पांच सौ पर्चे**
- **सीएचसी प्रभारी बोले, खुजली, खांसी बुखार के मरीज ज्यादा**

पड़रा सिकंदरपुर में भी बढ़ रहा वायरल फीवर

जमुका, रोजा। ब्लॉक भावलखेड़ा के गांव निघोना मकरंदपुर, पड़रा सिकंदरपुर में वायरल फीवर से लोग परेशान हैं। छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं बड़े बुजुर्ग आदि लोग बुखार से पीड़ित हैं। गांव पड़रा सिकंदरपुर के प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि हमारे गांव में एक सप्ताह के अंदर वायरल फीवर फैला है। प्रधान विनोद कुमार भी वायरल फीवर में परेशान चल रहे हैं। बुखार से, अखिलेश प्रजापति, मुरलीधर, जगपाल, सुरजीत, मालती देवी, मुकेश राठौर पीड़ित हैं।

सफाई का रखे ध्यान, डॉक्टर से ले सलाह

खुटार सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि मौसम में परिवर्तन हो रहा है। इसके साथ ही मरीजों में काफी इजाफा हुआ है। इस समय बुखार से ग्रसित मरीज अधिक आ रहे है। उन्होंने कहा है कि आसपास घरों के बाहर जलभराव न होने दें। मच्छरों से बचाव करें और रात को सोने के वक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें। अगर किसी तरह से बीमार हो जाते हों तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही दवा लें।

भवन निर्माण के बजाए एक करोड़ खर्च इंटरलांकिग करने में दर्शाया

संवाददाता, कलान

अमृत विचार: मनरेगा योजना में पंचायत भवन के निर्माण में खर्च होने वाले धनको विकास विभाग के कर्मचारियों ने इंटरलाकिंग के कार्य में खर्च होना दिखा दिया है। भवन निर्माण में खर्च होने वाली एक करोड़ की राशि को विकास विभाग के कर्मचारियों ने इंटरलाकिंग में खर्च होना दर्शाया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है।

कलान ब्लाक में मनरेगा योजना के तहत जुलाई व अगस्त महीने में लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होना दर्शाई है, यह धनराशि इंटरलॉकिंग आदि के कामों के लिए विभिन्न फर्म में भुगतान की गई है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि अपने निजी स्वार्थवश मनरेगा योजना की धनराशि विकास विभाग के लोगों ने मनमानी करते हुए खर्च कर डाली है जबकि क्षेत्र में पंचायत घर अधूरे पड़े हुए हैं।

कई गांव में पंचायत घरों का निर्माण नहीं हुआ है और जहां निर्माण हुआ है वहां कायाकल्प भी नहीं कराया गया है। खुद्रासी गांव में पंचायत घर का भवन अधूरा पड़ा है। दीवारें खड़ी कर दी गई हैं, इसके बाद अन्य काम नहीं कराया जा रहा है। गांव के धर्मेंद्र सिंह यादव, गुड्डू, नेत्रपाल, विजय सिंह ने जिला अधिकारी को शिकायत भेज कर विकास विभाग के अफसर की मनमानी पर अंकुश लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने व पंचायत भवनों समेत अन्य काम कराए जाने की मांग की है।

कुदरासी गांव का पंचायत भवन।

- **गौशाला, पंचायत घरों में व राशन के गोदामों में होना था खर्च**
- **शासन के आदेश की उड़ाई धज्जियां, डीएम से ग्रामीणों ने की शिकायत**

> मनरेगा का कार्य मेरे पास नहीं है, इसलिए इस संबंध में कुछ नहीं बता सकते, हां जो काम अधूरे पड़े हैं, उन मामलों में संबंधित से पूछा जाएगा कि आखिर ऐसा क्यों है, मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> –**मुन्ना लाल, बीडीओ, कलान**

कार ने -ई-रिक्शा को मारी टक्कर चालक की मौत

संवाददाता निगोही/शाहजहांपुर

अमृत विचार: निगोही-पुवायां रोड पर कार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक समेत चार सवारियां घायल हो गयी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने ई-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक पीलीभीत जिले का रहने वाला था।

पीलीभीत जिले के थाना करेली के गांव पडरी मरौरी निवासी 32 वर्षीय राकेश कुमार का मकान शाहजहांपुर जिले की सीमा से लगा हुआ है। वह निगोही कस्बा में रहकर ई-रिक्शा चलाता था। सोमवार की रात आठ बजे सवारियों लेकर निगोही-पुवायां रोड पर गनपतपुर गांव के लिए जा रहा था। बाला जी मंदिर के निकट कार ने पीछे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा पलट गया। चालक कार लेकर भाग गया। चालक समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया।

डाक्टर ने ई-रिक्शा चालक राकेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन सवारियों के मामूली चोटे आई थी। घायल मलहम पट्टी कराके रात ही में मेडिकल कालेज से अपने घर चले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

- **निगोही-पुवायां रोड पर हुआ हादसा, पीलीभीत का रहने वाला था चालक राकेश**

मृतक राकेश कुमार।

अज्ञात वाहन से टकराकर युवक की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार: ससुराल जा रहे युवक सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गया। घायल को मेडिकल कालेज भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।पुवायां थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा निवासी 23 वर्षीय बबलू पुत्र राम प्रकाश की ससुराल सिधौली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया में है। सोमवार रात नौ बजे पुवायां से किसी सवारी से आया। ढकिया गांव के सामने सड़क पर उतर गया। सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों ने सिंधौली थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। सूचना मिलने पर परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

मुंबई में पति को छोड़ प्रेमी से मिलने आ गई महिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : मुंबई से अपने पति को छोड़कर प्रेमी से मिलने आई महिला को जीआरपी ने स्टेशन से बरामद करके कांट रोड पर वन स्टाप सेंटर पर भेज दिया। उसने पीलीभीत में अपने प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद नेताओ की जीआरपी में पुलिस कर्मचारियों से नोकझोंक हुई। क्यों कि पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही थी।

बता दे कि मुंबई में एक महिला अपने पति के साथ रह रही थी। उसका इस्टाग्राम पर पीलीभीत के थाना बीसलपुर के एक युवक से प्यार हो गया। युवक जनसेवा केंद्र चलाता है। वह पति को छोड़कर पीलीभीत गयी और अपने प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली। इधर उसके पति मुंबई में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। इस महिला ने आधार कार्ड को अपडेट कराया तो उसका ओटीपी उसके पति के मोबाइल पर पहुंचा। पीलीभीत से यहां ट्रेन से आई तो जीआरपी ने उसे पकड़ लिया।

उसके पति ने यहां विश्व हिन्दु परिषद के नेताओ को दी। नेता जीआरपी थाना पर पहुंचे और कर्मचारियों से नोकझोंक हुई। क्यों की पुलिस महिला के बारे में कुछ बताने को तैयार नही थी। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि महिला को वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया और उसके पति को सूचना कर दी गयी है।

- **बरामद महिला को वन स्टाप सेंटर भेजा गया**
- **विहिप के नेताओ की जीआरपी से नोकझोंक**

महिला की हत्या में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पुवायां

अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने केस दर्ज कराया था कि क्षेत्र के ही एक गांव का निवासी आरोपी सुरजीत उसकी मां को अपने साथ जबरन रखना चाहता था। मना करने पर आरोपियों ने उसकी मां के साथ मारपीट की। जिसके बाद उसकी मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस संबंध में जब विवेचना की गई तो दरोगा सोमपाल सिंह को पता चला कि सभी आरोपियों ने घर में घुसकर महिला के साथ पहले मारपीट की, उसके बाद उसकी हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फांसी के फंदे पर टांग दिया। हत्या के साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने हत्या के मामले की धाराएं भी बढ़ाई हैं। मंगलवार को पुवायां कोतवाल हरपाल बालियान को मुखबिर ने सूचना दी कि महिला के हत्या के मामले में आरोपी सुरजीत और राजेश बंडा रोड पर जुझारपुर मोड़ पर कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं।

आने-जाने वाले वाहनों को हाथ देकर रोकने का इशारा कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल हरपाल बालियान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताए गए दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरजीत निवासी ग्राम लखनपुर दूसरे ने अपना नाम राजेश बताया।

पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

हादसे में बाइक सवार शिक्षक घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार। जलालाबाद रोड पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार पुवायां निवासी शिक्षक विनोद शुक्ला घायल हो गए। घटना के बाद दूसरी बाइक सवार दोनों युवक मौके से भाग गए। विनोद शुक्ला कांट क्षेत्र में स्थित पॉलिटेक्निक गए थे। वह कॉलेज गेट की तरफ जैसे ही मुड़े, तभी शाहजहांपुर की ओर से तेज रफ्तार बाइक आ गई, और शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक विनोद शुक्ला घायल हो गए।

व्यापारी मिले एसपी से, निष्पक्ष जांच की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा और उनके बेटे युवराज वर्मा के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी मंगलवार को एसपी से मिले। व्यापारियों ने कहा कि व्यापारी नेता और उनके पुत्र के खिलाफ फर्जी तथ्यों के आधार पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वादी भाजपा का नेता है। इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर झूठे मुकदमे को समाप्त कराया जाए। इस दौरान रामनरेश, सचिन मिश्रा, अनवार खां, महेश चंद्र, बाल कृष्ण रस्तोगी, आदि नेता थे।

एसपी से मिलकर लौटते व्यापारी। ● अमृत विचार

बेसिक शिक्षकों की समायोजन सूची में 175 नाम, आपत्तियां आईं 53

ऑनलाइन के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ऑफलाइन आपत्तियां बीएसए कार्यालय पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में आवश्यकता से अधिक (सरप्लस) शिक्षकों की समायोजन प्रक्रिया दोबारा शुरू हो चुकी है। निर्धारित तिथि तक आनलाइन कुल 53 आपत्तियां विभाग को प्राप्त हुईं, जबकि बड़ी संख्या में ऑफलाइन आपत्तियां भी शिक्षकों ने भेजी हैं। हालांकि ऑफलाइन आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होनी है। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण जिला समिति चार सितंबर को करेगी।

बतादें कि परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के सापेक्ष अधिक नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को आवश्यकता वाले स्कूलों में नियुक्त किया जाएगा, जिसके लिए सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से प्राप्त सरप्लस शिक्षकों की सूची 19 अगस्त को बीएसए कार्यालय और सभी ब्लाकों के बीआरसी केंद्रों पर चस्पा की गई थी, जिसके सापेक्ष आपत्तियां भी मांगी गई थीं, लेकिन सचिव से दूसरी सूची उपलब्ध कराने की बात सामने आई और दूसरी सूची जारी कर दी गई। पहली सूची में 79 हेड मास्टर और 95 शिक्षकों समेत कुल 174 शिक्षकों की सूची जारी की गई थी, जबकि दूसरी सूची में एक शिक्षक की बढ़ोत्तरी करते हुए 96 शिक्षक और 79 प्रधान अध्यापक समेत कुल 175 शिक्षक शामिल किए गए।

बीएसए कार्यालय।

- प्राथमिक स्कूलों में 79 हेड और 96 सहायक अध्यापकों को माना गया सरप्लस
- डीएम की अध्यक्षता में जिला समिति आज करेगी आपत्तियों पर विचार

जिले के परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी होने के बाद दो सितंबर तक आपत्तियों मांगी गई थीं। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण जिला समिति द्वारा चार सितंबर को किया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में बनी समिति में सीडीओ, डायट प्राचार्य, बीएसए, विभागीय लेखाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शामिल किए गए हैं। – **दिव्या गुप्ता, बीएसए**

नवीन सूची जारी होने के बाद दो सितंबर तक आनलाइन आपत्तियां मांगी गई थीं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दो सितंबर तक कुल 53 आपत्तियां आनलाइन प्राप्त हुईं, जबकि बड़ी संख्या में ऑफलाइन आपत्तियां भी विभाग को मिलीं। बताया गया कि ऑफलाइन आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी। इधर, शिक्षक संगठन समायोजन प्रक्रिया को शासनादेश के विपरीत बताते हुए विरोध भी कर रहे हैं। फिलहाल डीएम की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय समिति आपत्तियों का निस्तारण चार सितंबर को करेगी। इसके बाद शिक्षकों का समायोजन कर दिया जाएगा।

रजनी झा एडूलीडर यूपी अवार्ड के लिए नामित

शाहजहांपुर, अमृत विचार: स्वप्रेरित ऊर्जावान एवं टेक्नोसेवी शिक्षकों के स्वतः स्फूर्त समूह एडूलीडर द्वारा तहसील पुवायां के प्राथमिक विद्यालय बढ़ौरा की सहायक अध्यापिका रजनी झा को एडुलीडर यूपी अवार्ड के लिए नामित किया गया है। रजनी झा को 16 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के 75 जनपदों से प्राप्त कुल 803 आवेदनों में से 87 शिक्षकों का चयन किया गया है, जिसमें 75 बेसिक शिक्षा और 12 माध्यमिक शिक्षा के शिक्षक शामिल हैं। चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 16 सितंबर को होटल जिंजर, परी चौक, ग्रेटर नोएडा में होने वाले भव्य समारोह में एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

वरुण अर्जुन अस्पताल में प्रधानों ने जाना मरीजों का हाल

विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस का स्वागत करते अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: वरुण अर्जुन अस्पताल जिले का एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां गरीब व्यक्ति भी अपना सस्ता इलाज करा सकता है। यहबात विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने कही। वह मंगलवार को वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से आयोजित प्रधानों के सम्मान में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पहले विधायक का पुष्पगुच्छ देकर अस्पताल के अध्यक्ष डा. अशोक अग्रवाल ने स्वागत किया। विधायक व कटरा ब्लाक प्रमुख नरेन्द्र गुप्ता ने प्रधानों के साथ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का भ्रमण किया और मरीजों का हालचाल जाना। मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के अध्यक्ष डा. अशोक अग्रवाल ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से दी जा रही सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सभी जनप्रतिनिधियों को परिवार स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताया जो अस्पताल द्वारा मात्र 200 में रुपये बनता है। उन्होंने अस्पताल की ओर से दी जा रही मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं और मुफ्त स्वास्थ्य शिविरों की भी सराहना की। प्रधानों ने मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल से अनुरोध भी किया कि वह आने वाले समय में उनके क्षेत्र में मुफ्त चिकित्सा शिविर लगाते रहें। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानू अवस्थी, डॉ. धनाकर ठाकुर, ललित सिंह चौहान रईसउद्दीन, विपिन शर्माआदि रहे।

विद्यालय स्तर पर गठित हों स्काउट दल व गाइड कंपनियां

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जिला स्काउट गाइड कैंपस रोटी गोदाम में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की गाइड कैप्टन और खेल शिक्षकों की बैठक हुई। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता ने सभी से विद्यालय स्तर पर स्काउट दल एवं गाइड कंपनियों के गठन पर जोर दिया। बीएसए ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय सोपान कराए जाने के निर्देश देते हुए सर्वोत्तम कैडेट रैली में सभी से अनिवार्य रूप से प्रतिभागी करने को कहा। कहा : कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में स्काउट गाइड के साथ खेलकूद की गतिविधियां भी टीम बनाकर की जाए। जिला स्काउट ट्रेनिंग कमिश्नर निकहत परवीन जिला गाइड कैप्टन दपिंदर कौर स्काउट गाइड प्रार्थना कराई। बैठक में अनंत बाजपेई, विजयपाल, शरद, सुशील सक्सेना, इमरान सईद, अंकित कश्यप, अंकुर श्रीवास्तव, शैलजा गुप्ता, अर्चना जौहरी, रूफिया खान, धूप शर्मा, गजाला समेत बड़ी संख्या में स्काउट गाइड से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

बच्चों को दी इंस्पायर अवार्ड की जानकारी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में मंगलवार को इंस्पायर अवार्ड कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्थियन सोसाइटी के निदेशक डॉ. इरफान ह्यूमन ने बच्चों को इंस्पायर अवार्ड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए शुरू की गई है। योजना के तहत बच्चों को नवाचारिक विचार के लिए प्रोत्साहित करते हुए 10 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। योजनांर्गत विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है।उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ 60 मॉडल को राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित किया जाता है, जहां उन्हें बच्चों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि इंस्पायर अवार्ड के लिए अधिक से अधिक बच्चों के पंजीकरण करवाना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड के लिए निशुल्क ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक है, इसलिए बच्चों को इसका लाभ उठाना चाहिए।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन

- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग

24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ◆ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ◆ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ◆ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ◆ पीलिया का इलाज, ◆ दिमागी बुखार, ◆ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

एक नजर

मूक बधिर संघ ने एसपी को दिया ज्ञापन

शाहजहांपुर। बरेली मंडल मूक बधिर संघ के महासचिव अमन सक्सेना ने विभिन्न मांगों को लेकर छह सूत्रीय ज्ञापन एसपी को सौंपा, साथ ही 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली कार्यशाला सहयोग दिए की मांग की और उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया। आगे कहा गया है कि हाल ही में बरेली में दिव्यांगजनों खासकर बधिर समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए।

कच्ची शराब की भट्ठी पकड़ी, एक गिरफ्तार

पुवायां। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि गांव पटवा में तालाब के किनारे गन्ने के खेत में एक व्यक्ति कच्ची शराब निकाल रहा है। अगर जल्दी की जाए तो उसे पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल हरपाल बनियान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शराब बनाने के उपकरण सहित एक व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम सूरजपाल निवासी गांव पटवा बताया। उसके कब्जे से पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण और 15 लीटर शराब की एक केन बरामद की है।

हमलावरों ने मां-बेटी को जमकर पीटा, घायल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर से सटे गांव रामापुर में घर के दरवाजे पर खड़े होकर गाली देने का विरोध करने पर हमलावरों ने एक महिला व उसकी बेटी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गईं। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल मां-बेटी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गांव रामापुर निवासी बदरूदूजा ने बताया कि वह फेरी लगाता है। सोमवार को भी वह गांवों में फेरी लगाने गया था। घर पर पत्नी व पुत्री राकिया थी। किसी बात को लेकर पड़ोस के रहने वाले पिंकू, गुड्डू व टेनी से विवाद हो गया।

आरोपी घर के दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। गाली गलौज करने पर पत्नी व पुत्री ने मना किया तो आरोपियों ने दोनों को जमकर पीटा। जिससे दोनों घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को गश्त बढ़ेगी

संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर सुरक्षा के निर्देश, मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनमंत्री पहुंचे लखीमपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में मौजूद वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

बैठक में बाघ के बारे में जानकारी देते वन अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अफसरों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश
- बाघ मित्रों की भूमिका को भी अधिकारियों ने किया रेखांकित

अमृत विचार: वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार एसीएस (वन) मनोज कुमार के साथ मंगलवार को लखीमपुर पहुंचे। उन्होंने डीएम, एसपी, डीएफओ समेत अधिकारियों के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

वन मंत्री ने कहा कि वन्य जंतुओं के हमलों को लेकर मुख्यमंत्री अत्यंत संवेदनशील हैं। इस पर प्रभावी ढंग से रोकने के लिए जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में सभी स्टेक होल्डर्स पूरी तत्परता के साथ जुटे हुए हैं। कहा कि शीघ्र ही हमलों के लिए जिम्मेदार वन्य जंतुओं को पकड़ लिया जाएगा। सरकार हर नागरिक के जीवन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। निर्देश दिए कि वन्यजीवों की दृष्टि से जिले के संवेदनशील एरिया में सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। प्रशिक्षित टीम की गश्त बढ़ाने, अतिरिक्त मैन पावर लगाने की बात भी कही। वन मंत्री ने ग्राम वासियों से भी हिंसक जीव के हमलों के प्रति पूरी तरह से सजग रहने की अपील की है। डीएफओ संजय बिस्वाल ने बाघ मित्रों की भूमिका को रेखांकित किया। रेंजवार बाघ के मूवमेंट की स्थिति भी बताई।

बैठक में मंत्री और अपर मुख्य सचिव वन ने संयुक्त रूप से डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, बाघमित्र अनिल चौहान, राम कुमार, रेंजर अभय मल्ल, एसडीओ धर्मेंद्र, बीडीओ बांकेगंज ऋषिकेश, बीडीओ निघासन जयेश, बीडीओ गोला हनुमंत प्रसाद, एसडीएम विनोद गुप्ता से संवाद किया। उन्होंने मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए उठाए जाने वाले ठोस कदम सहित जन जागरूकता अभियान के संबंध में जरूरी जानकारी ली। बैठक में विधायक योगेश वर्मा, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी भी मौजूद रहे।

दहशत बन चुके बाघ को ट्रैंकुलाइज कर पकड़ें

लखीमपुर खीरी : वन पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद अधिकारियों को आपस में सामंजस्य बनाकर काम करने की नसीहत देकर सुहेली नदी की सफाई कराने के निर्देश दिए। मानव एवं वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलेवासियों को रात में अकेले न जाने, दिन में भी ग्रुप में खेत खलिहान जाने के लिए निर्देश दिए। बहराइच में भेड़ियों के आतंक के सवाल पर अधिकारियों को भेड़िया पकड़वाने के निर्देश दिए। वहीं महेशपुर रेंज के इमलिया क्षेत्र में बाघ द्वारा मानव व मवेशियों का शिकार करने के मामले में अधिकारियों को ट्रैकुलाइज कर पकड़ने के निर्देश दिए। वन मंत्री ने अधिकारियों को घटना होने पर तत्काल मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।

इनकी रही मौजूदगी

दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वाल, सोरीष सहाय, डीडी दुधवा टी रंगाराजू, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार सिंह आदि।

वाराणसी से लालकुआं तक फिर चलेगी साप्ताहिक स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: रेलवे ने लालकुआं हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की समय सीमा में विस्तार कर लालकुआं वाराणसी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संचालन को भी हरी झंडी दी है। यह ट्रेन लालकुआं से नौ सितंबर से 25 नवंबर तक हर सोमवार और वाराणसी सिटी से 10 सितंबर से 26 नवंबर तक हर मंगलवार को 12 फेरे पूरे करेगी। रेलवे ने समय सारिणी भी जारी कर दी है।

इससे जनपदवासियों को वाराणसी सिटी तक सस्ता और सुविधानक सफर करने की सौगात मिली है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस ट्रेन में कुल 16 कोच यात्रियों के लिए लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को लालकुआं और वाराणसी सिटी तक सफर करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

समय सारिणी

स्टेशन	प्रस्थान
लालकुआं	15.00
पीलीभीत	18.10
मैलानी	20.10
गोला	20.47
लखीमपुर	21.32
सीतापुर	23.00
बुढ़वल	12.32
गोंडा	01.45 रात
बस्ती	03.14
गोरखपुर	04.55
वाराणसी सिटी-	10.00 मंगलवार

ट्रेन में यान की संख्या

जनरेटर सह लगेज यान- एक
एलएसएलआरडी यान- एक
साधारण द्वितीय श्रेणी- तीन
शयनयान श्रेणी- पांच
वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी- चार
वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- एक
वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- एक

वरुण अर्जुन के शिविर में आठ लोग ऑपरेशन के लिए चयनित

कार्यालय, शाहजहांपुर

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में निशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से आठ लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा। शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां वितरित की गई। इस मौके पर चिकित्सकों के द्वारा लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। काला मोतियाबिंद की जांच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आंख के पर्दे की जांच व इलाज, मोतियाबिंद का ऑपरेशन चीरे विधि तथा फेको विधि द्वारा, भेंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा, कंप्यूटर द्वारा चश्मा के नंबर व प्रमाणीकरण व जांच की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई।

शिविर में जांच करते चिकित्सक।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है जोकि एक वर्ष के लिए मान्य है। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक अक्षय अग्रवाल, नेत्र टेक्नीशियन शिवम शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ सतीश चन्द्र मौजूद रहे।

बरेली में होगी प्रदेश स्तरीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय ने बरेली को प्रदेश स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। यह प्रतियोगिता 14 से 17 अक्टूबर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। जिला स्तरीय 7 और मंडल स्तरीय ट्रायल 8 अक्टूबर को होंगे। खेल निदेशालय ने 17 अन्य खेलों के ट्रायल की भी तिथियां भी जारी की हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

वाराणसी में होने वाली प्रदेश स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के जिला स्तरीय 6 और मंडल स्तरीय ट्रायल 7 सितंबर को होंगे। 9 से 11 सितंबर तक अयोध्या में होने वाली प्रदेश स्तरीय वालीबॉल पुरुष प्रतियोगिता के जिला स्तरीय 6 और मंडल स्तर ट्रायल 7 सितंबर को होंगे। 18 से 20 सितंबर तक देवीपाटन में होने वाली प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय 12 और मंडल स्तर ट्रायल 13 सितंबर को होंगे। 23 से 24 सितंबर तक आगरा में होने वाली प्रदेश स्तरीय जिम्नास्टिक (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता के जिला स्तरीय 20 मंडल स्तरीय ट्रायल 21 सितंबर को होंगे।

कैमहरा गांव में बाघ ने तीन बकरियों को बनाया निवाला

कैमहरा में घटनास्थल पर मौजूद वनकर्मी और ग्रामीण। ● अमृत विचार

अजान में ग्रामीणों संग बैठक करते मोहम्मदी रेंजर। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

अमृत विचार: महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के गांव कैमहरा में बाघ ने तीन बकरियों को निवाला बना लिया। जबकि पांच बकरियों का सुराग अभी तक नहीं लगा है।

बिलहरी बीट के निकटवर्ती गांव निवासी सतीश कुमार, अजय कुमार के परिजन बकरियों को चराने के लिये गांव के निकट सरायन नदी की तलहटी में गये थे, जहां पहले से ही शैलेन्द्र बाजपेई के गन्ने के खेत में छिपे बैठे बाघ ने बकरियों पर हमला बोल कर तीन बकरियों को मार डाला। अनुज बाजपेई और प्रवीण बाजपेई की सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, वन दरोगा मायाप्रकाश वर्मा, अभिषेक वर्मा, मुकेश ने ग्रामीणों संग घटनास्थल पर पहुंच कर पगचिन्ह देखकर बाघ होने की पुष्टि की है। साथ ही ग्रामीणों को सचेत किया है। मौके पर पहुंचे जड़ौरा के पशु चिकित्साधिकारी प्रमोद वर्मा, सहायक राहुल तिवारी, दीपक मिश्र ने बकरियों के शव का पोस्टमार्टम किया है। निरंतर हो रहे बाघ के हमलों से ग्रामीण भयभीत हैं।

वनकर्मी कांबिंग और बैठक से कर रहे खानापूर्ति

संवाददाता, बिलहरी, अमृत विचार : महेशपुर रेंज की आंवला बीट के गांव इमलिया में बाघ के हमले में हुई युवक की मौत के बाद वनकर्मी कांबिंग और बैठकें कर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। बाघ की लोकेशन कैमरे में कैद होने के बाद भी उसे पिजड़े तक खदेड़ने में वनकर्मी नाकाम हैं। इससे लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 27 अगस्त को इमलिया में गन्ने की पत्ती बांधने गए अम्बरीश कुमार (45) पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। वन राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, विधायक अमन गिरि, डीएफओ संजय विस्वाल ने बाघ को पकड़ने के सख्त निर्देश दिए थे।

सोमवार की शाम इमलिया में बाघ की कैमरे में कैद तस्वीर।। ● अमृत विचार

वनकर्मी गांव पहुंचकर इसके पश्चात ग्राम प्रधान अजान विपिन यादव की अध्यक्षता मे गांव में निरंतर कांबिंग भी कर रहे हैं। बाघ की तस्वीर रोज कैमरे में कैद हो रही है। फिर भी वनकर्मी उसे पिजड़े तक खदेड़ने में नाकाम साबित हो रहे हैं। मंगलवार को इमलिया, अजान में महेशपुर रेंजर नरेशपाल सिंह, डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा की अगुवाई में ग्रामीणों के साथ बैठक कर बाघ से बचाव, सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। वन दरोगा जगदीश वर्मा, मायाप्रकाश वर्मा ने बताया कि खेतों पर अकेले न जाने को कहा। यदि जाना जरूरी हो तो मोबाइल बजाते, टार्च आदि रोशनी करते हुए शाम के समय निकलें। दिन में भी समूह बनाकर हांका लगाते हुये खेतों की तरफ जायें। इससे बाघ के हमले से बचाव हो सकता है। वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि खेतों की रखवाली मचान बनाकर करें। घर के आस पास झाड़ियां आदि न उगने दें।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : थाना व कस्बा सिंगाही के मोहल्ला भेड़ौरा निवासी मोनू कश्यप की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मृतक के भाई और भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। बता दें कि 31 अगस्त की रात मोहल्ला भेड़ौरा निवासी मोनू कश्यप (24) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसका शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतक की पत्नी रिंकी देवी ने अपने जेठ सोनू कश्यप और उसकी पत्नी रागिनी देवी पर पति को पीट-पीट कर मार डालने और हत्या की घटना को छुपाने के लिए फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया था। आरोप था कि जेठ सोनू व जेठानी रागनी पति मोनू से रंजिश मानते थे। आये दिन पति को जान व माल की धमकी देते रहते थे। 31 अगस्त की रात वह अपने मायके में थी। रात करीब दस बजे उसके पति को दोनों ने मारा पीटा और प्रताड़ित किया। प्रताड़ना से तंग आकर पति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

एलएलबी: छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के अंकों में किया खेल

बरेली कार्यालय

अमृत विचार: बरेली कॉलेज में एलएलबी में प्रवेश के लिए चार विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अंकों में गड़बड़ी कर आवेदन किया। प्रवेश के दौरान गड़बड़ी पकड़े जाने पर सभी का प्रवेश रोक दिया गया है। चारों छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी, उन्हें बुधवार को पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है।

बरेली कॉलेज में सोमवार से एलएलबी के प्रवेश शुरू हुए। प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया तो चार छात्र संदिग्ध मिले। इन विद्यार्थियों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी प्रवेश परीक्षा का परिणाम डाउनलोड करने के बाद अपने अंकों को एडिट कर लिया। इस एडिट अंक वाली स्कोर सीट की ही फोटोकॉपी आवेदन में लगा दी। बरेली कॉलेज की प्रवेश सेल के पास विश्वविद्यालय की पूरी मेरिट थी, इसलिए एडिट अंक पकड़े गए। फिलहाल चारों प्रवेश को होल्ड कर दिया गया है। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि चारों विद्यार्थियों को उनके मूल प्रमाण पत्रों और एलएलबी प्रवेश परीक्षा के परिणाम के साथ बुधवार को बुलाया गया है। उनका पक्ष सुनने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छात्र ने वेटेज न मिलने का लगाया आरोप: वहीं दूसरे मामले में छात्र मनु कुमार ने आरोप लगाया कि उसने एलएलबी में आवेदन करते समय एनसीसी का सी सर्टिफिकेट लगाया था। इसके लिए उसे 10 अंक का वेटेज मिलना चाहिए था लेकिन जब परिणाम आया तो उसे वेटेज नहीं मिला। इसकी वजह से उसकी रैंक गड़बड़ा गई।

संतुलन बिगड़ने से बाइक गड्ढे में गिरी, पूरनपुर के मामा-भांजे की मौत

संवाददाता, मैलानी

अमृत विचार: रिश्तेदारी में पलिया आ रहे मामा-भांजे की बाइक मैलानी से भीरा के बीच जंगल में अचानक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक गहरी खंती में जा गिरी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं।

हादसा सोमवार की देर शाम हुआ। पीलीभीत जिले के पूरनपुर निवासी शंभूलाल (55) पुत्र जीवनलाल अपने भांजे गजरौला (पीलीभीत) निवासी दिनेश कुमार (40) पुत्र नन्हेलाल के साथ बाइक पर सवार होकर पलिया रिस्तेदारी में नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मैलानी से भीरा के बीच जंगल में वन विभाग के बैरियर से एक किलोमीटर दूर बाइक का अचानक संतुलन बिगड़ गया और बाइक रोड के किनारे खंती में जा गिरी। खंती में पानी भरा होने से बेहोशी की हालत में दोनों पानी में ही पड़े रहे। आने जाने वाले राहगीरों ने पानी में गाड़ी का इंडिकेटर जलते देखा तो वह लोग पास पहुंचे तो दोनों युवक बाइक के पास पानी में बेहोशी की हालत में पड़े थे। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। रात में ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी बांकेगंज भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी बांकेगंज भेजा था। गाड़ी के नंबर और मोबाइल के जरिये परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने बांकेगंज पहुंचकर दोनों मृतक की पहचान दिनेश और शंभूलाल के रूप में की है। शव पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। वन क्षेत्राधिकारी साजिद हसन ने बताया कि रात में वन कर्मियों की रोड पर ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे जंगली जानवर भी सेफ रह सकें। आने जाने वाले राहगीरों को भी जंगल में कोई परेशानी न हो। जंगल में हादसा होते ही वनकर्मी फौरन पहुंच गये थे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

	NEW FIRM OFFER	
1-	PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY.	999/-
2-	(ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY.	999/-
3-	GST RETURN MONTHLY FEES.	499/-
	OLD FIRM OFFER	
4-	OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY.	1499/-
5-	ITR FILE ONLY.	499/-

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Address : Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly, 243006 (U.P.)
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES
FACULTY REQUIRED
Application are invited for the post of Associate Professor/ Assistant Professor in the Department of Paramedical Sciences.
Qualification M.Sc. RIT And M.Sc. Optometry Experience As Per UGC Norms.
The candidates with requisite qualification & good academic track can submit their application within 15 days to Email-facultyofparamedicalsciences@gmail.com
Contact Detail:- 8865080485
Principal
Faculty Of Paramedical Sciences

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

बिजली कटौती: दो लाख आबादी प्रभावित

ग्रामीण कर रहे प्रदर्शन, विभाग नहीं सुन रहा फरियाद, ढाक फीडर से चार दिन से ठप है सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिले भर में बिजली की अघोषित कटौती जारी है। कुछ क्षेत्रों में चार चार दिन से बिजली सप्लाई ठप है। परेशान ग्रामीण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली विभाग कोई जानकारी नहीं दे रहा है और इस बिजली अव्यवस्था से लगभग दो लाख की आबादी प्रभावित होरही है। बिजली कटौती से पेयजल व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। घरों में पानी नहीं होने से महिलाएं परेशान हैं।

जिले में बिजली की किल्लत एक बार फिर शुरू हो गयी है। चार पांच दिन से अघोषित कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शहर से लेकर गांवों तक में कटौती से हाहाकार मचा हुआ है।

शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से ककराला रोड के करीब बीस गांवों को बिजली सप्लाई दी जाती है। इस बिजली घर से चार दिन से बिजली आंख मिचौली कर रही है। हर दस मिनट में बिजली गुल हो रही है। दिन में दो घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। गर्मी के कारण लोग परेशान हैं। बिजली कटौती से सबसे अधिक परेशानी पेयजल को लेकर बनी हुयी है। ककराला रोड के गांव उदमई, सूरजपुर, कुतरई, उघैनी, सिमरिया, रसूलपुर, मई बूचन, दौरी, रूपापुर, सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में चार दिन से बिजली संकट बना हुआ है।

उधर सखानू अलापुर, संजरपुर, जगत, खिरिया, नैथू, जखेली, इस्लामगंज, खरखोली आदि गांवों में बिजली दो दिन से मात्र दो घंटे ही मिल रही है। अघोषित कटौती को लेकर ग्रामीण खासे परेशान हैं। इस्लामगंज के प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को इस मामले की शिकायत विभाग के उच्चाधिकारियों से की। गांवों को शेड्यूल के हिसाब से बिजली देने की मांग की है।

> गर्मी में ओवरलोडिंग के चलते बिजली संकट गहरा जाता है। कुछ लाइने भी क्षतिग्रस्त हो गयी हैं जो लोड नही ले पा रही हैं उन पर काम चल रहा है। ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर भी कुछ काम हुआ है इसलिए सप्लाई बाधित हो रही है। दो दिन के अंदर सप्लाई शेड्यूल के अनुसार ही दी जाएगी।
> –**संजीव कुमार** अधिशासी अभियंता, प्रथम

नलकूप भी बंद

जगत ब्लॉक के गांव उनौला के ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं आने से ट्यूबवैल नहीं चल रहे हैं जिससे फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कुछ जगहों पर पानी नहीं मिलने से किसानों को दिक्कत हो रही है। तालगांव क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर किसान दो दिन पहले ही धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर भी बिजली आपूर्ति समय पर नहीं मिल रही है।

चार दिन से बिजली की किल्लत बनी हुयी है। दिन में हर दस मिनट में लाइट गुल हो जाती है। गर्मी में परेशानी हो रही है। पहले से अधिक कटौती होने से किसान परेशान हैं। गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। **गयादीन**

ढाक वाले बिजली घर से सप्लाई अक्सर बंद रहती है। पांच दिन से बिजली दस पांच मिनट रूकती है। फिर पता नहीं कब आए। घरों में पानी की समस्या बनी हुई है। महिलाएं बच्चे गर्मी में परेशान हैं। –**संजीव**

बारिश के बाद तेज धूप पड़ रही है। जिससे गर्मी में घरों में भारी परेशानी हो रही है। बिजली की अघोषित कटौती होने से सारे काम काज ठप हैं। मशीनी काम भी नहीं हो रहे हैं। रात को बिजली गुल हो रही है। **ऋषिदेव**

दो दिन पहले हुई बारिश से कुछ राहत मिल गयी। बारिश के बाद से बिजली नहीं मिल रही है जिससे ट्यूबवैल नहीं चल रहे हैं। ऊंचे स्थानों पर फसलों को पानी नहीं मिल रहा है। –**प्रभास**

स्व निधि योजना के सैकड़ों आवेदन लंबित

बदायूं, अमृत विचार: स्व निधि योजना के सैकड़ों आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं। एडीएम वैभव शर्मा ने बैंकों को लंबित आवेदनों के निस्तारण को आदेश दिए हैं। कहा कि जल्द से जल्द योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए।

कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के दौरान एडीएम व जिला राजस्व अधिकारी व प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा मोहित कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में 298 आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं तथा 403 भुगतान के लिए लंबित हैं वहीं द्वितीय चरण में 562 सेंशन के लिए तथा 278 भुगतान (डिसबर्समेंट) के लिए लंबित है। तृतीय चरण में 222 सेंशन के लिए तथा 112 भुगतान के लिए लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षित सुधार लाने के लिए कहा गया है। एडीएम ने बैठक में निष्क्रिय यूपीआई आईडी को क्रियाशील करने के लिए अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के आदेश दिए।

आईसीटी में अनुपम चौधरी चयनित

शिक्षक अनुपम चौधरी।

सहसवान। सहसवान ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय नौरंगाबाद के शिक्षक अनुपम चौधरी का चयन आईसीटी प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ है। लखनऊ में जुलाई महीने में आयोजित प्रतियोगिता का रिजल्ट 30 अगस्त को आया था। चयनित शिक्षक को जल्द ही हालांकि अब उनका स्थानांतरण सीतापुर जनपद में हो चुका है। लेकिन पुरस्कार बदायूं जनपद के नाम ही मिलेगा। शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईसीटी एवं नवीन तकनीकी के प्रयोग में पर चयन हुआ।

चेयरमैन ने मारा छापा, 13 कर्मी गैरहाजिर मिले

- 10 .10बजे दोनों गेट पर लगवाया ताला, चेक किया रजिस्टर, स्पष्टीकरण मांगा
- काम से बाहर जाने पर रजिस्टर में लिखना होगी डिटेल, बिना सूचना नहीं छोड़ेंगे मुख्यालय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद, की चेयरमैन फात्मा रजा के तेवर मंगलवार सुबह सख्त नजर आए। वह सुबह कार्यालय पहुंचीं। नगर पालिका कार्यालय के दोनों गेट पर ताले लगवा दिए। फिर सभी कर्मचारियों की सीटों पर पहुंचीं। लेटलतीफी करते हुए अनुपस्थित मिले 13 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त न रखने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

चेयरमैन मंगलवार सुबह ठीक 10 बजे कार्यालय पहुंच गईं। उपस्थित रजिस्टर चेक किया। मुख्य सफाई एव खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तैय्यब, अवर अभियंता कृष्ण गोपाल चंद्रा, सफाई निरीक्षक राजीय मलिक, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, लिपिक साहिर हुसैन, लिपिक मुशाहिद अली, लिपिक परवेज अहमद, लिपिक शिवम सुनार, टीसी नारायण दत्त शर्मा, अनुचर मानसरोवर, बेलदार बल्ली, पंप चालक मनोज सोनकर और अनुचर शारिक अनुपस्थित मिले। सभी से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। चेयरमैन ने कर्मचारियों को निर्देशित किया और कहा कि अगर कार्यालय अवधि में किसी भी काम, राजस्व वसूली से बाहर आते हैं पूरा विवरण भ्रमण रजिस्टर में लिखना होगा। रजिस्टर में कर्मचारियों के आने-जाने का समय, कार्य और उद्देश्य जरूर लिखा जाएगा। कार्यालय व फील्ड में किए गए रोज के कार्य दैनिक रजिस्टर में लिखना अनिवार्य है। कहा कि कोई भी कर्मचारी बिना लिखित अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चेयरमैन ने सफाई निरीक्षक के कार्य मे भी फेरबदल किया है। बताया कि कार्यवाहक सफाई नायक राजू अपने कार्य के साथ सफाई वार्ड संख्या 3 प्रथम में भी कार्यवाहक सफाई नायक का कार्य करेंगे। दूसरे कार्यवाहक सफाई नायक महेंद्र को स्वास्थ्य अनुभाग से संबद्ध किया गया है।

कार्यालय में छापामारी से पहले चेयरमैन ने बंद कराया गेट। ● अमृत विचार

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना शोषण करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी श्रमिक संघ एटक ने कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने शासन पर शोषण का आरोप लगाते हुए उनके हितों की अनदेखी करने की बात कही। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

सरकार पर शोषण का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कलेक्ट्रेट पर एकत्र हुयीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय पर रोक लगा दी गयी है। यह खुला शोषण है। विभागीय अधिकारियों को कई बार पत्र दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।अंबियापुर ब्लॉक पर तैनात सुधा उपाध्याय तथा आसफपुर की नीलम सक्सेना के उत्पीड़न को लेकर पहले भी आंदोलन किए जा चुके हैं। हर बार झूठा आश्वासन देकर गुमराह किया गया। अब संगठन का कहना है कि जब तक समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता तब तक कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एजूकेटर के पद पर चयन किया जाए। धरना प्रदर्शन में प्रेमलता, मिथलेश, शशिवाला, सुधा कुमारी उपाध्याय, गीता आर्या, सुषमा गंगवार, सुनीता शंखधार, ममता भदौरिया, नीलम पाठक, रीना रॉय, अनीता गुप्ता, सुनीता, राजेश्वरी पाल, नीरज शर्मा, शांति नीतू यादव, मंजू सहित कई दर्जन आंगनबाड़ी मौजूद रहीं।

मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन करते आंगनबाड़ी कार्यकत्री।

- जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन मानदेय दिलाने की मांग
- मालवीय आवास गृह पर की नारेबाजी, बेमियादी धरना शुरू

डीएम ने आपत्तियों का किया निस्तारण, 50 खारिज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 65 सरप्लस शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दर्ज कराई थीं आपत्तियां

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुई सरप्लस समायोजन प्रक्रिया के तहत बेसिक शिक्षा विभाग को प्राप्त हुईं 65 आपत्तियों का निस्तारण करते हुए डीएम ने 50 को खारिज कर दिया। 15 आपत्तियों का निस्तारण करने के आदेश बीएसए को दिए हैं।

हाल में शासन ने सरप्लस वाले विद्यालयों में समायोजन की प्रक्रिया शुरू की। 28 अगस्त को 195 विद्यालयों की सूची जारी की गई। जिसमें 143 प्रधानाध्यापक और 50 सहायक अध्यापकों का समायोजन किया जाना है। समायोजन को लेकर सरप्लस शिक्षक-शिक्षिकाओं से आपत्ति मांगी गई थी। 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आपत्ति दर्ज कराई। इनका निस्तारण डीएम निधि श्रीवास्तव ने किया। आपत्तियों का अवलोकन करने पर डीएम को 50 आपत्तियां निराधार मिलीं। उन्हें खारिज कर दिया गया। 15 आपत्तियों को सुनवाई योग्य मानते हुए उनका निस्तारण करने के आदेश डीएम ने बीएसए को दिए हैं।

बीएसए से सरप्लस शिक्षकों के संबंध में वार्ता करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव।

सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा करेंगे रिटायर्ड फौजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पूर्व सैनिक संभालेंगे। सैनिक कल्याण बोर्ड ने अस्पताल के लिए 21 पूर्व सैनिकों को यहां भेजने की योजना बनाई है। फिलहाल जिला अस्पताल में चार और महिला अस्पताल में 10 पूर्व सैनिक पहुंच गये हैं। शासन के निर्देश पर हो रही इस कार्यवाही के तहत पूर्व सैनिक जिला अस्पताल में भीड़ को नियंत्रित करेंगे। परिसर में आए दिन होने वाले हंगामा पर रोकथाम लगाएंगे। परिसर में बेतरबीब ढंग से खड़े वाहनों को व्यवस्थित करेंगे।

सैनिक कल्याण बोर्ड बरेली से पूर्व सैनिकों को यहां पर भेजा गया है। सुरक्षा गार्ड के सुपरवाइजर पूर्व सैनिक प्रमोद कुमार होंगे। प्रमोद कुमार ही उनकी ड्यूटी लगाएंगे। खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन के अनुसार ही सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

इस समय जिला अस्पताल में सुरक्षा की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। आये दिन मरीजों और डॉक्टरों तक स्वास्थ्य कर्मचारियों के बीच विवाद होता रहता है। सुरक्षा न होने से लोग यहां अपने वाहन खड़े करके बाहर निकल जाते हैं। बाइक और कारें बेतरतीब खड़ी होती हैं। जिससे एम्बुलेंस को निकलने का रास्ता भी नहीं बचता है। बाहरी लोग यहां अक्सर इधर उधर घूमते मिलते हैं। साइकिल व मोटर साइकिल चोरी की हाल ही में कई घटनाएं हो चुकी हैं। सोमवार को चार पूर्व सैनिक पहुंच गए। उन्होंने सीएमएस को ड्यूटी पत्र सौंपा और सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया।

जिला अस्पताल में सीएमएस के दाएं बाएं खड़े सुरक्षा गार्ड।

- जिला अस्पताल को मिले चार जवान, दस पहुंचे महिला अस्पताल
- भीड़ को करेंगे नियंत्रित, बाहरी लोगों को करेंगे बाहर

ओपीडी में बैठे सुरक्षा गार्ड

> जिला अस्पताल को 21 सुरक्षा गार्ड मिलेंगे। चार ड्यूटी पर आ गये हैं शेष एक सप्ताह के अंदर यहां पहुंच जाएंगे। सुरक्षा गार्ड भीड़ को नियंत्रित करेंगे। ओपीडी के बाहर हंगामा करने वालों को बाहर करेंगे। चोरी की घटनाओं पर लगाम लगेगी। अराजक तत्वों को पकड़ कर बाहर किया जाएगा।
> –डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

जिला महिला अस्पताल में पहुंचे दस सुरक्षा गार्ड

मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में दस सुरक्षा गार्ड पहुंच गए। यहां पर मरीजों की भीड़ को देखेंगे। सुरक्षा के लिए अलग अलग जगह पर ड्यूटी लगाई जाएगी। महिला अस्पताल में अक्सर विवाद होता रहता है। यहां पर सुरक्षा की अति आवश्यकता है। महिला अस्पताल में चौथी मंजिल पर एक सुरक्षा गार्ड तैनात रहेगा। तीसरी मंजिल पर और दूसरी मंजिल पर एक एक सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर रहेगा।

हत्या के प्रयास के दोषी तीन भाइयों को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मंगलवार को कोर्ट ने सुनाया फैसला, विचारण के दौरान एक आरोपी की हो गई थी मौत

अमृत विचार : हत्या करने के प्रयास के लगभग 13 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट, रिंकू जिंदल ने तीन आरोपी सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए सात साल का कारावास और 24-24 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मुकदमा के विचारण के दौरान एक आरोपी की मौत हो चुकी है।

अभियोजन कथानक के अनुसार थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव संसपुरगंग निवासी शैतान सिंह ने 7 फरवरी 2011 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि सुबह लगभग 11 बजे उनके पिता विद्याराम, भाई रमेश व साहब सिंह और परिवार के अनय लोग खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी सौराज, नीरेश, राधे और ओमकार पुत्र चंद्रपाल लाठी-डंडे और तमंचे लेकर खेत पर आ गए। गाली-गलौज करने लगे। कहा कि तुम हमारे खेत में गन्ना क्यों बो रहे हो। शैतान सिंह के परिजनों ने कहा कि गाली मत दो वह अपने खेत ही गन्ना बो रहे हैं। चारों लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। लाठी-डंडों से पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके साक्ष्य संकलित किए। चाराओं आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। एडीजीसी जितेंद्र कुमार सिंह और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद तीन भाइयों को दोषी मानकर सजा सुनाई है। एक की मुकदमा के विचारण के दौरान मौत हो चुकी है।

सरल भाषा में पढ़ाने को तैनात होंगे एजुकेटर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे जाने वाले एजुकेटर का डीएम की समिति करेगी चयन
- जिले में 2940 आंगनबाड़ी केंद्र हैं संचालित, परिषदीय स्कूलों में चल रहे 2155 केंद्र

अमृत विचार: 2940 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत तीन से छह साल के बच्चों को सरल भाषा में पढ़ाई कराने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से एजुकेटर की नियुक्ति की जाएगी। प्रथम चरण में 189 केंद्रों पर एजुकेटर रखे जाएंगे। इनका चयन डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। एजुकेटर को 10 हजार 313 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इसके लिए शासन ने बजट भी आवंटित कर दिया है। शासन से जरूरी धनराशि आवंटित होने के बाद शिक्षा विभाग ने उनकी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है।

समग्र विकास योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन पर पंजीकृत तीन से छह वर्ष के बच्चों को शुरुआती शिक्षा का ज्ञान कराया जा रहा है। बच्चों की संख्या अधिक होने और आंगनबाड़ी वर्कर्स के अन्य कामों में व्यस्त रहने से बच्चों को शैक्षिक ज्ञान नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर एजुकेटर नियुक्त किए जाएंगे। जिसके निर्देश राज्य परियोजना निदेशक ने बेसिक शिक्षा और बाल विकास परियोजना विभाग को दिए हैं। केंद्रों पर नियुक्त एजुकेटर तीन वर्ष से छह वर्ष के बच्चों को औपचारिक शिक्षा देते हुए उन्हें सरल भाषा में पढ़ाई कराएंगे। एजुकेटर्स बच्चों को रंग, आकार, ध्वनि, पेड़-पौधे, जानवर की पहचान के साथ संगीत व पिकनिक के माध्यम से शिक्षा देंगे।

11 माह के लिए नियुक्त किए जाएंगे एजुकेटर

एजुकेटर की नियुक्ति 11 माह की होगी। एजुकेटर के लिए वही पात्र होंगे जिन्होंने यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्ग को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। नर्सरी अध्यापक शिक्षा, एनटीटी, सीटी नर्सरी, डीपीएसई का कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता वाले भी एजुकेटर के लिए पात्र होंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ाई कराने के लिए एजुकेटर का चयन होना है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जेम पोर्टल पर फर्म का चयन किया जा रहा है। फर्म का चयन होने के बाद एजुकेटर रखे जाएंगे। -**पीके सिंह**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

450 बुखार के मरीज 21 मलेरिया संक्रमित निकले

बदायूं, अमृत विचार : संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों में ग्रामीणों का ब्लड टेस्ट किया गया जिसमें मलेरिया के 21 मामले सामने आए हैं। 452 बुखार के मरीज निकले हैं।

मंगलवार को संक्रामक रोग नियंत्रण शिविर में ब्लॉक समरेर के कादरावाद में मलेरिया का एक संक्रमित मिला। अमरौली में चार मलेरिया संक्रमित सामने आए हैं। ब्लॉक दातागंज के एक गांव में पांच संक्रमित मिले हैं। म्याऊ के ग्राम हसौरा में मलेरिया के दो मरीज सामने आए हैं। आसफपुर के एक गांव में दो मलेरिया संक्रमित मिले हैं। इसी ब्लॉक के एक दूसरे गांव में चार मरीज मलेरिया के निकले हैं।

टहनी की छंटाई के समय लगा करंट, पेड़ से गिरा युवक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना बिनावर के गांव मिगोनिया के पास लाइनमैन गांव की बिजली लाइन को चेक करते समय राजेश के घर पास पेड़ की टहनी में बिजली लाइन के उलझा होना दिखी। लाइनमैन ने राजेश से टहनियों की छंटाई करने को बोला। लाइनमैन के कहने पर राजेश टहनियों को छांटने के लिए पेड़ पर चढ़े।

वह कुल्हाड़ी से छंटाई कर रह थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया और वह पेड़ से नीचे जा गिरे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने लाइनमैन के खिलाफ तहरीर दी है।

चोरी के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज :

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला आठ निवासी ओमवती पत्नी राजेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि 29 अगस्त को उनके पड़ोसियों ने फोन करके उनके घर के ताले टूटने की सूचना दी थी।

वह अगले दिन अपने घर पर पहुंचीं तो सूचना सही निकली। भीतर गईं तो पता चला कि घर में रखे फूल के बर्तन, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की तगड़ी, दो कंबल, गैस सिलेंडर गायब थे। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अमित ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

स्कूल में बेहोश हुई छात्रा की मौत, परिजनों का हंगामा

सोमवार को मध्याह्न भोजन खाने के बाद बिगड़ गई थी अर्सिस स्कूल की कक्षा एक की छात्रा की तबियत

संवाददाता, कुंवरगांव

एसडीएम सदर एसपी वर्मा के सामने पूर्ति निरीक्षक ने की स्कूल के मीड डे मील कीं जांच

स्कूल में हंगामे की सूचना पर जानकारी करते थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह।

अमृत विचार : विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय अर्सिस में सोमवार को पढ़ने आई कक्षा एक की छात्रा को बुखार और उल्टी-दस्त हो गए। उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन स्कूल पहुंचे। इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां छात्रा ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को परिजन और ग्रामीण छात्रा का शव लेकर स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। दो चिकित्सकों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। एसडीएम एसपी वर्मा की मौजूदगी में पूर्ति निरीक्षक संजीव कुमार ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की। बीएसएस ने निरीक्षण करके स्टाफ से जानकारी की।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव इनायतगंज गौटिया निवासी महिपाल की सात साल की बेटी अंजलि विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय अर्सिस में कक्षा एक की छात्रा थी। सोमवार को वह स्कूल गई थी। उसे बुखार आ रहा था। उसने मध्याह्न भोजन खाया। जिसके बाद उसका बुखार बढ़ने लगा। शिक्षक ने उसे घर जाने को बोल दिया। छात्रा घर जा रही थी लेकिन रास्ते में बेसुध होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों ने छात्रा के परिजनों को सूचना दी। छात्रा को जिला अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन छात्रा को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां रात लगभग 11 बजे अंजलि की मौत हो गई। मंगलवार को परिजन और ग्रामीण शव लेकर स्कूल परिसर में पहुंचे और हंगामा करने लगे। शिक्षकों पर लापरवाही करने और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ स्कूल पहुंचे। छात्रा के परिजनों जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक अंजलि।

- इलाज के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज कॉलेज में रात 11 बजे छात्रा ने तोड़ा था दम
- परिजन और ग्रामीणों ने स्कूल में किया हंगामा, दो चिकित्सकों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

डॉ. फुरकान समेत दो चिकित्सकों के पैनल ने वीडियोग्राफी के दौरान शव का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय में मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन न बनने और गुणवत्ता ठीक न होने का आरोप लगाया। प्रधानाध्यापक निशांत शर्मा ने बताया कि छात्रा को कुछ दिन से बुखार आ रहा था। मना करने के बाद परिजनों ने छात्रा को स्कूल भेजा था। सोमवार को उसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों को सूचना दी गई थी। छात्रा को घर भेजा गया था। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि शव का अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद छात्रा के परिजन। ● अमृत विचार

खुलेआम बिक रहा तंबाकू-पान मसाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: नगर पालिका को पान मसाला बिक्री का लाइसेंस जारी करने का अधिकार नहींऔर खाद्य विभाग को शहर में दुकानों पर बिकनेवाले पान मसाला और गुटखे की जांच का अधिकार नही हैं। जबकि शासन ने एक दुकान पर पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। इस आशय का आदेश तीन माह पहले आया था लेकिन स्थानीय अफसर अधिकार नहीं होने की बात कह रहे हैं और जिले में शासन के आदेश का खुला उल्लघन हो रहा है। जिसे अफसर देखकर मौन हैं।

एक ही दुकान पर तंबाकू और पान मसाले की बिक्री पर सरकार ने एक जून से प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार द्वारा दिए आदेश को तीन माह का समय बीत चुका है। अब भी खुलेआम जिले में तंबाकू और पान मसाला की बिक्री हो रही है । खाद्य विभाग और नगर पालिका प्रशासन कार्रवाई के नाम पर पल्ला झाड़ रहे हैं। नगर पालिका के अधिकारी लाइसेंस न दिए जाने का अधिकार होने की बात कह रहे हैं। खाद्य विभाग के अफसर जांच का अधिकार न होने की बात कह कार्रवाई से पल्ला झाड़ रहे हैं। शहर के रोडवेज बस अड्डे, पुलिस लाइन चौराहा, रेलवे क्रासिंग, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, गांधी ग्राउंड, मुख्य बाजार में -बीड़ी के खोखे पर दुकानदार पान मसाला के साथ तंबाकू बेच रहे हैं।

लावेला चौक पर दुकान पर टंगे पान मसाला और तंबाकू के पाउच।

- शासन की ओर से एक दुकान पर पान मसाला और तंबाकू की ब्रिकी पर लगाया है प्रतिबंध
- तीन माह बाद भी स्थानीय स्तर पर नहीं हो रहा आदेश का पालन

एक साथ बिक्री पर है दो लाख का जुर्माना

सरकार के आदेशानुसार एक ही दुकान पर पान मसाला व तंबाकू पाउच बेचते पकड़े जाने पर पहले विक्रेता को नोटिस दिया जाएगा। फिर मुकदमा दर्ज करने के बाद सुनवाई की जाएगी। इसके बाद उसके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई होगी। जुर्माने में अधिकतम दो लाख रुपये तक का प्रावधान है।

खाद्य विभाग नहीं मानता तंबाकू को खाद्य उत्पाद

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग तंबाकू को खाद्य उत्पाद नहीं मानता है। जिला अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम में तंबाकू को खाद्य पदार्थ में दर्ज नहीं किया गया है। जिसकी वजह से तंबाकू की चेकिंग नहीं हो सकती। हां, पान मसाला को खाद्य पदार्थ की श्रेणी में रखा गया है। पान मसाला के सैंपल लिए जाएंगे।

पान मसाला और तंबाकू एक ही स्थान पर बिक रहे हैं। इसकी रोकथाम को आदेश दिए गए हैं। अगर आदेश का पालन नहीं हो रहा है तो विभागों से इसकी जानकारी की जाएगी। -**रेनू सिंह**, एडीएम प्रशासन

नगर पालिका द्वारा वेंडर लाइसेंस जारी किए का अधिकार नहीं है। लाइसेंस नारकोटिक्स विभाग द्वारा दिया जाता है। नगर पालिका के पास अधिकार न होने की वजह से प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। -**अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

धान की रोपाई को गया किशोर नलकूप में नहाते समय डूबा, मौत

मुजरिया ,अमृत विचार : धान की पौध की रोपाई करने पिता के साथ गए किशोर की राजकीय नलकूप के कुंइया में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक अपने पास न आने पर पिता ने कुंइया के पास जाकर देखा तो शव पानी में उतरा रहा था। पिता उसे कस्बा सहसवान के निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

मृतक राजा।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई निवासी राजा (14) गांव के जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। वह सोमवार को अपने पिता महिपाल के साथ धान की फसल की रोपाई करने गया था। महिपाल रोपाई करने लगे और राजा पास में ही राजकीय नलकूप संख्या 95 की कुंइया में घुसकर नहाने लगा। काफी देर तक राजा वापस नहीं आया तो महिपाल उसे देखने के लिए कुंइया पर पहुंचे। जहां राजा बेसुध मिला। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर हल्का लेखपाल सत्यपाल सिंह, सचिव भानु प्रताप सिंह गांव पहुंचे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession

पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309

कायचिकित्सा विभाग

शल्यतंत्र विभाग

पंचकर्म विभाग


कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग

शालाक्य तंत्र विभाग

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग

अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक

कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज

कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज

शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज

प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज

अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी

ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट

निः शुल्क परामर्श

उपलब्ध सुविधाये :-
❖ X-RAY, ❖ ULTRASOUND, ❖ BLOOD TEST, ❖ ECG

Bareilly International University

{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}

Excelled in CUET?
Join the Courses:

ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/

Courses Available

Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing

Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist

Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology

- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.

Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India

Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

My daughter's name is mentioned as Akshra Mishra in the school records. Where as her real name is Akshra. My daughter should be known and identified only by the name Akshra. **Vivek chandra mishra. Resident of IFFCO township aonla Bareilly.**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वही सं. 1 जिल्द सं. 5176 पृष्ठ सं. 323 से 358 पर क्रमांक 10117 पर दिनांक 05.09.2012 को मेरे पिता रामेश्वर दयाल के नाम सब रजिस्ट्रार कार्यालय बरेली में रजिस्ट्रीकृत है। उसकी मूल बैनामा की कॉपी वास्तव में खो गयी है। **प्रदीप शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर दयाल नि. लालपुर बरेली**

सूचना / सम्बन्ध विच्छेद

हमने अपने पुत्र मो0 शबाब को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण दिनांक 08.07.2024 को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमसे व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
जहूर अहमद पुत्र श्री अब्दुल रज्जाक, शावरा बी पत्नी जहूर अहमद निवासीगण-मोहल्ला मोहम्मदपुर हाल निवासी-मोहल्ला अलीशाह नगर शाहगढ़ कस्बा व तहसील बहेड़ी ,जिला बरेली।

सूचना

मैं अपने विवाहित पुत्र आकाश कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र स्व. श्री बद्रीप्रसाद निवासी सुभाषनगर, राजीव कॉलोनी, गली नं. 3 , जनपद बरेली**

सूचना

मेरी नानी स्व. श्रीमती वीना सक्सेना पत्नी रामकृष्ण ने दिनांक 04.05.2017 को एक मकान जो कि मोहल्ला माली में स्थित है जिसका रजिस्टर्ड वसीयतनामा मेरे हक में कर दिया था। जिसका रजिस्ट्रेशन नं. 59 है। मेरी नानी स्व. श्रीमती वीना सक्सेना की मृत्यु दिनांक 05.05.2018 को हो चुकी है। मैं इस मकान को अपने नाम स्थानान्तरण कराने के लिए नगर पंचायत फतेहगंज (पं.) में प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत फतेहगंज (पं.) द्वारा प्रकाशन कराया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति या पारिवारिक सदस्य को कोई आपत्ति करनी है तो प्रकाशन तिथि से 30 दिन के समय के अन्दर कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त मकान का रजिस्ट्रेशन मेरे नाम माना जायेगा। **सोनी शर्मा पुत्री श्री शिव कुमार शर्मा निवासी मो. शाही तहसील मीरगंज जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

बच्चे की मौत पर प्रधान पति व सचिव पर रिपोर्ट दर्ज

बदायूं, अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव सकरी कासिमपुर निवासी धर्मेंद्र का बेटा भानु प्रताप गांव के बच्चों के साथ खेल रहा था। प्रधान और सचिव द्वारा खुदवाए गए गड्ढे में भरे पानी में भानु प्रताप गिरकर डूब गया। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सर्राफ की दुकान से दो महिलाएं पकड़ी

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के सर्राफ बाजार में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र महाजन मंगलवार शाम ग्राहकों को आभूषण दिखा रहे थे। बुर्का पहनें दो महिलाएं बच्चों को लेकर उनकी दुकान पर आईं। उनके बेटे आयुष को पाजेब दिखाने को बोला। इसके बाद अंगूठी दिखाने को बोलीं। इसी दौरान महिलाओं ने चार जोड़ी पायल और सोने की दो अंगूठी पार कर लीं। और पसंद नहीं आने की बात कहकर जाने लगीं। आयुष ने आभूषण का वजन किया तो कम निकला। दोनों महिलाओं को पकड़कर तलाशी कराई। उनके पास से आभूषण बरामद हुए।

राहगीरों को मिलेगा आराम पालिका भरवाएगी गड्ढे

सड़क टूटकर हो चुकी है जर्जर, गहरे गड्ढों सें हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: वर्षों बाद वन विभाग रोड के दिन बहुरने वाले हैं। अब लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जल्द ही नगर पालिका इस रोड का जीर्णोद्धार कराएगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया रहा है। जिससे लोगों को गड्ढों भरे रास्ते पर चेलने से छुटकारा मिल सके।

डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के पास से राजकीय इंटर कॉलेज, वन विभाग कार्यालय होते हुए पुलिस लाइन को जाने वाली करीब 700 मीटर का रोड है। जो जगह-जगह से टूटा हुआ है। रोड टूटकर बिखर चुकी है। उसमें गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। बरसाल के दौरान रोड में बने गड्ढे तालाब का रूप धारण कर लेते हैं। रोड टूटा होने की वजह से लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इस रोड को बनाने के लिए

टूटी वन विभाग रोड से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों द्वारा कई बार डीएम के साथ जनप्रतिनिधियों से मांग की गई। परंतु आज तक सुनवाई न हो सकी। अभी हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को भी इस टूटे हुए रोड पर आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजकीय इंटर कॉलेज में बने परीक्षा के निरीक्षण को निकले सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी इस रोड से होकर गुजरी तब जाकर उन्हें रोड टूटे होने का अहसास हुआ। टूटे रोड पर उनकी गाड़ी हिचकोले खाते हुए निकली। परीक्षा गुजर जाने के बाद रोड के गड्ढे भरवाने के लिए प्रभारी ईओ ने पालिका कर्मचारियों को प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए हैं। जिसे बरसात के बाद ठीक कराया जाएगा।

> वन विभाग रोड काफी टूटा हुआ है। उसमें गहरे गहरे गड्ढे हैं। इस रोड की मरम्मत कराई जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। बरसात का मौसम गुजर जाने के बाद रोड के गड्ढे भरवाए जाएंगे। **-अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी ईओ नगर पालिका

दुकानदारों ने किया सड़कों पर कब्जा, निकलना हुआ मुश्किल

संवाददाता, उझानी

- **घंटो लगता है जाम, पालिका प्रशासन की लापरवाही से कष्ट झेल रहे लोग**

अमृत विचार : कस्बे के मुख्य बाजार से लेकर कई अन्य मोहल्लों में दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है जिससे स्कूली वाहन और एम्बुलेंस को भी निकलने को इंतजार करना पड़ता है। पालिका प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही करने को तैयार नही है जबकि अतिक्रमण के चलते कस्बे की सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं।

कस्बे में काफी समय से अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया गया है। जिसके कारण दुकानदार मनमानी पर उतर आए हैं। दुकानों का सामान सड़कों पर रखने से वाहनों के निकलने में दिक्कत हो रही है। यह स्थिति पूरे कस्बे में बनी हुयी है। अतिक्रमण की जद में पूरा कस्बा आ चुका है। पालिका की लापरवाही के चलते किसी सड़क पर वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। मेन रोड पर कस्बे में हर दिन जाम लगता है। जाम में स्कूली वाहन और एंबुलेंस भी फंस रही हैं। अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो रही हैं। दोपहर के समय जब स्कूलों की छुट्टी होती है तो स्कूली वाहन सड़क पर जाम में फंस जाते हैं।

कस्बे में जाम में फंसे स्कूली वाहन व अन्य। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

काली पट्टी बांधकर यूपीएस का किया विरोध

बिसौली, अमृत विचार : क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में आज नई पेंशन योजना का विरोध काली पट्टी बांधकर किया। शिक्षकों ने यूपीएस को अस्वीकार्य बताते हुए कहा यह योजना पेंशन के नाम पर छलावा हैं। यूपीएस योजना को शिक्षक किसी भी दशा में स्वीकार नहीं करेंगे। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आह्वान पर विरोध कार्यक्रम में अटेवा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा यूपीएस(यूनिफाइड पेंशन स्कीम)शिक्षक कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर छलावा हैं। विरोध करने वालों में डॉ. नरेश चंद्र गुप्ता, शहादत बख्श, राजकुमार शर्मा, नीरज चौहान, विप्लव भारती, राम अवतार शाक्य, अश्वनी शर्मा, अब्दुल शकील, यशपाल सिंह, आदि ने काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांध कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। यह विरोध छः सितम्बर तक चलता रहेगा। इधर त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर में भी मनोज कुमार गंगवार, दिनेश पाल सिंह, शिवकुमार, मनोज कुमार मौर्य, राहुल कुमार आदि शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर यूपीएस का विरोध किया।

अवैध वसूली करने वाले मीटर रीडर को हटाने को ज्ञापन

बिल्सीअमृत विचार : बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर मंगलवार को भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी के नेतृत्व में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिल्सी को सौपा।मंगलवार को एसडीएम बिल्सी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में मीटर रीडर सोहनपाल उर्फ़ सोनू बिजली उपभोक्ताओं से अबैध वसूली करता है। घूस न देने पर किसानों को बिजली चोरी में फ़साने व बिल गलत करने की धमकी देता है। कुछ किसानों से बिल सही कराने के नाम पर रूपए लिए गए, और कोई भी बिल जमा की रसीद नहीं दी है। इस सम्बन्ध में आज उपजिलाधिकारी से मिलकर अवैध वसूली करने वाले मीटर रीडर को बिल्सी से हटाने की मांग की गयी। भारतीय हलधर किसान यूनियन ने कहा कि यदि 9 सितम्बर तक उक्त मीटर रीडर को नहीं हटाया गया तो बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौक़े पर प्रदीप चौहान. अनूप राठौर, शैलेन्द्र शर्मा, अजित सिंह गुर्जर., पप्पू अल्वी, इस्लाम, नीरज अग्निहोत्री., उपेंद्र सिंह, नवाव यादव. सुबोध शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

देश विरोधी नारे लगाने का वीडियो वायरल

ओरछी, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक युवक तमंचे लहराते हुए हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में फिल्मी स्टाइल में एक युवक पीछे खड़े बच्चों का नेतृत्व कर रहा है। पहले हिन्दुस्तान मुर्दाबाद बोलता है बाद में पीछे खड़ी बच्चों की टीम बोलती है। वीडियो देखने से प्रतीत हो रहा है की वीडियो जंगल में शूट किया गया। वीडियो फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गए व्यापारी

नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल के मार्गदर्शन में मंगलवार को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस एवं 31 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को बधाई दी।मंगलवार को आयोजित 31 वां दिवस पर पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया कस्बा व क्षेत्र के सभी व्यापारियों को बधाई दी गयी। पदाधिकारियों से संगठन के साथ जुड़े रहने की और गरिमा बनाए रखने की अपील की गयी। संगठन में उत्साह के साथ काम करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के लगभग सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर अखिल व्यापार मंडल उद्योग के जिला अध्यक्ष सतपाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, नगर अध्यक्ष सचिन गुप्ता, बहजोई के नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, ओरछी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, अरशद अली आदि उपस्थित रहे।

बच्चों के लिए खो खो प्रतियोगिता का आयोजन

बदायूं, अमृत विचार : मदर एंथीना स्कूल में कक्षा 4 के विद्यार्थियों के लिए खो-खो का आयोजन किया गया। जिसमें के बालक वर्ग में कक्षा 4 स ने विजय हासिल की। बालिका वर्ग में कक्षा 4 स ने जीत हासिल की। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि विद्यार्थियों की अच्छी गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक खेतों में प्रतिभाग करना भी आवश्यक है। ताकि उन्हें मानसिक एवं शारीरिक स्फूर्ति और ऊर्जा के साथ विकास हो सके।

बाढ़ पर निगाह बनाए रखे अधिकारी, करते रहे भ्रमण

बदायूं, अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ राहत व बचाव कार्यों के संबंध में बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र पर निगाह बनाए रखने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी से बाढ़ संबंधी सूचना उपलब्ध कराने को कहा। कहा कि बाढ़ में लोगों को बचाने वाले गोताखोर आदि व्यक्तियों को सम्मानित किया जाए। बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर वैकल्पिक मोटरेबल मार्गों का भी चिन्हांकन कर लिया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने कहा कि ग्राम प्रधान व विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दामनी एप डाउन लोड़ करने को कहा। उन्होंने डीएम को बताया कि 136 किसानों को फसल नुकसान आदि के लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा, उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह, उप जिलाधिकारी दातागंज धर्मेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड उमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बीमा कंपनी को 47 हजार रुपये देने का आदेश

बदायूं, अमृत विचार : स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष काली चरन ने वादी को चोरी हुई बाइक की क्षतिपूर्ति के रूप मे विपक्षी आईसीआईसी आई लोंबार्ड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 47 हजार रुपए पाने का आदेश पारित किया। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला महाराज नगर निवासी श्रीओम गुप्ता के अनुसार वादी ने सहसवान निवासी रफीक से एक बाइक खरीदी थी। 8 नवंबर 2013 से 7 नवंबर 2014 तक वह बाइक बीमित थी। जिसकी किस्त अदा कर दी गई थी। वादी ने बाइक खरीदकर बीमा भी अपने नाम कराई थी। जो वादी के पक्ष मे प्रभावी हो गई। 17 जनवरी 2014 को वादी की बाइक जिला अस्पताल से चोरी हो गई थी। वादी ने कंपनी से बीमा होने के बाद धनराशी प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। जिसको कंपनी ने खारिज कर दिया। तब वादी ने स्थाई लोक अदालत मे क्षति पूर्ति के लिए वाद दायर किया। जिसपर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष और सदस्यों ने वादी के अधिवक्ता और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद वादी के वाद को स्वीकार किया। विपक्षी आईसीआईसीआई लोंबार्ड इंश्योरेंस कंपनी को वादी की बाइक के बीमा के 32 हजार रुपये, वाद खर्च के पांच हजार रुपये और मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रुपये समेत 47 हजार देने का आदेश दिया है।

जहांगीर अली अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी चुने गए नगर महामंत्री

सहसवान, अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जमशेद अली के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई जिसमें तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए जहांगीर अली को नगर अध्यक्ष, मोहित माहेश्वरी को नगर महामंत्री, मो. जुनैद को नगर कोषाध्यक्ष एवं शैलेश कुमार को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष जहांगीर अली ने कहा कि नए जोश नई ऊर्जा के साथ इकाई का 15 दिन में गठन कर जिला नेतृत्व को सूची भेज दी जाएगी। प्रदेश संगठन मंत्री सर्वेश गुप्ता, सहसवान विधानसभा प्रभारी कृष्णावतार शर्मा, सह प्रभारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय, मनोज माहेश्वरी, शमी उल्ला अदनान, अनुभव माहेश्वरी, राधेश्याम प्रजापति, शादाब हुसैन, अनुराग माहेश्वरी, तनवीर हुसैन, शरीफ अहमद, जाकिर अली आदि मौजूद रहे।

सपा की नीतियों से छात्रों को कराया अवगत

बदायूं, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जागरूकता अभियान नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय में किया गया। छात्रों के बीच पर्चा वितरण किया गया। छात्र, छात्राओं को समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। यूथ प्रभारी राष्ट्रीय सचिव मुलायम यूथ ब्रिगेड अली अल्वी ने कहा कि फीस वृद्धि छात्रों के लिए बहुत बड़ा चिंता का विषय है। नये विश्व विद्यालयों, महाविद्यालय एवं पुस्तकालय का निर्माण बड़े स्तर पर होना चाहिए, मुफ्त पढ़ाई लोक हितकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा सरकार का दायित्व एवं जनता का अधिकार है। सरकार किसी को रोजगार नहीं दे पा रही है। चौ. नरोत्तम सिंह यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, जाहिद गाजी जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, वीरेंद्र जाटव जिलाध्यक्ष युथ बिग्रेड ने विचार रखे। रवि सागर जिला उपाध्यक्ष छात्र सभा, जीशान फारुकी, चौधरी फैजान राइन, शब्बू खान, युनुस अल्वी, मोहम्मद सलमान, अमन यादव, शारिक खान, शिवा कन्नौजिया, सतेंद्र यादव, रमेश बाबू, आदिल, अकील गाजी, आमेश गाजी, शोहल राइन, मो. ताहिर, गौरव राठौर, गंगा सिंह, आदि लोग रहे।

कोर्ट ने भेजी डीजीपी, गृह सचिव को आदेश की प्रति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **तत्कालीन एसएसपी और सीओ सहसवान पर कार्रवाई का दिया आदेश**
- **एक विवेचक ने मामले में चार्जशीट लगाई तो दूसरे विवेचक ने एफआर लगा दी थी**

अमृत विचार : एससीएसटी कोर्ट की विशेष न्यायाधीश रिंकू जिंदल ने साल 2018 के एक मामले में विधि विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में तत्कालीन एसएसपी और तत्कालीन सहसवान सीओ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीजीपी, गृह सचिव को आदेश की प्रति भेजी है।

थाना इस्लामनगर निवासी अतर सिंह ने शिव शंकर कश्यप आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें विवेचक ने आरोप पत्र संख्या 180/2018 न्यायालय में प्रेषित किया। वहीं दूसरे विवेचक ने एफआर लगा दी। वादी ने फिर से विवेचना कराने को न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। यह भी पूछा कि पहले जो आरोप पत्र लगाया वह सही है या बाद में विवेचना में एफआर की कार्रवाई सही है। तत्कालीन सीओ सहसवान मुन्ना लाल ने 8 सितंबर 2018 को एसएसपी को आरोप पत्र निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। तत्कालीन एसएसपी ने 14 दिसंबर 2018 को आरोप पत्र पर कैंसल लिखकर निरस्त कर दिया। इसके बाद अंतिम रिपोर्ट संख्या 185/2018 प्रेषित कर विवेचना समाप्त कर दी गई। जबकि दंड प्रक्रिया सहिंता में मात्र कैंसल लिखकर निरस्त करने का कोई प्रावधान नहीं है।

न्यायाधीश ने अंतिम आख्या निरस्त कर अभियुक्त शिव शंकर, राजीव, संजीव पर्व व रमेश सैनी को सीधे तलब कर लिया और तत्कालीन एसएसपी और सीओ के खिलाफ कार्रवाई को लिखा कि प्रथम दृष्टया साक्ष्य होने के बावजूद आरोप पत्र भेजने के बाद भी बिना किसी प्रावधान के आरोप पत्र निरस्त कर दिया गया। उनका यह कार्य विधिक प्रावधानों के खिलाफ और अभियुक्तों को अनुचित लाभ दिया जाना दर्शाता है।

कचहरी रोड पर प्राइवेट बसों से लग रहा जाम

डीएम का आदेश बेअसर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **धड़ल्ले से कचहरी रोड पर हो रहा प्राइवेट बसों का आवागमन**
- **लालपुल और पुलिस लाइन चौराहे पर यातायात पुलिस बनी मूकदर्शक**

अमृत विचार: शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दिए गए डीएम का आदेश बेअसर हो गया। प्राइवेट और स्थानीय रोडवेज डिपो की बसों का कचहरी रोड से लालपुल होते हुए संचालन हो रहा है। इस रुट से गुजरने वाले वाहनों को रोकने के स्थान पर लालपुल और पुलिस लाइन चौराहे पर तैनात पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। हालांकि बाहरी डिपो की बसों को मेडिकल कॉलेज पर रोककर यातायात पुलिस और रोडवेज निगम के अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जबकि डीएम ने कचहरी से लालपुल होते हुए किसी भी बड़े वाहन के संचालन पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

डीएम निधि श्रीवास्तव ने लोगों को शहर के अंदर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नया रुट डायवर्जन प्लान लागू किया है। बाहरी डिपो के साथ स्थानीय और अन्य बड़े वाहनों का प्रवेश कचहरी से लालपुल के लिए प्रतिबंध कर दिया है। सहसवान, कासगंज, आगरा और बिल्सी की ओर से आने वाले वाहनों को पटेल चौक होते हुए गुजारे जाने का आदेश दिया है। दो दिनों तक यह आदेश प्रभावी रहा। लेकिन तीसरे दिन ही परिवहन विभाग के अधिकारियों ने उनके आदेश को हवा में उड़ा दिया। मंगलवार को स्थानीय रोडवेज डिपो की बसों के साथ ही प्राइवेट बसों का संचालन कचहरी होते हुए लालपुल रोड पर दिनभर होता रहा। जिसकी वजह से कचहरी पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि बाहरी डिपो से आने वाली रोडवेज बसों को मेडिकल कॉलेज पर रोका जा रहा है। परंतु यातायात पुलिस और रोडवेज अधिकारी स्थानीय डिपो की बसों पर रुट डायवर्जन प्लान लागू नहीं कर पा रहे हैं। यातायात पुलिस स्थानीय डिपो की बसों के साथ-साथ प्राइवेट बसों कचहरी से लालपुल रोड पर जाने से नहीं रोक पा रहे हैं। रोडवेज अफसरों का कहना है कि उनकी डिपो की कोई बस लालपुल होकर नहीं गुजर रही। वहीं यातायात पुलिस के अधिकारी कह रहे कि बाहरी डिपो की बसों को रोकने के अलावा अन्य किसी वाहन को रोकने का आदेश उनके पास नहीं है।

यातायात पुलिस के सामने कचहरी रोड से गुजरती प्राइवेट बस।

> हमने सभी चालक और परिचालकों को पटेल चौक होते हुए बसों के आवागमन को लेकर आदेश दिया है। कोई बस लालपुल होकर नहीं जा रही है। अगर कचहरी लालपुल होकर बस गुजर रही है उसे रोकने का काम यातायात पुलिस का है। **-अजय कुमार सिंह**, एआरएम रोडवेज डिपो

> बाहरी डिपो की बसों को मेडिकल कॉलेज पर रोका जा रहा है। कचहरी और लालपुल से रोड से कोई प्राइवेट बस या बडे वाहन का संचालन हो रहा है तो इसे रोकने का आदेश नहीं है। स्थानीय रोडवेज बसों को रोकने का काम भी रोडवेज डिपो के अधिकारियों का है। **-रामसेवक**, यातायात पुलिस प्रभारी

सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक लगी है रोक

डीएम ने परिवहन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुबह आठ से शाम आठ बजे तक कचहरी से लालपुल रोड पर किसी भी बड़े वाहन का संचालन न होने पर उन्हें डायवर्जन प्लान के तहत निर्धारित रुट से गुजारा जाए। इसके बाद भी यातायात पुलिस और रोडवेज निगम डीएम के आदेश का पालन नहीं करा पा रहे हैं। यहां तक बस स्टैंड पर आने वाली बाहरी डिपो की बसों को भी रोडवेज डिपो के कर्मचारी बस स्टैंड परिसर में खड़ा कराने में नाकाम रहे हैं। जो कर्मचारी पहले दिन बस को बस स्टैंड परिसर में खड़ा कराने के लिए सक्रिय नजर आ रहे थे वह आराम फरमाते हुए दिख रहे हैं।

बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बेटी के नामकरण संस्कार में ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक को दूसरी बाइक से हुई टक्कर के बाद उसे घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात युवक की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवतीपुर मढ़ैया निवासी बबलू (25) पुत्र राजाराम की ससुराल में उनकी बेटी के नामकरण संस्कार का कार्यक्रम रखा गया था। बबलू 20 जुलाई को बाइक से अपनी ससुराल जा रहे थे। कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव डहरपुर कलां के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बबलू सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन उसे सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां भी आराम न मिलने पर परिजनों ने फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार को बबलू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन।

मृतक बबलू।

- **20 जुलाई को गांव डहरपुर कलां के पास हुआ था हादसा**

नाले की सफाई में बरती लापरवाही, चेयरमैन ने रोका वेतन

बदायूं, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रजा ने शहर में जलभराव और नालों की सफाई में लापरवाही बरतने पर मुख्य स्वच्छ खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तैयब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजीव मलिक और सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है।

चेयरमैन फात्मा रजा ने कहा है कि सफाई निरीक्षक को कश्मीरी चौक से छह सड़का मार्ग आदि पर जलभराव की स्थिति को देखते हुए नालों की सफाई के प्रभारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सफाई कर्मियों ने मोहल्ला पनवाड़ी स्थित नाले पर बने स्लैब को तोड़ा लेकिन वहां सिर्फ एक बार कूड़ा व शिल्ट निकालकर वहीं छोड़ दिया।

दुकानों का किराया बढ़ाने का विरोध, चेयरमैन से मिले व्यापारी

नगर पालिका चेयरमैन से बात करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : नगरपालिका की दुकानों के बढ़ किराए को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू, नगर अध्यक्ष जहांगीर अली, संरक्षक जमशेद अली प्रदेश संगठन मंत्री सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल सहसवान नगर पालिका चेयरमैन मीर हादी बाबर मियां से मिला और अपना पक्ष रखा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि किराया बढ़ाना अनुचित है। बढ़े किराए से छोटे तबके के व्यापारियों पर विपरीत असर पड़ेगा। सरंक्षक जमशेद अली ने कहा कि अकारण किराया बढ़ाना अनुचित है। चेयरमैन व्यापारियों के समस्याओं का निदान करें। सर्वेश गुप्ता ने कहा कि किराया वापस नहीं हुआ तो संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा।

नदी तालाबों में गिरने वाले नालों की तैयार होगी डीपीआर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अधिकारियों को गांवों में बने गंगा चबूतरों का सत्यापन करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा है कि नदी और तालाबों में गिरने वाले तालाबों की डीपीआर बीस दिन में तैयार कर प्रस्तुत करें। वर्ष 2022-23 के दौरान गंगा एक्शन प्लान के तहत 41 ग्रामों में गंगा चबूतरा बनाए गए थे।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र के तालाबों की साफ सफाई कराने के आदेश दिए। डीएम के संज्ञान में आया कि जनपद के 39 विभागों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराया जाना है। जिनमें से आठ का टेंडर हो चुका है। जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि जनपद में गंगा किनारे के 67 राजस्व ग्राम चिन्हित हैं। वर्ष 2022-23 की गंगा एक्शन प्लान में 41 ग्रामों को चिन्हित किया गया था, जहां पर गंगा चबूतरों को बनवाया गया था। महाकुंभ 2025 के लिए नदी किनारे के गांव में अपशिष्ट प्रबंधन व गंगा में कोई भी सीवेज प्रवाहित न हो।

सांप पकड़ने में हादसा | डॉक्टर की टेबल पर रखकर बोला- इसी ने डस लिया, 10 इंजेक्शन लगाने पड़े

सांप ने डसा तो बोरी में बंद कर अस्पताल पहुंचा युवक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कोतवाली में निकले सांप को पकड़ने के दौरान हाथ में कई जगह डसा**
- **पुलिस कर्मी उसे जिला अस्पताल ले गए, बाद में बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया**

अमृत विचार: बदायूं कोतवाली में सांप पकड़ने की कोशिश में एक युवक को सांप ने डस लिया। युवक ने उसे बोरी में बंद किया और जिला अस्पताल पहुंचा। वहां टेबल पर बोरी में बंद सांप रख दिया। डॉक्टर और स्टाफ ने बोरी खोल कर भीतर झांका तो कांप गए। सांप कॉमन करैत था, जिसे सबसे जहरीला बताया जाता है। तुरंत डॉक्टरों ने युवक का इलाज शुरू किया। एक के बाद एक 10 एंटी वेनम इंजेक्शन दिए। तब जाकर उसकी हालत कुछ स्थिर हुई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी अरविंद दिवाकर कोतवाली परिसर में कपड़ों पर प्रेस करता है। सोमवार देर शाम अरविंद प्रेस कर रहा था। इसी दौरान कोतवाली में एक सांप निकल आया। महिला सिपाही चिल्लाई तो पुलिसकर्मी इधर-उधर भागने लगे। वन विभाग को सूचना देने लगे। अरविंद वहां पहुंचा और कहा कि वह सांप पकड़ लेता है। एक बोरी लेकर अरविंद सांप पकड़ने लगा। इसी दौरान सांप ने उसके हाथ पर कई जगह डस लिया। हालांकि अरविंद ने सांप को बोरी में बंद कर लिया। पुलिसकर्मी युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अरविंद ने बोरी डॉ. नितिन सिंह के सामने मेज पर रख दी और बोला कि यह देखा डॉक्टर साहब इसी सांप ने मुझे डसा है। डॉक्टर और स्टाफ ने देखा तो घबरा गए।

डॉक्टर ने तुरंत उसका इलाज शुरू किया और 10 एंटी वेनम इंजेक्शन लगाए। उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ तो परिजन राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां से देर रात युवक को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने बताया कि सांप कॉमन करैत है जो बहुत जहरीला होता है। उसे जंगल में छोड़ दिया गया है।

शहर में आज

- शहर के मुहल्ला अशोक नगर में भीम आर्मी पार्टी की बैठक दोपहर दो बजे से।
- सोरों तीर्थ नगरी के श्री वराह भगवान मंदिर पर माह आरती का आयोजन 6 :30 बजे से।
- भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान बैठक जिला कार्यालय पर शाम तीन बजे से।
- राजकीय डिग्री कॉलेज नोरथा में पौधरोपण कार्यक्रम सुबह दस बजे से।

एक नजर

महिला के साथ मारपीट छेड़छाड़ का आरोप

गंजडुंडवारा, अमृत विचार :कस्बा गंजडुंडवारा में महिला ने छेड़छाड़ करने और मारपीट का आरोप चार नामजदों पर लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कस्बा निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर दी कि वह सोमवार शाम पशु चराने मोहनपुर रोड स्थित ईदगाह के पास गई थी। वहां बैठे रफीक, ताहिर, नईम व नूरा ने उसे गलत इरादे से पकड लिया। विरोध करने पर मारपीट की और जातिसूचक टिप्पणी एवं गाली गलौच करने लगे। इस दौरान राहगीर को आता देख यह लोग भाग गए। वह चोटिल भी हो गई। प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार ने बताया महिला की तहरीर के आधार पर नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में संगीत कार्यक्रम

कासगंज : पटियाली नगर के बाईपास रोड स्थित सेंट के एम इंटर कॉलेज में 5 दिसंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सुपरस्टार सिंगर कुमारी खुशी नागर का कार्यक्रम होगा। विद्यालय प्रबंधक श्याम किशोर गौर ने बताया कि छात्र-छात्राओं की विशेष इच्छा को देखते हुए खुशी नागर को आमंत्रित किया गया है।

युवक को सर्प ने डसा, मौत

कासगंज, अमृत विचार : सोरों कोतवाली क्षेत्र के हरनाथपुर गांव निवासी 32 वर्षीय ज्ञानसिंह पुत्र पूरन सिंह सोमवार की सुबह खेत पर घास कटाने के लिए गया हुआ था। घास काटते समय सर्प ने उसके बाएं हाथ में दंश मार दिया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अलीगढ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया था। ले जाते वक्त ज्ञान सिंह की मौत हो गई। मृतक पर दो बच्चे हैं। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कम नहीं हो रहा रोगों का सितम, लग रहीं कतारें

सुबह से ही सरकारी और निजी अस्पतालों में लग जाती है रोगियों की भीड़, बच्चे वायरल से प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: कभी बारिश कभी धूप कभी उमस से मौसम में परिवर्तन है। मरीजों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है। इन दिनों बुखार और सांस के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी में 1400 मरीजों ने पर्चे बनवाए। पर्चे बनवाने के लिए मरीजों और तीमारदारों की कतारें लगी रहीं। इधर तीमारदार बच्चों को लेकर बाल रोग विशेषज्ञों के पास पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकतर बच्चों में डायरिया के लक्षण मिल रहे हैं।

मंगलवार को सुबह से ही जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। अस्पताल में बुखार से पीड़ित 400 मरीजों को जांच के बाद दवा मुहैया कराई गई। काउंटर पर पर्चे बनाए जाने का काम कर्मचारियों ने एक बजे बंद किया। इसके बाद भी चिकित्सकों के पास ढाई बजे तक मरीजों की भीड़ बनी रही। मंगलवार को 1400 नए मरीजों ने पर्चे बनवाए। इनमें बुखार के 400 मरीज, 80 मरीज डायरिया के और 65 सांस के मरीज थे। अन्य मरीज सर्दी-जुकाम के थे। वरिष्ठ परामर्शदाता डा. आनंद स्वरूप ने बताया कि लोगों के सावधानी न बरतने से उन्हें बीमारियां चपेट में ले रही हैं। मौसमी बुखार से मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मौसम में परिवर्तन और मच्छरों के चलते लोग बीमार हो रहे हैं।मौसम में बदलाव आने से बीमारियां बच्चों को अपनी चपेट में ले रहीं हैं। मंगलवार को बाल रोग विशेषज्ञ के कक्ष के बाहर माता-पिता गीमार बच्चों को लेकर खड़े थे। चिकित्सक बच्चों की जांच करा रहे थे। वायरल के अलावा कई बच्चों में डायरिया के लक्षण थे। माता-पिता से सावधानी बरतने को कहा जा रहा था।

मरीजों का परीक्षण करते डाक्टर। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतारें। ● अमृत विचार

- सर्दी-जुकाम, बुखार और सांस के रोगियों की बढ़ी संख्या

डॉक्टरों ने दी ये सलाह

बाल रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश कुमार ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को अधिक देखभाल की जरूरत है। तीन साल तक के बच्चों की देखभाल बहुत जरूरी है। बिना चिकित्सक की सलाह के बच्चों को दवा न दें।सीएमएस के डा. संजीव सक्सेना ने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए चिकित्सकों और स्टाफ के साथ बैठक कर निर्देश दिए जा रहे हैं। मरीजों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

दुकान का शटर काटकर शराब की 42 पेटियां चोरी

संवाददाता, सहावर

अमृत विचार: शराब की दुकान का शटर काटकर चोर 42 पेटी शराब लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। दुकान स्वामी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की है।

थाना सहावर क्षेत्र के बेहटा चौराहे पर देशी शराब की दुकान है। सोमवार की शाम सेल्समैन दुकान बंद करके घर चला गया था। मंगलवार की सुबह शराब की दुकान का शटर टूटा हुआ देख लोगों ने जानकारी ठेका संचालक को दी । दुकान स्वामी रामादेवी का बेटा नरेंद्र दुकान पर पहुंचा। पुलिस ने दुकान का मौका मुआयना किया और स्थानीय लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। नरेंद्र ने बताया कि दुकान से चोर 42 पेटी देशी शराब की निकाल कर ले गए हैं। चोर कैश भी निकाल कर ले गए। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया दुकान स्वामी के बेटे की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

देशी शराब की दुकान का टूटा शटर।

तुलसी स्मारक का निर्माण अधर में, आक्रोश जताया

डीएम को ज्ञापन देने जाते तुलसी आरती मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों जी

- तुलसी आरती मंडल ने डीएम को दिया ज्ञापन

अमृत विचार: तीर्थनगरी सोरों में तुलसीदास के स्मारक का निर्माण आधा अधूरा पड़ा है। अनदेखी की जा रही है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। तुलसी आरती मंडल के पदाधिकारीयों ने नाराजगी जताकर कार्रवाई की मांग उठाई है। साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी मेधा रूपम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि चाहरदीवारी सिर्फ दो फुट की बनाई गई है। जिससे छोटे बच्चों का गंगा में गिरने का डर बना रहता है। चाहरदीवारी और छत के बीच का रास्ता खाली रखा गया है जिससे बंदरों का डर है। यहां जाल लगाना चाहिए। ठेकेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और मनमानी की जा रही है। चाहरदीवारी से छत तक मजबूत जाल बनाने के साथ ही बेहतर उपाए किए जाने चाहिए। तुलसी स्मारक के सेवादार मानविंदर गिरी, पंडित उमेश पाठक, केशव महेरे, अभिषेक वशिष्ट ने ज्ञापन दिया।

एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कासगंज : यूपीडास्प कासगंज द्वारा संचालित नमामि गंगे ईओएफसी जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत विकासखंड सोरों के ग्राम तारापुर नसीर और सलेमपुर-1 मकसुदाबाद में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को हरी खाद लगाने के फायदे, प्रोत्साहन राशि (डीबीटी) के, जीवामृत,बीजामृत,वेस्ट डी कंपोजर, निमास्त्र,आदि जैविक इनपुट को बनाने व उसके प्रयोग करने करने की विधि को बताया व जैविक प्रमाणीकरण के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञ रिजवान हुसैन, ईकोआ के दीपक कुमार, एलआरपी सचित गुप्ता व समूह संयोजक राम प्रकाश, राम प्रकाश गोकुल सहित समूह के कृषक उपस्थित रहे।

पॉपकार्न मेंकिग मशीन के लिए करें आवेदन

कासगंज, अमृत विचार : भुर्जी समाज के कारीगरों एवं पॉपकार्न उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को पॉपकार्न मेंकिग मशीन वितरण के लिए चयन किया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र सम्बन्धित प्रपत्र सहित यथाशीघ्र ऑनलाइन अपलोड कराने एवं इस कार्यालय से किसी भी परेशानी होने पर सम्पर्क कर सकते हैं।आवेदन की अन्तिम तिथि 10 सितम्बर है।

विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांगों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अधिकारों को लेकर हुंकार भरी। उन्होंने डीएम के माध्यम से तीन सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजकर मांगें पूरी किए जाने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में आमरण अनशन और सर का मुंडन कराकर आंदोलन की चेतावनी दी।

विभिन्न मांगों को लेकर मुगलवार को दिव्यांगों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी मेधा रूपम के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए तीन सूत्रीय ज्ञापन में कहा कि गत दिनों समिति के अध्यक्ष पर लगाया गए आरोपों की जांच एडीएम द्वारा की गई थी। आख्या रिपोर्ट भी जिलाधिकारी को भेजी गई।उस मामले में आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तत्काल कार्रवाई की जाए। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी का चार्ज ग्राम उद्योग अधिकारी को दे दिया गया है। चार्ज एसडीएम को दिया जाए। जन सूचना के तहत उन्हें जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर समाधान करने का भरोसा दिया है।

समिति के अध्यक्ष कुलदीप निभेरिया ने कहा कि मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो पहले गांधीवादी अनशन करेंगे। इसके बावजूद भी सुनवाई नहीं हुई तो मुंडन करा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। विष्णु कुमार, संतोष कुमार, हेमंत काली, विमला देवी, ज्ञान देवी, राजीव कुमार, धर्मपाल, सरिता, जसवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, अभी, निशा सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते श्री वराह जनसेवा दिव्यांग समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
- श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति के सदस्यों ने सिर मुंडवाकर अनशन की दी चेतावनी

जिलाधिकारी मेधा रूपम को ज्ञापन देते श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति के पदाधिकारी।

दिव्यांग बच्चों को दिए जाएंगे निःशुल्क उपकरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बेसिक शिक्षा विभाग ने की उपकरण वितरण की तैयारी

अमृत विचार: बच्चों में शिक्षण कार्य के बीच दिव्यांगता बाधा नहीं बनेगी। विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपकरण वितरण किए जायेंगे। इसके लिए तिथि और समय निर्धारित कर दिया गया है। विकास खंड बार शिविर लगाकर उपकरण वितरण किए जायेंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार पीएमश्री योजना के अंर्तगत चयनित विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों के लिए उपकरण दिए जाने हैं। मापन के लिए अभिभावकों को चार फोटो और दिव्यांग पत्र प्रस्तुत करना होगा। एल्मिको कानपुर की टीम विद्यार्थियों का परीक्षण करेंगी। कासगंज विकास खंड में पीएमश्री योजना के तहत चयनित विद्यालय नदरई, जीजीआईसी, अमांपुर के प्राथमिक विद्यालय नादरमई, गंजडुंडवारा के अलापुर, वमनपुरा, सहावर के खितौली, वहापुर, सिढपुरा के बल्हारपुर, उतरना, सोरों के हुसैनपुर, भूपाल गढी, पटियाली के विलावास, रम्पुरा में दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण किए जायेंगे। अमांपुर कासगंज और सोरों ब्लॉक के विद्यार्थियों का परीक्षण नौ सितम्बर जबकि गंजडुंडवारा, पटियाली, सहावर और पटियाली के विद्यार्थियों को परीक्षण दस सितम्बर को गंजडुंडवारा बीआरसी पर होगा।

> कासगंज बीआरसी पर तीन ब्लॉक, गंजडुंडवारा बीआरसी पर चार ब्लॉक का परीक्षण किया जाना है। व्यवस्था जिला समन्वयक बीरेंद्र सिंह देखेंगे। संबंधित खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। -**सूर्य प्रताप सिंह**, बीएसए।

सपा प्रवक्ता ने दी तहरीर, जान से मारने की साजिश का आरोप

पटियाली ,अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पटियाली थाना पुलिस को चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप लगाया लोकसभा चुनाव को लेकर चार लोगों ने घेर कर जान से मारने की योजना बनाई थी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले पटियाली से धुमरी मार्ग पर सबमर्सिबिल के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए चार लोग उन्हें जान से मारने की योजना बना रहे थे। वहां उनका परिचित व्यक्ति भी पहुंच गया। उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और मैं वहां रास्ता बदल कर निकल आया। उन्होंने तहरीर देकर पुलिस से जांच पड़ताल कर सुरक्षा व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। अब्दुल हफीज गांधी ने बताया कि पूरा परिवार दहशत है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया।

व्यवस्थित नहीं विद्युत आपूर्ति, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

अमृत विचार: पटियाली तहसील क्षेत्र के गांव नगला नरपत और मजरा सनौढी खास की दलित बस्तियों में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं है। समस्या समाधान की मांग को लेकर बसपा ने डीएम को ज्ञापन दिया है। विद्युत निगम के अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप है।

जिलाधिकारी मेधा रूपम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगला नरपत में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, लेकिन दलित बस्ती में विकास नहीं हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या विद्युत आपूर्ति की है। यहां बिजली के खंबे तक नहीं लगाए गए हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन विद्युत निगम के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। एसडीएम ने भी विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। उसका भी कोई असर नहीं हुआ। डीएम को ज्ञापन देने वालों में बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना, कमल कुमार बौद्ध, शांति स्वरुप कश्यप, ललित कुमार, विकास बाबू, राजकपूर बौद्ध, रुम सिंह, विशाल कुमार, आशीष कुमार, सरिता सिंह, बासूदेव, किशनपाल, बीरेंद्र, कुंवरपाल, प्रेमचंद्र, सुधीर, अशोक आदि प्रमुख है।

डीएम मेधा रूपम को ज्ञापन देते बसपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ओवर स्पीड टैंकर आपस में टकराए ,चालक घायल

कासगंज,अमृत विचार : कासगंज बरेली ओवर स्पीड तीन टैंकर आपस में भिड़ गए। तीनों चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकरों को कब्जा में लिया है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पीलीभीत से एथेनॉल लेकर पांच टैंकर मथुरा की रिफाइनरी गए थे। मथुरा से एथेनॉल खाली करने के बाद टैंकर चालक टैंकर लेकर पीलीभीत जा रहे थे। जल्दी पहुंचने के चक्कर में टेंकरों को तेज रफ्तार से चला रहे थे। इसी के चलते तीनों टैंकर आपस में भिड गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड मौक़े पर पहुंची। हरदोई का रहने वाला टेंकर चालक राहुल केबिन में फंस गया। उसे काफी मशक्कत के बाद निकाला गया और इलाज़ के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोरखपुर निवासी ड्राइवर इज़्राफिल मुनीब तथा हरदोई निवासी तुलसीदास को हल्की चोट आई।

सड़क किनारे पड़ा मिला घायल वृद्ध डॉक्टर ने जांच के बाद बताया मृत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- वृद्ध की नहीं हो सकी शिनाख्त पोस्टमार्टम गृह में रखवाया शव

अमृत विचार:कासगंज सिकंद्रराऊ मार्ग पर एक वृद्ध घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा था। पुलिस घायल वृद्ध को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है।

ढोलना थाना क्षेत्र के मारुपुर मैंमडी के समीप मथुरा-बरेली मार्ग पर एक वृद्ध मंगलवार की सुबह घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा तड़प रहा था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ढोलना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल वृद्ध को एम्बुलेंस में लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वृद्ध की शिनाख्त कराने के प्रयास किए लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी।इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि मृतक सफेद कलर की शर्ट और खाकी पैंट पहने है। शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम गृह पर 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

आईटीआई बरकुआ में रोजगार मेला 12 को

कासगंज : सूरज पाल सिंह प्राईवेट आईटीआई बरकुला में रोजगार मेले का आयोजन 12 सितम्बर को प्रात : 10 : बजे से किया जायेगा। विभिन्न कम्पनियां लगभग 150 रिक्त पदों पर 18 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित करेंगी। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी एस मित्तल ने बताया रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी पोर्टल वेब पर अपना पंजीकरण कर रिज्यूम, पंजीयन कार्ड एक्स 10 समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति व मूल प्रति, आधार कार्ड एवं दो फोटो साथ लेकर पहुंचे।

बदहाली | बेसिक शिक्षा विभाग ने कनेक्शन लगवाने के लिए मार्च माह में ही भेज दी थी धनराशि

12 विद्यालयों के बच्चों को बिना बिजली-पंखा काटनी पड़ी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: जिला बेसिक शिक्षा के अंतर्गत जिले में 1263 विद्यालय में 12 विद्यालय ऐसे हैं जहां गर्मी में भी बच्चे बिना बत्ती पंखे के पढ़ रहे हैं। बीएसए और विद्युत विभाग की लापरवाही से इन विद्यालय में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं हो सका है। विद्युत विभाग ने धनराशि पहुंचने के बाद भी कनेक्शन नहीं किया।

कासगंज जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालय 1263 संचालित है। जिनमें से 12 विद्यालय विद्युत कनेक्शन से वंचित है। हालांकि शासन से स्कूलों के लिए वित्तीय वर्ष 2023- 24 में बजट जारी होता रहा है। विभाग का दावा है कि विद्युत विभाग ने जिस तरह से एस्टीमेट बनाकर भेजा था उसके अनुसार कनेक्शन करने के लिए मार्च माह में ही धनराशि आवंटित कर दी थी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

यह विद्यालय हैं बिना विद्युतीकरण के

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनेशपुर भाटान, गंजडुंडवारा
उच्च प्राथमिक विद्यालय थरा चीथरा अमांपुर।
प्राथमिक विद्यालय गाड़ी ढकपुरा पटियाली
प्राथमिक विद्यालय लाल बाग भरगैन, पटियाली।
उच्च प्राथमिक विद्यालय परतापुर, पटियाली।
प्राथमिक विद्यालय प्रथम बिलराम, कासगंज।
उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरपुर,सोरों।
प्राथमिक विद्यालय खडेरी पुख्ता, सोरों।
उच्च प्राथमिक विद्यालय बहेड़िया सोरों।
प्राथमिक विद्यालय काइयों सहावर।
उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगवां चहका।
उच्च प्राथमिक विद्यालय हरसैना सोरों।

धनराशि पहुंचने के बाद विभाग ने नहीं किया कनेक्शन

बेसिक शिक्षा विभाग के मुताबिक 12 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन के लिए 10 लाख 40 हजार रुपये विद्युत विभाग के खाते में मार्च माह में ही भेज दिया था, लेकिन अभी तक विद्युत विभाग ने कनेक्शन नहीं किया है। विद्यार्थी बिना बत्ती और पंखे की पढ़ाई करने को मजबूर हो रहे हैं।

> परिषदीय विद्यालयों में कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के हिसाब से पैसा मार्च माह में ही जमा करा दिया था, लेकिन विद्यालयों में छह माह बाद भी कनेक्शन नहीं हो सके हैं। मामले को जिलाधिकारी ने भी संज्ञान में लिया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से नाराजगी जताई है। कई बार विद्युत विभाग के लिए रिमांडर भेजा गया है। यह विद्युत विभाग की लापरवाही। -**सूर्यप्रताप सिंह, बीएसए।**

> कुछ विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिन विद्यालय में अभी तक कनेक्शन नहीं हुए हैं। 15 दिन के अंदर विद्युत सप्लाई विद्यालयों में शुरू कर दी जाएगी।
> -**अजय सविता**, अधिशाषी अभियंता, ग्रामीण।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार को रोकने की मांग की गई है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहा है। मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। लूटपाट की जा रही है। मां-बहनों की इज्जत तार- तार हो रही है। हिन्दू समाज हमेशा से ही पूरे विश्व में अपनी सहनशीलता के लिए जाना जाता है, लेकिन ऐसे समाज के लोगों पर बेरहमी से अत्याचार हो रहा है। यह काफी चिंता का विषय है। वहां मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। ऐसे में भारत सरकार को आगे आना चाहिए और जरूरी कदम उठाना चाहिए। नाटो सेना बुलाकर बांग्लादेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित की जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष मनोज, सचिव प्रमोद कुमार, राकेश पाराशर, विजय प्रकाश गुप्ता, कमल कांत गुप्ता, राहुल जौहरी, आकाश गुप्ता, प्रवीन गोस्वामी आदि प्रमुख है।

- एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन देते एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट के पदाधिकारी।

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमतां।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥

बुद्धिमान लोग काव्य-शास्त्र का अध्ययन करने में अपना समय व्यतीत करते हैं। जबकि मुर्ख लोग निंद्रा, कलह और बुरी आदतों में अपना समय बिताते हैं।

संपादकीय

ब्रुनेई और भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रुनेई यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। यात्रा से दोनों देशों के अलावा वृहद आसियान क्षेत्र के साथ भी भारतीय साझेदारी और मजबूत होगी। सरकार ने लुक ईस्ट पॉलिसी बनाकर बकायदा आसियान और पूर्वी देशों के साथ संबंधों को मजबूत किया है। उनकी ब्रुनेई यात्रा इसी का हिस्सा है। बढ़ती आकांक्षाओं के साथ युवा आबादी द्वारा संचालित स्थायी आर्थिक विकास से भारत विश्व में ऊर्जा के सर्वाधिक भरोसेमंद दीर्घावधिक बाजारों में एक बन गया है। ऊर्जा व्यापार ऐसा क्षेत्र है,जहां भारत और ब्रुनेई के बीच मजबूत संपूरकताएं हैं। ब्रुनेई और भारत के बीच ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध तीसरी शताब्दी से ही चले आ रहे हैं। इनसे हमें आधुनिक काल में मजबूत एवं स्थायी संबंध का निर्माण करने के लिए आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है। महत्वपूर्ण है कि यह दौरा ऐसे समय पर है जब भारत और ब्रुनेई दोनों अपने कूटनीतिक सम्बंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत स्थायी रूप से विकास के पथ पर आरूढ़ है। देश में ऊर्जा की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं। यह भारत को हाइड्रो कार्बन का निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रुनेई को अवसर प्रदान करता है। भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था भी हमें विशिष्ट ऊर्जा विक्रेता-क्रेता संबंध से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। हाइड्रो कार्बन निर्यात श्रृंखला में विविधता लाने और मूल्य वृद्धि करने के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। भारत ब्रुनेई से कई चीजें आयात करता है। इसमें क्रूड ऑयल, हाइड्रोकार्बन, आयरन, स्टील, मेटल, आइसोटोप, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, व्हीकल शामिल है। वहीं, ब्रुनेई भारत से डेयरी प्रोडक्ट, फल, नट्स, अनाज,तेल, कॉस्मेटिक्स, डेयरी प्रोडक्ट और एल्युमिनियम खरीदता है।

आज डाक्टरों, इंजीनियरों, उद्यमियों, शिक्षकों तथा कुशल कार्मिकों जैसे पेशेवरों का भारतीय समुदाय (जिनकी संख्या 14 हजार के आसपास है) ब्रुनेई की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। गौरतलब है कि 250 मिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार में से लगभग 60-से 70 प्रतिशत हिस्सा हाइड्रोकार्बन का है, जो इस समय बहुत बड़ा आंकड़ा नहीं है। विशेष रूप से प्राकृतिक गैस के मामले में, यह राशि काफी बढ़ सकती है। वास्तविक रूप से, यह लगभग 270 मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के आयात के बराबर है। साथ ही ब्रुनेई में, विशेष रूप से इसके ईईजेड क्षेत्र में एक विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार है, संभावना है कि भारत इस हाइड्रोकार्बन भंडार की खोज में ब्रुनेई के साथ समझौता कर सकता है। भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रम में ब्रुनेई से बहुमूल्य समर्थन मिला है। टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड में ब्रुनेई के साथ सहयोग जारी है और भारत इसे आगे ले जाने को प्रतिबद्ध है। ब्रुनेई के साथ रक्षा सहयोग के बारे में कोई बड़ा परिणाम मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

बाजारवाद के रंग से प्रकृति हंता बनकर उभर रहे पर्व

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली में ही हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी मूर्तियां स्थापित हो रही हैं। यही नहीं मुंबई के प्रसिद्ध लाल बाग के राजा की ही तरह विशाल प्रतिमा, उसी नाम से यहां देखी जा सकती है। पारंपरिक तौर पर मूर्ति मिट्टी की बनती थी,जिसे प्राकृतिक रंगों, कपड़ों आदि से सजाया जाता था।

पूजा सामग्री में प्लास्टिक या पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित करना, फूल-ज्वारे आदि को स्थानीय बगीचे में जमीन में दबाकर उसका कंपोस्ट बनाना, चढ़ावे के फल, अन्य सामग्री को जरूरतमंदों को बांटना, बिजली की जगह मिट्टी के दीयों का प्रयोग ज्यादा करना,तेज ध्वनि बजाने से बचना जैसे साधारण से प्रयोग हैं, जो पर्वों से उत्पन्न प्रदूषण व उससे उपजने वाली बीमारियां पर काफी हद तक रोक लगा सकते हैं। पर्व आपसी सौहार्द बढ़ाने, स्नेह व उमंग का संचार करने के और बदलते मौसम में स्फूर्ति के संचार के वाहक होते हैं। इन्हें अपने मूल स्वरूप में अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी भी समाज की है।

कुछ ही दिनों में बारिश के बादल अपने घरों को लौटने वाले हैं। सुबह सूरज कुछ देर से दिखेगा और जल्दी अंधेरा छाने लगेगा। असल में मौसम का यह बदलता मिजाज उमंगों-खुशहाली के स्वागत की तैयारी है। सनातन मान्यताओं की तरह प्रत्येक शुभ कार्य के पहले गजानन गणपति की आराधना अनिवार्य है और इसीलिए उत्सवों का प्रारंभ गणेश चतुर्थी से ही होता है। कुछ साल पहले प्रधानमंत्री 'मन की बात' में अपील कर चुके हैं कि देव प्रतिमाएं प्लास्टर ऑफ पेरिस यानी पीओपी की नहीं बनाएं, मिट्टी की ही बनाएं। तेलंगाना,महाराष्ट्र, राजस्थान की सरकारें भी ऐसे आदेश जारी कर चुकी हैं,लेकिन राजधानी दिल्ली में नोएडा से अक्षरधाम आने वाले रास्ते सहित कई जगह धड़ल्ले से पीओपी की प्रतिमाएं बन रही हैं और बिक भी रही हैं। ऐसा ही दृश्य देश के हर बड़े-छोटे कस्बों में देखा जा सकता है।

यह तो प्रारंभ है, इसके बाद दुर्गा पूजा या नवरात्रि, विश्वकर्मा पूजा,दीपावली से लेकर होली तक एक के बाद एक आने वाले त्योहार असल में किसी जाति-पंथ के नहीं,बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की मजबूत कड़ियां हैं। विडंबना है कि जिन पर्व-त्योहारों के रीति रिवाज, खानपान कभी समाज और प्रकृति के अनुरूप हुआ करते थे, आज पर्व के मायने हैं पर्यावरण, समाज और संस्कृति सभी का क्षरण। निर्देश, आदेश, अदालतों के फरमान के बावजूद गणपति पर्व का मिजाज बदलता नहीं दिख रहा है। महाराष्ट्र उससे सटे गोवा, आंध्र प्रदेश व तेलगांना, छत्तीसगढ़, गुजरात व मप्र के मालवा-निमाड़ अंचल में पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला गणेशोत्सव अब देश में हर गांव-कस्बे तक फैल गया है।

दिल्ली में ही हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी मूर्तियां स्थापित हो रही हैं। यही नहीं मुंबई के प्रसिद्ध लाल बाग के राजा की ही तरह विशाल प्रतिमा, उसी नाम से यहां देखी जा सकती हैं। पारंपरिक तौर पर मूर्ति मिट्टी की बनती थी,जिसे प्राकृतिक रंगों,कपड़ों आदि से सजाया जाता था। आज प्रतिमाएं प्लास्टर ऑफ पेरिस से बन रही हैं,जिन्हें रासायनिक रंगों से पोता जाता है। कुछ राज्य सरकारों ने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को जब्त करने की चेतावनी भी दी,लेकिन ऐसा हो नहीं पाया और पूरा बाजार घटिया रासायनिक रंगों से पुती प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं से पटा हुआ है। इंदौर के पत्रकार सुबोध खंडेलवाल ने गोबर व कुछ अन्य जड़ी बूटियों को मिलाकर ऐसी गणेश प्रतिमाएं बनवाई,जो पानी में एक घंटे में घर में ही घुल जाती है,लेकिन बड़े गणेश मंडलों ने ऐसे पर्यावरण मित्र प्रयोगों को स्वीकार नहीं किया। बंबई मे भी गमले में बीज के साथ गणपति प्रतिमा के प्रयोग हुए,लेकिन लोगों को तो चटक रंग वाली विशाल,पीओपी की जहरीली प्रतिमा में ही भगवान का तेज दिख रहा है।

गणेशोत्सव का समापन होगा ही कि नवरात्रि में दुर्गा पूजा शुरू हो जाएगी। यह भी लगभग पूरे भारत में मनाया जाने लगा है। हर गांव-कस्बे में एक से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक पूजा पंडाल बन रहे हैं। बीच में विश्वकर्मा पूजा भी आ गई और अब इसी की प्रतिमाएं बनाने की रिवाज शुरू हो गई है। एक अनुमान है कि हर साल देश में इन तीन महीनों के दौरान 10 लाख से ज्यादा प्रतिमाएं बनती हैं और इनमें से 90 फीसदी प्लास्टर ऑफ पेरिस की होती हैं। इस तरह देश के ताल-तलैया, नदियों-समुद्र में नब्बे दिनों में कई सौ टन प्लास्टर ऑफ पेरिस, रासायनिक रंग, पूजा-सामग्री मिल जाती है। पीओपी ऐसा पदार्थ है,जो कभी समाप्त नहीं होता है। इससे वातावरण में प्रदूषण की मात्रा के बढ़ने की संभावना बहुत अधिक है। प्लास्टर ऑफ पेरिस, कैल्शियम सल्फेट हेमी हाइड्रेट होता है, जो कि जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट डीहाइड्रेट) से बनता है चूंकि ज्यादातर मूर्तियां पानी में न घुलने वाले प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी होती हैं, उन्हें विषैले एवं पानी में न घुलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल रंगों में रंगा जाता है, इसलिए हर साल इन मूर्तियों के विसर्जन के बाद पानी की बॉयोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड तेजी से घट जाती है,जो जलजन्य जीवों के लिए कहर बनता है। हर साल देश के विभिन्न नदी और तालाब तट से ऐसी खबरें आती हैं कि मूर्तियों के विसर्जन के बाद लाखों की तादाद में मछलियां मर जाती हैं। वैसे बहुत से राज्य ऐसी प्रतिमाओं को नदी-तालाब के स्थान पर कृत्रिम बनाए गए तालाबों में विसर्जन की व्यवस्था कर रहे हैं, लेकिन इस तरह विसर्जित प्रतिमाओं का जहर भी अंततः प्रकृति में ही घुलता है।

मानसून में नदियों के साथ ढेर सारी मिट्टी बहकर आती है। चिकनी मिट्टी, पीली, काली या लाल मिट्टी। परंपरा तो यह थी कि कुम्हार नदी-सरिताओं के तट से यह चिकनी महीन मिट्टी लेकर आता था और उससे प्रतिमा गढ़ता था। पूजा होती थी और -''तेरा तुझको अर्पण'' की सनातन परंपरा के अनुसार उस मिट्टी को फिर से जल में ही प्रवाहित कर दिया जाता था। प्रतिमा के साथ अन्न, फल विसर्जित होता था, जो कि जल-चरों के लिए भोजन होता था। सभी जानते हैं कि अगस्त के बाद मछलियों के अंडों से बच्चे निकलते हैं और उन्हें ढेर सारे भोजन की जरूरत होती है। नदी में रहने वाले मछली-कछुए आदि ही तो जल को शुद्ध रखने में भूमिका निभाते हैं। उन्हें भी प्रसाद मिलना चाहिए, लेकिन आज तो हम नदी में जहर बहा रहे हैं,जो जल चरों का काल बना है।

सवाल खड़ा होता है कि तो क्या पर्व-त्योहारों का विस्तार गलत है? इन्हें मनाना बंद कर देना चाहिए? एक तो हमें प्रत्येक त्योहर की मूल आत्मा को समझना होगा,जरूरी तो नहीं कि बड़ी प्रतिमा बनाने से ही भगवान ज्यादा खुश होंगे। छोटी प्रतिमा बनाकर उसका विसर्जन जल-निधियों की जगह अन्य किसी तरीके से करके, प्रतिमाओं को बनाने में पर्यावरण मित्र सामग्री का इस्तेमाल करने जैसे प्रयोग तो किए जा सकते हैं।

पूजा सामग्री में प्लास्टिक या पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित करना,फूल-ज्वारे आदि को स्थानीय बगीचे में जमीन में दबाकर उसका कंपोस्ट बनाना, चढ़ावे के फल, अन्य सामग्री को जरूरतमंदों को बांटना,बिजली की जगह मिट्टी के दीयों का प्रयोग ज्यादा करना,तेज ध्वनि बजाने से बचना जैसे साधारण से प्रयोग हैं,जो पर्वों से उत्पन्न प्रदूषण व उससे उपजने वाली बीमारियां पर काफी हद तक रोक लगा सकते हैं। पर्व आपसी सौहार्द बढ़ाने, स्नेह व उमंग का संचार करने के और बदलते मौसम में स्फूर्ति के संचार के वाहक होते हैं। इन्हें अपने मूल स्वरूप में अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी भी समाज की है।

भारतीय पर्व असल में प्रकृति को उसकी देन-आशीर्वाद के लिए धन्यवाद देने के लिए होते हैं,लेकिन इस पर बाजारवाद जो रंग चढ़ा है,उससे वे प्रकृति-हंता बनकर उभरे हैं। प्रशासन के लिए भी प्रधानमंत्री की अपील काफी है कि वह बलात पीओपी की प्रतिमाओं के निर्माण पर पाबंदी लगाए। समाज को भी गणपति या देवी प्रतिमाओं को पानी में विसर्जित करने के बजाए जमींदोज करने के विकल्प पर विचार करना चाहिए।

प्रसंगवश

कुशल और क्रूर शिकारी भेड़िये

इस पहलू पर अब और विलंब किए बिना त्वरित फैसला लेना होगा। हम ऐसे ही मानव जिंदगियों पर मंडराते खतरे को लेकर और बस संवेदना व्यक्त कर बैठे नहीं रह सकते। भेड़ियों को पकड़ना या देखते ही गोली मारना वर्णित स्थिति में तनिक भी अनुचित नहीं है।

बहराइच में भेड़ियों का आक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा। हाल ही में एक तीन वर्ष की बच्ची को भेड़िया सो रही मां के गोद से छीन कर ले गया। बाद में मिले क्षत विक्षत शव का भी मीडिया ने फोटो प्रकाशित किया,जिसे देखकर मन व्यथित है। भेड़िये ने हाथों को खा लिया था। चेहरा भी विकृत किया। एक वृद्ध महिला भी अलग आक्रमण में घायल हुई है। कुल आठ जानलेवा हमले में कई बच्चों की जानें जा चुकी हैं और कुछ बुरी तरह घायल हुए हैं।

अपनी ओर से वन विभाग पूरी कोशिश कर रहा है कि सभी भेड़िये शीघ्रातिशीघ्र पकड़े जाएं मगर अभी केवल चार पकड़े गए। जब भेड़ियों को मानव बस्ती में पहुंचने और मनुष्य के संपर्क में आ जाने की प्रवृत्ति बन जाती है तो जब तक उनके पूरे कुनबे का सफाया नहीं हो जाता उनका आक्रमण जारी रहता है। बरसात के इन्हीं माहों में उनके आक्रमण अधिक होते हैं और यदि उनके दुधमुंहे बच्चे हुए तो वे और भी आक्रामक होते हैं। शिकारी भेड़ियों के हमलों के शिकार ज्यादातर 18 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। दुर्लभ मामलों में जहां वयस्क मारे जाते हैं,पीड़ित लगभग या हमेशा महिलाएं ही होती हैं। जैसा कि बहराइच में दिख रहा है। भारतीय भेड़ियों का बच्चों का शिकार करने का काला इतिहास रहा है,जिनमें उनकी "चाइल्ड लिफ्टिंग" की प्रवृत्ति विशेष रुप से देखी गई है। उन्हें ज्यादातर शाम या रात्रि में वसंत, गर्मियों और वर्षा काल में अक्सर प्रभावित क्षेत्रों के मानव बस्तियों के भीतर पाया जा सकता है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्रभावित चालीस गांवों में उनका आतंक इसलिए भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है कि वे आसानी से बच्चों तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों को बार-बार यह चेताया जाना चाहिए कि बच्चों और वृद्धजनों को घर के बाहर या बरामदे में न सुलाया जाए। यदि घरों में दरवाजे नहीं लगे हैं तो भी वे भीतर घुस सकते हैं। बहराइच में एक दो घटनाएं ऐसी घटी भी हैं। भेड़िये शिकार को लक्ष्य करके उपयुक्त समय का इंतजार पूरे धैर्य के साथ करते हैं। भेड़िये बहुत कुशल और क्रूर शिकारी होते हैं। घंटों घात लगाकर निश्चल बैठे रह सकते हैं। अगर घर के आसपास थोड़ी भी झाड़ी या ओट है तो वे कई घंटे वहीं दुबके रह सकते हैं। स्थिति अनुकूल पाने पर सहसा तीव्रता से अटैक करते हैं और शिकार को दबोच कर भागते हैं। उनके शिकार का यही पैटर्न है। इसलिए इन दिनों सजगता से ही बच्चों और अशक्त वृद्धजनों की रक्षा होनी चाहिए। यह जागरूकता अच्छी तरह ग्रामीणों में फैलाई जानी चाहिए। तनिक भी बेपरवाही खतरे का निमंत्रण है,जिनके घरों में दरवाजे नहीं हैं,उन्हें तो रात्रि में और भी सावधान रहना चाहिए। प्रशासन को ऐसे मकानों को चिह्नित करके यथाशीघ्र दरवाजे लगवाने चाहिए।

एक बात बेहद महत्वपूर्ण है। जब तक सारे भेड़िये पकड़ नहीं लिए जाते या उनका सफाया नहीं कर दिया जाता आक्रमणों का यह सिलसिला अब नहीं रुकने वाला। एक भी भेड़िया बचा रह गया तो वह जानलेवा हमले से नहीं चूकेगा। भले ही भारतीय वन्यजीव अधिनियम (1972) में इनको मारना प्रतिबंधित है,किंतु जहां मनुष्य की जान पर बन आई हो तो ऐसे में वन विभाग के सक्षम अधिकारी को भेड़ियों को शूट एट साईट की भी अनुमति दे देनी चाहिए। भले ही वे संकटापन्न हैं, किंतु एक मानव जिंदगी उनसे कहीं अधिक मूल्यवान है। जिन घरों में इनके जानलेवा हमलों की घटनाएं हुईं हैं,वह कितनी अप्रत्याशित और दुखद हैं।

इस पहलू पर अब और विलंब किए बिना त्वरित फैसला लेना होगा। हम ऐसे ही मानव जिंदगियों पर मंडराते खतरे को लेकर और बस संवेदना व्यक्त कर बैठे नहीं रह सकते। भेड़ियों को पकड़ना या देखते ही गोली मारना वर्णित स्थिति में तनिक भी अनुचित नहीं है।

शैक्षिक स्थिरता की बुनियाद हैं शिक्षक

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

शिक्षक को भविष्य निर्माता कहा जाता है। इसलिए समाज का दायित्व है कि शिक्षकों को समुचित सम्मान दे तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करे।

एक शिक्षक प्रशिक्षण का वाकया है। सत्र के दौरान शिक्षकों के एक समूह का मानना था कि शिक्षा में अपेक्षित परिणाम न मिलने का एकमात्र कारण शिक्षक नहीं हैं। उनका मत था कि शिक्षक स्वयं में समस्या नहीं,बल्कि तमाम समस्याओं से घिरे हैं। उन्हें जो रचनात्मक स्वतंत्रता और समय चाहिए,वह नहीं मिल पा रही है,जिसका सीधा असर बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों पर पड़ रहा है। हालांकि यह कदाचित शिक्षकों का व्यक्तिगत मत था पर कई सवाल छोड़ रहा था,जिन पर चिंतन-मनन आवश्यक है।

शिक्षा किसी भी समाज के विकास की धुरी होती है। आदि काल से वर्तमान समय तक शिक्षा के तमाम औपचारिक-अनौपचारिक रूप सामने आए पर हर रूप में जो बात कॉमन रही वह थी शिक्षक और शिक्षार्थी तथा उनके बीच घटित शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षक सदैव शिक्षा के केंद्र में रहे हैं। यदि हम शिक्षक की भूमिका पर विचार करें तो पाएंगे कि ज्ञान की वाचिक परंपरा से रचनावाद तक शिक्षक की भूमिका में कई परिवर्तन हुए हैं। बदली भूमिकाओं के सापेक्ष शिक्षकों के क्रियाकलापों में भी आवश्यक बदलाव आए। विषयगत ज्ञान के अतिरिक्त कक्षा में एंट्री विहेविअर, बच्चों से संवाद के तरीके, ज्ञान की रचना के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करना, जैसे कई कौशल इन भूमिकाओं के लिए जरूरी टूल थे।

सूचना, संचार एवं प्रौद्योगिकी के दौर में तकनीकी कौशल भी शिक्षक की अनिवार्य दक्षताओं में शुमार हो गया। स्वाभाविक ही है कि इन भूमिकाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षक के पास पर्याप्त समय और व्यावसायिक स्वतंत्रता की भी आवश्यकता रही। शिक्षाविदों का मानना है कि सीखना-सिखाना निरंतरता के साथ तय की जाने वाली एक ऐसी रचनात्मक यात्रा है, जिसका परिणाम बच्चों के भीतर छिपी तमाम संभावनाओं के द्वार खोलता है। इसके लिए शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच 'सीखने- सिखाने की रचनात्मक स्वतंत्रता' का वातावरण जरूरी होता है। यह तब होता है जब शिक्षक और शिक्षार्थी को आवश्यकतानुसार 'टीचिंग और लर्निंग स्पेस' मिलता है। विचारणीय है कि क्या वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा हो पा रहा है? या शिक्षक शिक्षण कर्म के अतिरिक्त भी तमाम ऐसी व्यवस्थाओं में शामिल हैं,जो उनके शिक्षण अधिगम के समय को प्रभावित कर रही हैं।

शिक्षक को भविष्य निर्माता कहा जाता है। इसलिए समाज का दायित्व है कि शिक्षकों को समुचित सम्मान दे तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करे। शिक्षक दिवस गुरु परंपरा के प्रति इसी कृतज्ञता और सम्मान का उत्सव है। हर वर्ष यह आयोजन शिक्षकों द्वारा समाज निर्माण में की गई महत्वपूर्ण और अति विशिष्ट भूमिका को रेखांकित करता है। गुरुजनों के सम्मान में झुकते शीश, सराहना को गड़गड़ाती तालियां,उन्हें सम्मानित कर रहे हाथ इस भावना को पुष्ट करते हैं कि गुरु का दर्जा सर्वश्रेष्ठ है, पर इस दिन विशेष के चुनिंदा आयोजनों को छोड़ दें तो क्या वर्ष भर हम गुरुभक्ति के इसी भाव और भावना से जुड़े रहते हैं? यह हम सबके लिए विचारणीय बिन्दु है।

शिक्षकों और उनके काम-काज से जुड़ी चुनौतियों तथा समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक स्तर पर 5 अक्तूबर वर्ष 1966 में 'टीचिंग इन फ्रीडम' संधि लाई गई। इसमें दुनियाभर के शिक्षकों को जागरूक करने तथा उनकी प्रोफेशनल समस्याओं के समाधान हेतु एक मसौदा तैयार किया गया। वर्ष 1994 में यूनिसेफ़ ने इस समझौते के दायरे में तकरीबन सौ देशों को शामिल करते हुए शिक्षकों की व्यावसायिक बेहतरी हेतु जरूरी नीति-निर्देशक तत्वों की अनुशंसा की और संबंधित दस्तावेज पर सहमतियां प्राप्त कीं। यूनेस्को द्वारा इसी वर्ष 1994 को 'विश्व शिक्षक दिवस' की मान्यता दी गई और इसके लिए 5 अक्तूबर का ही दिन चुना,क्योंकि इसी तिथि को ' टीचिंग इन फ्रीडम' संधि अस्तित्व में आई थी।

विश्व शिक्षक दिवस कुछ देशों में अलग अलग तिथियों में भी मनाया जाता है। भारत में शिक्षक दिवस समारोह प्रतिवर्ष 5 सितंबर को प्रखर शिक्षाविद और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। राधाकृष्णन जी एक उत्कृष्ट शिक्षक थे और उनका मानना था कि उन्हें आजीवन एक शिक्षक के रूप में ही जाना जाए। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस सतत विकास के लिए ज़रूरी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों को सामर्थ्यवान बनाए जाने की हिमायत को मंच प्रदान करता है।

सोशल फोरम

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक

बांग्लादेश अभी भी पूर्वी पाकिस्तान जैसा ही है। वहां हिंदुओं का नरसंहार तीसरी बार नहीं,चौथी बार हो रहा है। पहला नरसंहार हुआ आजादी और विभाजन के पहले, उसके दौरान और उसके तुरंत बाद।

यादरहे, जिन्ना की सीधी कार्रवाई कलकत्ता किलिंग से 16 अगस्त 1946 को शुरू हुई जब बंगाल की अल्पमत सरकार के मुख्यमंत्री (तब प्रधानमंत्री) सोहरावर्दी उसका संचालन कर रहे थे। तब से 15 अगस्त 1947 के बाद तक पूर्वी बंगाल (बाद में पूर्वी पाकिस्तान) में हिंदुओं की हत्या, हिंदू युवा महिलाओं का अपहरण, हिंदुओं की संपत्ति पर कब्जा तथा हिंदुओं के पलायन का दौर जारी रहा। नेहरू ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाक़त अली से गुहार लगाई।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दोनों पाकिस्तान में बचे हुए हिंदुओं तथा भारत के मुसलमानों की सुरक्षा तथा समान अधिकारों की गारंटी के लिए नेहरू-लियाकत संधि संपन्न हुई। उस समय सरकार में शामिल श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसके विरोध में इस्तीफा दे दिया। सुझाव दिया कि इस समस्या का स्थाई और एकमात्र समाधान हिंदू-मुसलमान जनसंख्या का विनिमय है। जैसी कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी को आशंका थी, नेहरू-लियाक़त समझौते की शर्तों का पालन केवल भारत ने किया और दोनों पाकिस्तान ने उसकी आड़ में हिंदुओं को लगातार भागने को मजबूर किया। बांग्लादेश बनने के पहले और उसके दौरान जो हिंदुओं का संहार, महिलाओं का बलात्कार तथा भारत में शरणार्थियों की बाढ़ आई उसी के चलते भारत को पहले मुक्तिवाहिनी के माध्यम से और बाद में खुले युद्ध में उतरना पड़ा।

भारत द्वारा जानमाल का अभूतपूर्व मूल्य चुकाने के बाद मिली विजय से बांग्लादेश का जन्म हुआ, किंतु वहां बचे हुए हिंदुओं के लिए सुरक्षा और जीवन की समस्या बनी ही रही और भारत कुछ करने की स्थिति में नहीं है। काश! 1950 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आपत्ति पर ध्यान दिया गया होता। वस्तुतः जिन्ना के दो राष्ट्र सिद्धांत की तार्किक परिणति में जनसंख्या का यह शांतिपूर्ण स्थानांतरण और पुनर्वास आज़ादी के समय ही अपेक्षित था। ऐसा हुआ होता तो चार-चार खुले युद्धों और सतत चलते प्रच्छन्न युद्ध की नौबत न आती।

-फेसबुक वॉल से

ख़त में शहादत का सर्वोत्तम साक्ष्य

शाहजहांपुर में पुवायां रिसासत रही गढ़ी के दरवाजे पर सत्तावनी क्रांति के मौलवी अहमद उल्ला शाह फैजाबादी का कत्ल किया गया था। उस महायुद्ध में लखनऊ और कानपुर के पतन के बाद क्रांतिकारी अहमद उल्ला शाह मोहम्मदी की तरफ हटकर आ गए थे। वह 15 जून, 1858 का दिन था जब मौलवी मोहम्मदी से पुवायां रियासत की गढ़ी पर अपने हमराहियों के साथ हाथी पर सवार होकर आए और राजा जगन्नाथ सिंह को मिलने का संदेश भेजा। राजा ने इससे इंकार कर दिया। उसी समय गढ़ी के फाटक पर ही उन्हें धोखे से गोली का निशाना बना दिया गया। इस बार हम रंगकर्मी मनीष मुनि (शाहजहांपुर) के साथ उस शहादत स्थल को देखने और उस संघर्ष को महसूस करने गए,जहां मौलवी का खून गिरा था।

आज पुवायां में शहीद अहमद उल्ला शाह की याद का कोई निशान नहीं है। वहां उनका नाम लेना गुनाह है। मौलवी के कत्ल के बाद जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहांपुर ने रुहेलखंड कमिश्नर के नाम जो खत 17 जून, 1858 को लिखा था वह उनकी शहादत का सर्वोत्तम साक्ष्य है : मेरे नीम सरकारी खत तारीख 15 और 16 जून से आपको यह खबर मिल चुकी होगी कि मौलवी अहमद उल्ला शाह पुवायां में कत्ल कर दिया गया है। आज मैं आपको मजीद रिपोर्ट देने की सआदत हासिल कर रहा हूं कि पुवायां का राजा पिछली रात यहां आया और अपने साथ मौलवी का सर और जिस्म लाया था और जिसका मैं...दिन भर इंतजार करता रहा। दोपहर बाद उनके न आने से मुझे बेकरारी शुरू हुई और मैंने जनरल से मुल्तानी कैवलरी का एक दस्ता पुवायां भेजने की दरख्वास्त की ताकि अगर राजा बागियों की तरफ से सर को छीन लेने की कोशिश से किसी मुसीबत में गिरफ्तार हो गया हो तो उसकी मदद की जाए। सर को पुवायां और शाहजहांपुर के कई आदमियों से शिनाख्त करा लिया गया कि मौलवी अहमद उल्ला शाह का है और अब शको-सुबह को कोई गुंजाइश नहीं रहती। सर को पब्लिक के सामने कोतवाली पर रखा गया और जिस्म को वरसरे-आम सुबह जलाकर,राख दरिया में बहा दी गई।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

मैंने नीम सरकारी खत में राजा के खत की जो नकल रवानी की है,आपको मौलवी की मौत से मुताल्लिक तफसीलात का इल्म हो गया होगा। फिर भी मेरे पास चंद दूसरे जराए से को खबरें आई हैं, उसकी पेशेनजर मैं नहीं समझता की वाकई कोई सख्त मुकाबला हुआ। जाहिर है कि मौलवी अपने हमराहियों के साथ गढ़ी पर आया था और राजा जगन्नाथ सिंह से बातचीत की ख्वाहिश जाहिर की,जिसने अपने भाई बलदेव सिंह को सुनने के लिए भेजा कि वह क्या चाहता है। मौलवी ने नायब तहसीलदार और थानेदार को हवाले करने की मांग की। यह मांग नामंजूर कर दी गई। तब उसने अपने हमराहियों से किले का दरवाजा जबरदस्ती हाथी के जरिए खोलने को कहा। यह सुनकर राजा के साथियों ने फायरिंग किया,जिससे मौलवी और उसके दो साथी मारे गए। जैसे ही मौलवी गिरा, बलदेव ने उसका सर तन से जुदा करने का हुक्म दिया। राजा के तीन आदमी मारे गए और तकरीबन 20 गंभीर घायल हुए। यह हादसा अचानक मैगजीन और बारूद फटने से हुआ। हुकूमत की तरफ से पचास हजार रुपए का जो इनाम बागी मौलवी की गिरफ्तारी पर मुकर्रर किया गया था, उसमें यह खास शर्त थी कि इसको किसी अंग्रेजी कैंप या फौजी पोस्ट पर जिंदा सुपुर्द किया जाए। मेरा ख्याल है कि मौजूदा सूरत में पूरा इनाम राजा को मिलना चाहिए, जिसकी बदौलत इंतिहाई मुस्तकिल-मिजाज और बेहद बाअसर बागी सरदारों में से एक से छुटकारा मिला है। जब से मैंने जिले का चार्ज लिया है, मैं बराबर राजा पर असर डालता रहा हूं कि अगर उसने हुकूमते बरतानियां से हमेशा की तरह वफादारी की तो उसको फायदा पहुंचेगा। और जब मुझे यह खबर मिली कि मोहम्मदी में बागियों की तरफ से पुवायां पर हमला होने के इम्कानात हैं तो मैंने उसे लिखा कि वह मौलवी को गिरफ्तार करने का मौका हरगिज न जाने दे। मुझे खुशी है कि अंजामेकार इसमें कामयाबी हुई और एक ऐसा लीडर,जो अपने पैरों पर हैरतअंगेज असर की बिना पर इंतिहाई परेशानकुन दुश्मन साबित हुआ, नजरों से ओझल हो चुका है, जिस दिन पुवायां में मौलवी की शहादत हुई, शायर बेनीमाधव रुसवा शाहजहांपुर के निकट रोजा में मुकीम थे। यह ख़बर सुनकर वे अगले रोज पुवायां की गढ़ी को देखने गए,जहां मौलवी को मारा गया था। उन्होंने देखा कि वहां कुछ मुस्लिम औरतें स्यापा कर रही थीं। मौलवी का सर शाहजहांपुर कोतवाली के सामने कई दिन तक टंगा रहा, बाद को शहर की सरहद पर बसे लोदीपुर गांव के कुछ नौजवानों ने उसे उतारकर खन्नौत नदी के किनारे दफना दिया,जहां उस शहीद के सर का मजार है। गदर के इतिहास में कई जगहों पर मौलवी का उल्लेख 'डंकाशाह' के नाम से हुआ है। लखनऊ की पुरानी पीढ़ी में यह बात बहुत दिन तक प्रचलित रही कि मौलवी की सवारी के आगे डंका बजता चलता था और वे 'डंकाशाह' कहलाते थे। कहते हैं कि उनके भाषणों में आग बरसती थी। गदर के पहले फैजाबाद, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, मेरठ, आगरा आदि जिलों में मौलवी के तूफानी दौरों का जिक्र मिलता है। 'दि इंडियन म्यूटिनी ऑफ 1857' में मैलेसन ने लिखा है, 'चपाती बंटवाने को योजना मौलवी अहमद उल्ला शाह ने ही बनवाई थी।' मौलवी को इतना खतरनाक समझा गया कि उन्हें पहले ही लखनऊ, फिर आगरा से निष्कासित कर दिया गया। आदेश इस प्रकार जारी हुआ, 'मौलवी आगरा या लखनऊ कतई न रह पावे,न घुस सके।'

आज शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह के नाम पर शाहजहांपुर के लाल इमली चौराहे पर तिकुनियानुमा एक छोटा-सा पार्क और उसी के निकट जूनियर हाई स्कूल है जबकि उनके मजार की ओर जाने वाले रास्ते की तलाश आपको खुद करनी होगी।

एक नजर

बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

एटा। जैथरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सब्जी लेने जा रहे वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। जैथरा के गांव नगला धनू निवासी ज्ञान सिंह (62) पुत्र गुलजारीलाल घर से सब्जी लेने के लिए गए थे। वह पड़ोसी गांव धरौली के पास पहुंचे कि तभी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध को उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सर्पदंश से युवक की मौत

एटा। पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी कौशल चौहान (40) पुत्र सत्यपाल सिंह घर पर काम कर रहे थे। तभी सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों द्वारा कौशल का वायगीरों से उपचार कराया। हालत में सुधार न होने पर अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव गंगनपुर निवासी गीता (19) पुत्री मनोज कुमार द्वारा गृह क्लेश के चलते पंछालगा लिया। परिजन युवती को उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस सूचना दिए बगैर परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

आधार कार्ड बनवाने को परेशान हो रहे ग्रामीण

एटा। अवागढ़ के आसपास ग्रामीणों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जून से लगातार ग्रामीण लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए नगर के पोस्ट ऑफिस पर आकर रात में अपना डेरा जमा देते हैं, जिससे कि उनके आधार कार्ड बन सकें।पोस्ट ऑफिस के ऑपरेटर भी सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आधार बनाने का कार्य करते हैं। पूरा समय लगने के बावजूद एक दिन में करीब 50 से 60 आधार कार्ड ही बन पाते हैं। ऐसी स्थिति में आधार कार्ड बनवाने वाले और बनाने वाले दोनों ही परेशान हो जाते हैं। ग्रामीण बैंक की मशीन अभी तक उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण चालू नहीं हो पाई हैं, जिसके कारण पूरा भार केवल डाकघर पर ही रहता है।

एनपीएस, यूपीएस के विरोध में शिक्षक-कर्मचारी

दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर किया कामकाज, मांगें पूरी होने तक विरोध जताने का किया फैसला

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

अमृत विचार: न्यू और यूनिफाइट पेंशन स्कीम कर्मचारियों को रास नहीं हो रही है, तभी तो वह आर-पार की जंग का ऐलान कर चुके हैं। इसी को लेकर दूसरे दिन भी विरोध जताया है। काली पट्टी बांधकर काम किया। चेतावनी दी है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह ''पुरानी पेंशन'' बहाली की बजाए एनपीएस में सुधार कर नई पेंशन योजना ''यूनिफाइड पेंशन स्कीम'' लागू करने की घोषणा की है। ज्यादातर कर्मचारी संगठनों ने यूपीएस का विरोध किया है। कई संगठनों ने केंद्र सरकार का यूपीएस पर नोटिफिकेशन आने से पहले ही विरोध का बिगुल बजा दिया है। कर्मचारी संगठनों ने ओपीएस बहाली के लिए दो सितंबर से छह सितंबर तक एक अभियान शुरु किया है। इसके तहत पूरे जिले के शिक्षक एवं दूसरे कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। इस अभियान का मकसद, सरकार को चेताना है। कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार को यूपीएस/एनपीएस हटाकर दोबारा से पुरानी पेन्शन बहाली करनी होगी।

काली पट्टी बांधकर आक्रोश जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

काली पट्टी बांधकर काम करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

क्या बोले शिक्षक नेता

शिक्षक नेता सुभनेश यादव, मुनेश राजपूत, दिलीप यादव, गजेंद्र यादव, अंकित पूंढीर, वरुण चौहान, देवेंद्र यादव कहना है कि वर्तमान में चल रही न्यूनतम पेंशन स्कीम (एनपीएस) से ज्यादा खराब यूपीएस है। इसमें भी कर्मचारी को नुकसान ही होगा। इसलिए कर्मचारियों के भविष्य की दृष्टि से पुरानी पेंशन से अच्छा कुछ भी नहीं है। यह आंदोलन अभी चलता रहेगा।

प्राथमिक विद्यालय में काली पट्टी बांधे शिक्षक। ● अमृत विचार

पुरानी पेंशन बहाली के लिए काली पट्टी बांध किया कामकाज

काली पट्टी बांधकर कार्य करते स्वास्थ्यकर्मी।

एटा, अमृत विचार: कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दिलाने के लिए संघर्ष समिति की ओर से अभियान चलाकर आवाज बुलंद की जा रही है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सरकार की ओर से जारी की गई नई पेंशन प्रणाली के विरोध में काली पट्टी बांधी गई।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश आह्वान पर एनपीएस-यूपीएस के खिलाफ मंगलवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री के नेतृत्व में जनपद के सभी ब्लॉकों में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर अपने कार्य का निर्वहन किया। संघर्ष समिति की ओर से तय किया गया है कि दो से छह सितंबर तक जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य सरकारी संस्थान में कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए काली पट्टी बांधकर कामकाज करेंगे।

सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर करें भागीदारी

भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक को संबोधित करतीं जिला प्रभारी पूनम बजाज। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में जुटी हुई है। कासगंज में भी सदस्यता अभियान की मजबूती पर बल दिया गया है। भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को सदस्यता अभियान को लेकर बैठक में प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी पूनम बजाज ने जनपद व मंडल स्तर पर पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने के लिए कहा।

जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि मोर्चो के सभी अध्यक्ष अपनी टीम के साथ प्रत्येक बूथ व डोर टू डोर पहुंचकर अधिक से अधिक सदस्य बनाएं, जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। अतिथियों ने बैठक में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष और कार्यकर्ता को अभियान से संबंधित तमाम जानकारी दी। जिला सदस्यता प्रमुख शिव कुमार भारद्वाज, कौशल किशोर साहू, संजय सोलंकी, रामनिवास राजपूत, कृष्णकांत वशिष्ठ, कुलदीप प्रतिहार, खूब सिंह लोधी, नंदकिशोर दिवाकर ने विचार व्यक्त किए। बैठक में किरन सोलंकी, उपेंद्र चौहान, तौकीर अहमद, दानिश अल्वी, हिमांशु उपाध्याय, प्रतीक माहेश्वरी, गजेंद्र राजपूत, सूर्यप्रताप सिंह सोलंकी, केके सक्सेना मौजूद रहे।

● जिला व मंडल स्तर पर भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने की अपील

नगर पालिका ने कराया एंटी लारवा का छिड़काव

जलेसर, अमृत विचार: जलेसर नगर में मच्छरों के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका प्रांगण में सफाई नायक एवं कार्यवाहक सफाई नायकों की बैठक की गई। जिसमें एंटी लारवा का छिड़काव कराए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के उपरांत पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा ने गली बौहरान में एंटी लारवा छिड़काव का शुभारंभ किया। कर्मचारियों द्वारा नल बाजार बड़ा बाजार शेरगंज तहसील रोड होते हुए आगरा चौराहे तक छिडकाव किया गया। सफाई निरीक्षक महेश यादव ने बताया कि नगर में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए नियमित एंटी लारवा का छिड़काव कराया जाएगा। सभासद नवीन गुप्ता, संदीप यादव, ललित कुमार, हरिओम यादव, दीपक सिंह, रंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

लाल-हरी बत्ती की योजना नहीं चढ़ी परवान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए चौराहों पर छह वर्ष पूर्व पालिका द्वारा लाल-हरी बत्ती लगाने का प्लान अभी तक अमली जामा नहीं पहन सका है। पालिका के अधिकारी फोरलेन का कार्य पूरा होने पर इन्हें लगाने की बात कहते आ रहे थे। चार साल पहले फोरलेन का निर्माण हो चुका है।सिग्नल न लगने के कारण लोगों को दिनभर जाम से जूझना पड़ता है।

नगर पालिका के अधिकारियों ने छह वर्ष पूर्व शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रानिक सिग्नल लगाने का प्लान तैयार किया था। इस योजना पर काम शुरू होता इससे पहले ही जिले से जिले को जोड़ने की योजना के अंतर्गत फोरलेने का निर्माण शुरू हो गया। अब फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, तो लोग चाहते हैं कि यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए मुख्य चौराहों पर इलेक्ट्रानिक सिग्नल लगाए जाए।

शहर के बिलराम गेट चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

यहां लगने थे सिग्नल
- देमाल गोदाम चौराहा
- बिलराम गेट चौराहा
- अशोक नगर चौराहा
- अमांपुर रोड चौराहा

● आखिर कब दुरुस्त होगी शहर की यातायात व्यवस्था

"जानकारी नहीं है कि कब प्लान तैयार हुआ, लेकिन शहर में चौराहों पर सिग्नल की जरुरत है। जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके। पालिका इस ओर गंभीरता से काम करेगी।
-मीना माहेश्वरी, पालिका अध्यक्ष।

"पूर्व में एक बार यातायात सिग्नल का प्लान भेजा गया था। उनके कार्यकाल से पहले ही प्लानिंग हुई थी। अब देखेंगे नए सिरे से क्या योजना बनाई जा सकती है।
-लक्ष्मण सिंह, यातायात प्रभारी।

ईको की टक्कर से बाइक सवार दो बच्चों समेत तीन घायल

दुर्घटना के बाद मेडिकल कालेज में भर्ती स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

अमृत विचार: स्कूल से घर जा रहे बाइक सवार दो बच्चों समेत तीन को तेज रफ्तार ईको कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। दोनों बच्चों को मेडिकल कालेज से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिरहची थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सरनऊ निवासी संजीव कुमार का 8 वर्षीय पुत्र रितिक कुमार, 6 वर्षीय उज्जवल कुमार एटा के सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ते हैं। मंगलवार को दोपहर चाचा रिषीकांत मोटरसाइकिल से रितिक और उज्जवल को घर ले जा रहा था।

कोतवाली देहात क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग स्थित पेट्रोल पंप और गांव बदरिया बाली सड़क के मध्य ईको ने टक्कर मार दी। जिससे रितिक, उज्जवल और रिषीकांत घायल हो गए।

तीनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया। डाक्टर ने दोनों बच्चों की हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया है।

आठ दिन से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान

संवाददाता,एटा

अमृत विचार। विकास खंड सकीट क्षेत्र की ग्राम पंचात कुरीना दौलतपुर में पिछले आठ दिनों से फुके हुए ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को ग्रामीणों ने इस समस्यया को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड एटा से भी शिकायत की है।

ग्रामीणों ने कहा कि पिछले आठ दिन से कुरीनादौलतपुर गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इस भीषण गर्मी में बुजुर्ग-बच्चे व छात्र काफी परेशान हैं। अधिकारी उनकी बात को नहीं सुन रहे हैं। गांव में 25 केवीए के ट्रांसफार्मर लगे हैं। आधे से ज्यादा गांव के कनेक्शन 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से जोड़ दिए हैं। इस कारण बार-बार ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि तीन दिवस के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ और गांव में ट्रांसफर नहीं रखा गया तो जेई के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए वाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष कुमार, रामकुमार, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार, जितेंद्र कुमार, साधू सिंह, प्रदीप शाक्य, नानक चंद्र, रविकांत, आकाशदीप शाक्य, सनी शाक्य, पंकज, संजय, अंकित शाक्य, जगबीर शाक्य, रतन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिखाते कुरीना दौलतपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

● ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक जीनत खान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

पटियाली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत और सहावर नगर पंचायत की चेयरमैन नाशी खान ने पटियाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ व कटान प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ग्राम बरोना, कादरगंज और ग्राम नैथरा जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और हालातों का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग से कटान रोधी कार्यों में तेजी लाने की मांग की। कहा कि वह लखनऊ जाकर उच्च स्तर से मांग रखेगी कि जिस जगह कटान होने की संभावना रहती है ।वहां पक्की ठोकरें बनाई जाएं। जिससे गंगा कटान और बाढ़ की समस्या का निदान हो सके। साथ ही जो फसलें बर्बाद हो गई हैं उनको मुआवजा की मांग की।

हत्या कर सीढ़ियों पर फेंका गया था शव

एटा, अमृत विचार: कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित बाबूगंज के मुकद्दर मार्किट में एक युवक नीरज शर्मा का शव दुकान की सीढ़ियों पर पड़ा मिला। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम के अनुसार युवक की हत्या कर शव फेंका गया था। युवक के गले में धारदार हथियार से कट के निशान पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य चोटें भी थीं।

नीरज शर्मा बाबूगंज के पास ही अपने मकान में रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी, वह इधर-उधर घूमता रहा था। लेकिन उसके पास प्रॉपर्टी अच्छी थी।

पुलिस इस हत्याकांड की तहकीकात विभिन्न एंगल्स से कर रही है।एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया है। पुलिस ने सर्विलांस, एसओजी और थाने की टीमें लगाई हैं और जल्द ही इस हत्या का खुलासा किया जाएगा।

ऑटो चालक की मौत, 65 चालान होने पर तनाव में थे

ऑटो चालक की मौत के बाद धरने पर बैठे परिवार के लोग। ● अमृत विचार

एटा,अमृत विचार: एक ऑटो चालक की मौत हो गई। बताया गया कि उसके ऑटो के 65 चालान काटे गए थे। बाद में ऑटो को सीज कर दिया गया । आक्रोशित परिजन मंगलवार को शहीद पार्क में धरना पर बैठ गए।

शनिवार की देर शाम सूचना मिली कि ऑटो चालक चरन सिंह बेहोशी की हालत में गांव विरामपुर के पास पड़ा है। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए, यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बिना पोस्टमार्टम कराए परिजन शव घर ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया। भाई महाराज सिंह ने बताया कि चरन सिंह के ऑटो का पांच साल में 65 बार चालान कट चुका है इसकी वजह से वह परेशान हो गया और तनाव में आ गया। चरन सिंह के बेटे आकाश ने बताया कि दो दिन पहले पुलिस ने ऑटो पकड़कर खड़ा करा लिया। इसको छुड़ाने के लिए वह शनिवार शाम वकील के पास जाने के लिए घर से निकले। काफी चिंता में थे. रास्ते में उनको दिल का दौरा पड़ गया और जान चली गई। इससे परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने अपनी मांगों को रखते हुए मंगलवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

लड़कियों को छेड़ रहे मनचले को दुकानदारों ने पीटा

एटा, अमृत विचार: कोतवाली नगर क्षेत्र के मेहता पार्क में महिलाओं और लड़कियों पर छींटाकशी करने वाले एक मनचले को दुकानदारों ने जमकर पीटा। युवक की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है।

सोमवार शाम मेहता पार्क में एक युवक महिलाओं और लड़कियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा था। उसकी हरकतें बढ़ने लगीं तो आसपास के दुकानदारों ने विरोध किया। युवक द्वारा हाथापाई की कोशिश करने पर दुकानदारों ने उसो पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया गया। दुकानदार राज कुमार ने बताया कि मेहता पार्क इलाके में आए दिन महिलाओं के साथ छींटाकशी और छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती हैं।

पीएचसी पर अव्यवस्था, धरने पर बैठेगी भाकियू

संवाददाता, उसहैत

अमृत विचार : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसहैत पर मोमबत्ती जलाकर चार महिलाओं के प्रसव किये जाने की खबर पर सोमवार को देर शाम भाकियू ब्लाक अध्यक्ष श्याम पाल सिंह आर्य अपने पदाधिकारियों के साथ प्रसव केंद्र पर पहुंचे, जहां पर बिजली की किल्लत बनी रहती है। जनरेटर नहीं होने के कारण रात को अंधेरा बना रहता है। अन्य कई तरह की अव्यवस्थाएं देख भाकियू नेता भड़क गए। उन्होनेउसावा सीएचसी पर बैठे जिम्मेदारों को कोसा, कहा भगवान का शुक्र रहा स्टाफ नर्स इंद्रा ने बिजली गुल होने पर अपनी जिम्मेदारी निभाकर मोमबत्ती व मोबाइल का सहारा लेकर चार महिलाओं को सकुशल प्रसव कराया। उस दिन महिलाओं ने चार कन्याओं को जन्म दिया। जिस पर इंद्रा की सराहना की। अव्यवसथा को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के प्रति रोष जताया। श्याम पाल सिंह आर्य ने चेतावनी दी है अगर स्वास्थ्य केंद्र पर जल्द अव्यवस्थाओं में सुधार व जनरेटर की व्यवस्था नहीं की गई तो उनका संगठन धरने पर बैठने को बाध्य होगा ।

उसहैत पीएचसी का जायजा लेते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सामान लेने कुंवरगांव गया युवक लापता

कुंवरगांव, अमृत विचार : गांव बिहारी गौटिया निवासी राजेंद्र एक सितंबर को सामान लेने के लिए बाइक से कस्बा कुंवरगांव गया थे। वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका है। अगले दिन सुबह ग्रामीण खेत पर पहुंचे तो उनकी बाइक कच्चे रास्ते में लावारिस खड़ी मिली। पास में ही उनकी चप्पलें और शर्ट थी। पुलिस ने राजेंद्र के बेटे अजय की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो युवक सामान लेकर जाता नजर आया ।

एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की

बदायूं, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तहरीर दी कि रविवार की रात वह बच्चों के साथ थी। रात में कुछ लोग दीवार फांदकर आ गए और दबोच लिया, मारपीट की। शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसने एक आरोपी को देख लिया जो गांव की प्रधान का पति है। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस ने फैसला करने दवाब बनाया। महिला और उसके परिजन मंगलवार को एसएसपी से मिले। बताया कि प्रधान पति अपराधिक प्रवृत्ति का है। एक विधायक का करीबी होने की वजह से पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित परिवार ने पलायन की चेतावनी दी। एसएसपी के आदेश पर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने प्रधान पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चार दिवसीय मास्टर ट्रेनिंग कार्यक्रम आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: समेकित शिक्षा का चार दिवसीय मास्टर ट्रेनिंग कार्यक्रम बीएसए कार्यालय में शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान बीएसए ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि ट्रेनिंग अनुशासन ढंग से गतिविधि द्वारा विषय वस्तु के अनुसार संचालन किया जाय। पहले दिन मास्टर ट्रेनर सुरेश मिश्र के द्वारा समावेशी शिक्षा की संकल्पना, दिव्यांग बच्चे का शिक्षा का अधिकार संबंधी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर संदीप कुमार राय ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों का मनोवैज्ञानिक वर्गीकरण क्रम से पी पी टी की जानकारी दी। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, रज्जन सिंह, विपिन कुमार मिश्र, नरेंद्र प्रताप सिंह, विमल दुबे, सर्वेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, जियालाल, रेखा देवी, सरिता देवी आदि मौजूद रहे

ट्रेनिंग शिविर में शिक्षकों को निर्देश देते बीएसए। ● अमृत विचार

कार से 73 हजार रुपए चोरी

एटा। कोतवाली नगर में अंकित चौधरी पुत्र विक्रम सिंह निवासी गिझोड,गौतमबुद्ध नगर ने शनि ठाकुर उर्फ सूर्यप्रताप सिंह पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी जिला पंचायत एटा समेत दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 सितंबर को उसकी कार एटा के जिला पंचायत परिसर में खड़ी थी। तभी शनि आदि ने उसकी कार के डेस्क बोर्ड में रखे 37 हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

सार-संक्षेप

एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में बटरफ्लाई मेकिंग कंपटीशन में शामिल हुए बच्चे

बिल्सी ,अमृत विचार : एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बटरफ्लाई मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने कागज की कटिंग करके बटरफ्लाई बनाकर उसको सुंदर ढंग से सजाया प्रतियोगिता में पारुल राजपूत, वंश गौतम, वंशिका चौहान, पायल तोमर, साक्षी सागर, अनुराधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संकेत, सृष्टि तोमर, विश्वजीत, शिवि रानी, रिद्धि सक्सेना, सेजल, वंशिका राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्या राठौर, दिव्यांशी चौहान, शिवांश, आदित्य कुमारी, साक्षी शाक्य, गुनगुन, दिव्यांशी राजपूत, शिवांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह ने सभी बच्चों की बटरफ्लाई की काफी प्रशंसा की। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार व कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह कोऑर्डिनेटर कर्मेंद्र सिंह एक्टिविटी इंचार्ज कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश कुमारी, वीना सिंह, प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, आदि मौजूद रहे।

हमला करने के आरोपी को मिली जमानत

बदायूं, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चित्रांश नगर निवासी आलोक उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह 19 अगस्त को अपनी पत्नी, बच्चे व सालों के साथ बिसौली से आ रहे थे। रास्ते में कार निकालने को लेकर विवाद हुआ। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में गांव सिलहरी के पास कुछ लोगों ने उनकी कार और उनपर हमला किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी डॉ. वैभव राठौर को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। मंगलवार को डॉ. वैभव को जमानत मिल गई।

नहीं थम रहा संक्रामक रोगों का प्रकोप

बदायूं, अमृत विचार : जिले भर में फैल रहे संक्रामक बीमारियों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ा दी हैं। हर गांव में बुखार और वायरल के बाद अब मलेरिया के मरीज भी मिलने लगे हैं। गंगा किनारे के गांवों में स्थिति बद से बदतर हो रही है। गांवों में मच्छर बड़े पैमाने पर फैल रहे हैं। उसहैत क्षेत्र के जटा गांव में मलेरिया के कई मरीज हैं। जबकि बुखार के कई दर्जन मरीज गांव में हैं जिन्हे सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। प्रेमी नगला गांव के रामनिवास का कहना है कि करीब दस दिन से पचास से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। बुखार पीड़ितों को झोलाछाप लूट रहे हैं। अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उसहैत की टीम देखने को नहीं पहुंची है।

किराना की दुकान से 50 हजार की चोरी

कुंवरगांव, अमृत विचार : सोमवार रात चोरों ने बदायूं-आंवला मार्ग पर गांव हुसैनपुर स्थित किराना की दुकान के शटर के ताले तोड़कर चीनी व बेसन के कट्टे समेत लगभग 50 हजार की चोरी कर ली। गांव हरिनगला निवासी बिंटू पुत्र धर्मपाल मंगलवार सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए पहुंचे। शटर के ताले टूटे मिले। उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस बिंटू को गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। इससे पहले भी क्षेत्र में चोरी हो चुकी हैं लेकिन पुलिस ने खुलासा नहीं किया। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। पान पुड़िया ही चोरी हुई है। बाकी जांच की जा रही है।

शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वालों को किया सम्मानित

एटा। मंगलवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला अवागढ़ हाउस निवासी प्रशांत उपाध्याय, थाना मलावन क्षेत्र के गांव थरौली निवासी वीरेन्द्र सिंह अध्यापक ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने उन्हें कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। जनपद में अभी तक तीन दर्जन से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए गए हैं।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

सहसवान, अमृत विचार : सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी मोहम्मद मियां पुत्र मोहम्मद अली बाजार से दवाएं खरीदकर साइकिल से वापस लौट रहे थे। रास्ते में प्रमोद इंटर कॉलेज के पास गोपालगंज की ओर से तेज रफ्तार से आए बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार मोहम्मद मियां आगे चल रही नगर पालिका के ट्रैक्टर में जा घुसे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार मौके से भाग गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

एक महीने बाद दर्ज की सड़क हादसे की रिपोर्ट

उझानी, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला किला खेड़ा निवासी कुशराज मथुरिया पुत्र अनिल मथुरिया ने तहरीर देकर बताया कि 31 जुलाई को अपनी बहन युक्ति के साथ कार से बदायूं जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित ढाबा के सामने पीछे से तेज रफ्तार से आई पिकअप ने उनकी कार को टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित की तहरीर पर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तो पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। तकरीबन एक महीने के बाद पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बीएड और एमएड पाठ्यक्रम के बारे में दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड और एमएड कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें दोनों के पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। संकाय अध्यक्ष प्रो. सुमित्रा कुकरेती ने बताया कि शिक्षा विभाग इस संकाय की आत्मा के रूप में कार्य करता है। प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. तरुण राष्ट्रीय, डॉ. प्रतिभा सागर, डॉ. प्रेमपाल सिंह, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. रश्मि रंजन मौजूद रहीं।

पिता ने चाकू से वार कर बेटे को मार डाला, खुद पहुंच गया थाने

एक माह पूर्व पुत्रवधू से कहासुनी के बाद घर से चला गया था राजाराम

पीलीभीत कार्यालय

- मंगलवार को घर पहुंचा तो हो गई कहासुनी.बेटे को चाकू से गोद दिया
- बेटे की हत्या करने के बाद थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया

अमृत विचार: शहर से सटे ग्राम चिड़ैयादाह में पिता ने चाकू से बेटे की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी पिता खुद सुनगढ़ी थाने जा पहुंचा। एएसपी ने मौका मुआयना किया। मृतक की पत्नी ने ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

रामप्रताप।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम चिड़ैयादाह के रहने वाले रामप्रताप (32) की शादी सात साल पहले हुई थी। वह पत्नी ममता, दो बच्चों और पिता राजाराम के साथ रहता था। कुछ दिनों से राजाराम का पुत्रवधू ममता से विवाद होता रहता था। गृहक्लेश बढ़ने पर एक माह पूर्व राजाराम घर से कहीं चले गए। बीच में कभी कभार गांव आते थे। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे राजाराम घर पहुंचे। ममता घरेलू काम में लगी थी। आरोप है कि घर पहुंचकर राजाराम ने गाली गलौज शुरू कर दी। इससे ससुर और बहू के बीच झगड़ा होने लगा। शोर सुनकर बेटा रामप्रताप पहुंच गया। उसने पिता को समझाने का प्रयास किया। इस पर राजाराम ने बेटे से झगड़ा शुरू कर दिया। गुस्साये राजाराम ने चाकू निकालकररामप्रताप के पेट पर बार कर दिया। चाकू लगने से रामप्रताप की मौके पर मौत हो गई। बेटे की हत्या करने के बाद राजाराम सुनगढ़ी थाने जा पहुंचा और बोला- मैं अपने बेटे की हत्या करके आया हूं। ये बात सुनकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी दंग रह गए। पुलिस ने फौरन आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे घटना स्थल पर ले जाया गया। घर में रामप्रताप का शव पड़ा मिला। एएसपी विक्रम दहिया मौके पर जा पहुंचे।

> चिड़ैयादाह गांव में पिता ने अपने बेटे की चाकू से हमला करके हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पिता खुद थाने आया, जिसे उसे हिरासत में ले लिया गया है। मृतक की पत्नी से मिली तहरीर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
>
> **- पवन कुमार पांडेय**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

जुलूस- ए-मोहम्मदी में डीजे लाने पर लगाई रोक

बरेली, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला कंघी टोला में जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर बैठक की गई, जिसमें अंजुमंन से अपील की गई कि वह जुलूस ए मोहम्मदी के मौके पर डीजे लगाने पर पाबंदी करें।

नूरी रजा मस्जिद के इमाम मौलाना बिलाल ने कहा कि अभी हम सबने देखा कि उर्स-ए-रजवी में जायरीन की शहर के लोगों ने आला हजरत की मोहब्बत में उनकी खिदमत की। जिससे दुनियाभर में बरेली की मेहमान-नवाजी और आला हजरत से मोहब्बत का पैगाम पहुंचता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जुलूस में आते समय डीजे लगाकर लाते हैं। अंजुमनों से अपील है कि वह शरीयत के दायरे में ही रहकर जुलूस ए मोहम्मदी निकालें। अंजुमन ए आशिकाने रजा के सदर परवेज नूरी ने कहा कि हमें शरीयत और आला हजरत के फरमानों पर पूरी तरह से अमल करना चाहिए। अगर कोई जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे या दूसरी हराम चीजों का इस्तेमाल करता है, तो उसे अपनी अंजुमन में शामिल नहीं करना चाहिए।

एनआईसी में हो रहे निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

एनआईसी में निर्माण का निरीक्षण करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने को आदेश दिए। इसके साथ ही उनके द्वारा नवादा पहुंचकर बसों का रूट डायवर्जन चेक किया व संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों से कहा कि आमजन को रूट डायवर्जन से परेशानी ना हो। इसकी संपूर्ण व्यवस्था कर ली जाए तथा लागू किए गए रूट डायवर्जन को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि डायवर्जन लागू होने से जनता को राहत मिली है और यह डायवर्जन आगे भी लागू रहेगा। वहीं उन्होंने वन विभाग वाले रोड का भी निरीक्षण कर संबंधित विभाग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एमएससी प्राणी विज्ञान की काउंसिलिंग के दौरान हंगामा

बरेली अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय में एमएससी प्राणी विज्ञान की काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों ने मेरिट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। विद्यार्थियों का आरोप है कि बीएससी अंतिम वर्ष का परिणाम आने से पहले ही मेरिट लिस्ट बना दी गई, इसकी वजह से उनके अंक नहीं जुड़े और वह मेरिट में नीचे चले गए। हंगामा की वजह से काउंसलिंग को रोक दिया गया। छात्रों ने नई मेरिट बनाकर काउंसलिंग की मांग की है।

एमएससी प्राणी विज्ञान के प्रथम सेमेस्टर में 33 सीटों पर प्रवेश के लिए मंगलवार को काउंसिलिंग हुई। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने जब प्रवेश के लिए आवेदन किया था तब बीएससी फाइनल का परिणाम नहीं आया था। इस कारण वह बीएससी फाइनल के अंक फार्म में नहीं भर पाए थे। रिजल्ट आने से पहले ही मेरिट लिस्ट बना दी गई और उनके अंक नहीं जुड़ने से वह मेरिट में नीचे चले गए। हंगामे की सूचना पर छात्र नेता गजेंद्र कर्मी भी पहुंच गए। उन्होंने तत्काल मेरिट लिस्ट को निरस्त कर नए सिरे से काउंसलिंग कराने की मांग उठाई। विद्यार्थियों का रुख देखकर काउंसलिंग को रोक दिया गया।

मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि कुछ छात्रों के परीक्षा और वेटेज के अंक नहीं जुड़ पाने के कारण यह समस्या आई है।

प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेंगे बदायूं के 34 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मिर्जापुर में होने वाली प्रतियोगिता में 72 खिलाड़ियों का हुआ है चयन
- बदायूं से 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया

अमृत विचार: मिर्जापुर में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर 72 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें बदायूं का जलवा रहा है। अकेले बदायूं से 34 खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। शेष 38 खिलाडी बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के चयन हुए हैं। चयनित सूची में बालिका वर्ग से 18 और बालक वर्ग से 16 खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खेलेंगे।

हाल ही में जिले के अंदर मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में बदायूं की टीमों का दबदबा रहा। बालक वर्ग के तीनों फॉर्मेट की टीमें विजेता रहीं। वहीं बालिका वर्ग में जूनियर और सब जूनियर की टीमें विजेता बनी। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के बाद 9 से 13 सितंबर तक राज्यस्तरीय प्रतियोगिता प्रदेश के जिला मिर्जापुर में संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता के लिए बालक और बालिका वर्ग की टीमों को घोषित किया गया है। चयनित सूची में 72 खिलाड़ियों के नाम शामिल किए गए हैं। इस सूची में अकेले बदायूं के 34 खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। 38 खिलाडी बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के शामिल किए गए हैं। टीम घोषित होने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने चयनित खिलाड़ियों का बजन कराने के आदेश दिया है। खिलाड़ियों का बजन सात और आठ सितंबर को किया जाएगा।

अधिकारी बताकर की ठगी

बरेली/ सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज के गांव सरनिया निवासी शकील के मुताबिक सोमवार को उनके मोबाइल पर कॉल करने वाले ने कहा कि वह साइबर क्राइम लखनऊ से बोल रहा है। उनके खिलाफ मुकदमा लिखा ला रहा है, यदि बचना चाहते हो तो जैसा कहूं वैसा करो। डर की वजह से उन्होंने 11 हजार 500 रुपये गूगल पे से भेज दिए। कुछ देर बाद 28 हजार रुपये और मांगे गए तो उन्हें ठगी का पता चला।

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार बिल्सी, बदायूं

वाद संख्या सन् 2024 ई.

बब्लू पुत्र अंगन लाल नि. मु.नं. 5 बिल्सी तह. बिल्सी, बदायूं ..... वादी

बनाम

1. प्यारे लाल पुत्र अंगन लाल 2. सत्यपाल पुत्र अंगन लाल निवासीगण मुहल्ला नं. 5 बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं 3. गंगाप्रसाद पुत्र अंगन लाल 4. सत्यपाल पुत्र अंगन लाल निवासीगण मुहल्ला न. 6 बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं 5. महीपाल पुत्र सालिकराम 6. मक्खन पुत्र सालिकराम निवासीगण मुहल्ला नं. 1 बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 10.09.2024 के दिवस को सम्यक रूपेणा अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 02.09.2024 के दिवस को निकाली गई।

आदेशानुसार
न्यायालय श्रीमान् तहसीलदार
बिल्सी, बदायूं

उपभोक्ता फोरम ने बकाया बिल व डिमांड नोटिस को किया निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- साल 2018 मे चक्की के लिए लिया गया था बिजली कनेक्शन फिर से चालू करने का दिया आदेश

अमृत विचार : उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष संजीव यादव ने परिवादी का परिवाद स्वीकार करते हुए उसके ऊपर बकाया धनराशि 9 लाख 19 हजार को निरस्त करने का आदेश जारी किया है। साथ ही 4 जून 2019 को जारी बिल और डिमांड नोटिस को भी निरस्त करने को कहा है।

गांव मिर्जापुर सोहरा निवासी परिवादी ने 3 सितंबर 2020 को परिवाद दायर किया था। बताया कि उसने एक बिजली का कनेक्शन साल 2018 में लिया था।

जिसके संबंध मे बिजली विभाग उस पर अलग-अलग तिथि पर बिल का बकाया दिखाकर नौ लाख रुपए से ज्यादा का बकाया दिखा दिया। और उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जबकि बिजली बिल 14 महीने तक कनेक्शन लगाने के बाद तक नहीं आया था। पहला बिल जून 2019 में कल्पनिक रीडिंग दिखा एक लाख 66 हजार से ऊपर का बिल बनाकर भेजा गया। जमा न करने पर कनेक्शन काटने की बात कह दी। परिवादी ने विभाग को भी कई जगह सूचना दी पर कोई समाधान नहीं निकला। तब परिवादी ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली। जहां अध्यक्ष और सदस्यों ने विपक्षी के द्वारा सेवा मे कमी मानी और परिवादी पर दर्शायी धनराशी नौ लाख 19 हजार रुपए के निर्देश को निरस्त कर दिया। साथ में डिमांड नोटिस में जारी दो लाख 52 हजार रुपए को भी निरस्त कर दिया।

एमकॉम की पहली मेरिट जारी, आज तक होंगे प्रवेश

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज ने एमकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट मंगलवार को जारी कर दी। मेरिट में शामिल छात्रों के मंगलवार से प्रवेश शुरू हो गए। छात्र बुधवार तक प्रवेश ले सकेंगे। उन्हें पोर्टल पर शुल्क जमा करने के साथ विभाग में जरूरी दस्तावेज के साथ पहुंचना होगा। ओपन मेरिट इंडेक्स 84.56 से 64.20 रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग में सभी विद्यार्थी 10 बजे से 2 बजे तक पहुंचें। विद्यार्थियों को अपने साथ सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना अनिवार्य है।

मोटरसाइकिल चोरी

एटा। रोहित यादव निवासी सिकंदराराऊ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 फरवरी को वह एटा क्षेत्र के सिंधी कालोनी रामदरबार के पास बाइक खड़ी कर चला गया। इसी दौरान चोर बाइक चोरी कर ले गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत जलालनगर, वि.खं. मझगवां, बरेली

निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जलालनगर की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार विभिन्न कार्यो कराये जाने हैं जिसमें निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.09.2024 को 12:30 तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 02 बजे खोली जाएंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	मद
01.	जगदीश के घर से पप्पू के घर तक सी.सी. निर्माण	22,16,55/-	पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग
02.	अहसान के घर से नन्हें के घर तक सी.सी. निर्माण।	57,307/-	पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग
03.	करलाल के घर से तारा चन्द्र के घर तक सी.सी. निर्माण।	43,37,56/-	पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त आयोग

ग्राम प्रधान- नेमवती **सचिव- हेमन्त श्याम**

दो पैन कार्ड मामले में 5 को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने गवाह प्रवीण कटियार को दोबारा बुलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति लगाई। अब इस मामले की सुनवाई 5 सितंबर को होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने के आरोप में सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां व अब्दुल्ला आजम सजा काट रहे हैं। दो पैन कार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने गवाह प्रवीण कटियार को दोबारा बुलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति लगाई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र दिया कि गवाह प्रवीण कुमार कटियार को जिरह के लिए बुलाया जाए। इस पर अभियोजन ने आपत्ति की। अब इस मामले में 5 सितंबर को सुनवाई होगी।

महिला सिपाहियों के पैसों पर मौज करता था 8वीं पास राजन

बरेली कार्यालय

- एक महिला सिपाही से शादी की लेकिन हकीकत पता चलने पर सिपाही ने बना ली थी दूरी

अमृत विचार : फर्जी सिपाही राजन आठवीं पास है लेकिन वह महिला सिपाहियों के पैसों पर मौज करता था। महिला सिपाहियों को बैंक से लोन दिलाकर महंगी गाड़ियों में घूमने के साथ होटलों में रुकता था। उसने एक महिला सिपाही से शादी भी कर ली थी लेकिन महिला सिपाही ने हकीकत पता चलने पर उससे दूरी बना ली थी।

कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि राजन ने लखनऊ में प्लाट दिलाने का झांसा देकर महिला सिपाही के आधार कार्ड और पैन कार्ड की छायाप्रति खाता खुलवाने के नाम पर ले ली थी। उसने फाइनेंसर से साठगांठ कर पे-स्लिप बनवा कर महिला सिपाही के नाम से बैंक ऑफ बडोदा से 23 लाख 50 रुपये का लोन लेकर लग्जरी गाड़ी निकलवा ली। जब महिला सिपाही के खाते से हर महीने 38 हजार रुपये की किस्त कटने लगी तो उसने बैंक में जाकर पता किया तो लोन का पता चला।

आरोपी से बात करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजन को लग्जरी गाड़ियों और कपड़ों की लत लग गई थी। वह महंगे होटलों में रुकता था। उसने अलग-अलग जिलों की जिन महिला सिपाहियों को अपने जाल में फंसाया, उसने उन सभी से ठगी की।

> महिला सिपाही से दुष्कर्म करने और लाखो रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी खुद को पुलिस में तैनात बताता था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कई खुलासे किए हैं।
>
> **-राहुल भाटी**, पुलिस अधीक्षक नगर

बहू ने सास को पीटकर मार डाला, पति को भी पीटा

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)

अमृत विचार : सैफनी थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी मुर्शिद खां मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के चौधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। वह चौधरपुर में ही किराए का कमरा लेकर अपनी पत्नी मरजीना, 75 वर्षीया मां हमशीरन और बच्चों के साथ रहता है। मुर्शिद का आरोप है कि सोमवार की रात करीब ढाई बजे मरजीना ने उसे मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसकी मां को पीटने लगी। पत्नी की पिटाई से उसकी मां हमशीरन की मौके पर ही मौत हो गई। करीब एक घंटे बाद वह कमरे से बाहर आया लेकिन, पत्नी ने डरा धमका कर खामोश कर दिया।

मंगलवार की सुबह वह अपनी मां का शव लेकर पत्नी के साथ गांव पहुंचा। मां के दफन की तैयारी के दौरान परिवार के अन्य लोगों ने हमशीरन के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान देखे तो मामला गरमा गया। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह ने जांच की तो असलियत सामने आ गई।

चंडीगढ़-गोरखपुर त्योहार विशेष गाड़ी से यात्रियों को मिलेगी राहत

बरेली, अमृत विचार : रेलवे ने आगामी त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए चंडीगढ़-गोरखपुर-चंडीगढ़ त्योहार स्पेशल गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है।पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर त्योहार स्पेशल 24, 31 अक्टूबर और 7, 14 नवंबर को चंडीगढ़ से 23 :15 बजे चलकर दूसरे दिन अंबाला कैंट 00 :25 बजे, सहारनपुर 02 :30 बजे, मुरादाबाद 06 :20 बजे, बरेली 07 :42 बजे और लखनऊ 11 :45 बजे पहुंचेगी। वहीं वापसी यात्रा में 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ त्योहार स्पेशल 25 अक्टूबर और 1, 8 और 15 नवंबर को गोरखपुर से 22 :05 बजे चलकर लखनऊ 03 :10 बजे, बरेली 07 :02 बजे और मुरादाबाद08 .48 बजे बजे पहुंचेगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ

पत्रांक- 1154/न0ख0प्र0ब0/टेण्डर/2024-25/ दिनांक-28.08.2024

अल्पकालीन निविदा संख्या-02/अधि0अभि0न0ख0प्र0ब0/2024-25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा रसूलपुर पम्प नहर, बदायूँ के आधुनिकीकरण की परियोजना के अन्तर्गत मुख्य नहर के दोनों बैंकों के सुदृढ़ीकरण, डोले एवं सर्विस रोड पर मिट्टी के कार्य हेतु मुहरबन्द पृथक अल्पकालीन निविदायें, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदाताओं से दिनांक- 16.09.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। मुहरबन्द निविदायें दिनांक 16.09.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक-16.09.2024 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक-07.09.2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 14.09.2024 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। कार्यो के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जोकि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ के पक्ष में बन्धक होगी, जमा कराना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। यह निविदा/बिड सिंचाई विभाग की वेबसाईट www.idup.gov.in एवं सूचना निदेशक की वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेगी। कार्यो के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी। निविदा का कार्य विवरण, धरोहर धनराशि एवं अन्य विवरण निम्नवत् है:-

लॉट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू0) (जी0एस0टी0 रहित)	धरोहर राशि (लाख रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)	पंजीकृत श्रेणी (सिविल/यांत्रिक कार्य हेतु)
01	जनपद बदायूँ के विकास खण्ड-सालारपुर में अरिल नदी पर स्थापित रसूलपुर पम्प नहर के मुख्य नहर के दोनों बैंकों का सुदृणीकरण का कार्य (चैनेज 3.25 कि0मी0 से 4.50 कि0मी0 तक)	8.18	0.16	45 दिवस	225.00 + जी0एस0टी0 + 500.00 स्टेशनरी	"सी" अथवा उच्च श्रेणी (सिविल)

नोटः- 1. निविदा से सम्बन्धित विशेष शर्तें/अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। 2. निर्माण कार्य हेतु समस्त सामग्री, श्रमिक एवं उपकरणों सहित विभागीय मानक/ड्राइंग/कास सेक्शन के अनुरूप पूर्ण किया जाना है। सभी कार्यो का सम्पादन बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार कराया जाना है। 3. सभी लिफ्टों को प्रभारी अभियन्ता के निर्देशानुसार मिट्टी की लागत के साथ पूरा किया जायेगा, रॉयल्टी को छोड़कर, सरकार के आदेशों पर समय-समय पर आवेदन किया जायेगा।

(सूर्य प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड-प्रथम, बदायूँ

UP-219011 दिनांक 02.09.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्टों के विवाद मध्यस्थता योग्य नहीं:हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीपीसी की धारा को स्पष्ट करते हुए कहा कि सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्टों से संबंधित विवाद मध्यस्थता योग्य नहीं है और उन्हें सीपीसी की धारा 92 के तहत निपटाए जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सीपीसी की धारा 92 के प्रावधान सार्वजनिक उद्देश्यों या धर्मार्थ या धार्मिक प्रकृति के लिए बनाए गए सार्वजनिक धर्मार्थ/ट्रस्टों के विवादों को देखती है, जिसमें कानूनी कार्यवाही करने के लिए पूरी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यह कानून विशिष्ट विवादों के लिए मध्यस्थता को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करता है। ऐसे में पक्षकार की सहमति से मध्यस्थ को अधिकार क्षेत्र नहीं दे सकते। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने वाणिज्यिक न्यायालय, मेरठ के आदेश को चुनौती देने वाली संजीत सिंह सलवान और चार अन्य द्वारा अपील को खारिज करते हुए पारित किया। उक्त ट्रस्ट वर्ष 1970 से धर्मार्थ गतिविधियों में संलग्न है और मेरठ में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल का प्रबंध भी करती है। ट्रस्ट और स्कूल की सदस्यता तथा प्रसाद को लेकर के वाद उत्पन्न हुआ था।

भाजपा के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा, सम्मान का भावः मुख्यमंत्री

भाजपा से जुड़ना चाहते हैं देश की माटी से प्यार करने वालेः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भाजपा से जुड़ना चाहता है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को विश्वेश्वरैया सभागार में भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को 8800002024 पर मिस्डकॉल से प्राप्त सदस्यता प्रमाण पत्र की प्रति सौंपने के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान की लांचिंग हुई।

योगी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने की अपील की। कहा कि उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है। जब हम लोग उस तक पहुंचते नहीं हैं तो उसको पीड़ा होती है। तब वह उन संकीर्णताओं के दायरे में आता है, जो जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर भारत के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने के लिए फैलाई जाती हैं। इन स्थितियों में हमें हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।

विश्वेश्वरैया सभागार में भारतीय जनता पार्टी रे सदस्यता कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा। ● अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए देश सर्वोपरि

देश सर्वोपरि का मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता कह सकता है कि उसके लिए दल से बढ़कर देश है। उन्होंने कहा कि 1977 में जब लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था, तब भारतीय जनसंघ का विसर्जन करते हुए जनता पार्टी के रूप में देश के अंदर विपक्षी दलों का जो गठबंधन बना था, उसमें हमारे नेतृत्व ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया था। इसी तरह, प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में इस सदी की सबसे बड़ी माहामारी कोरोना के दौरान 140 करोड़ भारतीयों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना ''सेवा ही संगठन है'' के राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ करके दिखाया है।

संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए एक माह और मिला

लखनऊ, अमृत विचार। राज्य सरकार के शिक्षकों समेत सभी कार्मिकों मानव संपदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का ब्योरा देने के लिए एक माह अतिरिक्त मिल गया है। पहले 31 अगस्त तक ब्योरा न देने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के अगस्त माह का वेतन रोकने का आदेश मुख्य सचिव ने दिया था। इससे लाखों कार्मिक परेशान थे, मगर मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहत मिल गई। कार्मिक विभाग ने राज्य के सभी 17 लाख 78 हजार 405 कार्मिकों को वर्ष 2023 की चल-अचल संपत्तियों का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर देने के लिए अनिवार्य कर रखा है। इसके लिए पिछले सात माह से तमाम आदेश शासन और विभागाध्यक्षों की ओर से जारी होते रहे हैं।

मेरठ में जेई की बेटी के अपहरण मामले में तीन लोग गिरफ्तार

तीन करोड़ की फिरौती मांगी थी, मुठभेड़ के बाद पकड़े गए

मेरठ,एजेंसी

जिले में जल निगम में तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) की बेटी का अपहरण कर तीन करोड़ रुपये की फिरौती मांगे जाने के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जेई के पूर्व वाहन चालक ने अपने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक जल निगम का कर्मचारी भी है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) आयुष विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर इलाके से सोमवार की दोपहर जल निगम में तैनात कनिष्ठ अभियंता महबूब की 7 साल की बेटी मायशा का अपहरण कर लिया गया था। बच्ची के पिता के मुताबिक, उनसे बेटी की सकुशल रिहाई के लिये तीन करोड़ रुपये फिरौती मांगी गयी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे इलाके की नाकाबंदी करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अपहरण होने के करीब दो घंटे बाद ही बच्ची सकुशल घर वापस आ गयी। पड़ताल के दौरान जेई के पूर्व वाहन चालक आकाश की भूमिका संदिग्ध पायी गयी। सोमवार देर रात पुलिस को आकाश और उसके दो साथियों के नौचंदी ग्राउंड के पास मौजूद होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर आकाश और उसके साथियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। खुद को पुलिस से घिरा देखकर इन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलाकर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आकाश (27) और उसका साथी राजू (35) घायल हो गये। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सर्राफा डकैती कांड के तीन बदमाश मुठभेड़ में पकड़े गए

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः बीते बुधवार को दिन दहाड़े नगर कोतवाली क्षेत्र के चौक मेजरगंज इलाके के ठठेरी बाजार में भरत जी सर्राफ की दुकान पर हुई डकैती कांड को लेकर लगातार दबिश दे रही पुलिस को सोमवार रात सफलता मिली।

तीन डकैतों को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ लिया गया। एक सिपाही को भी गोली लगी। मीडिया से बात करते हुए एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि डकैती की घटना को अमेठी, रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर व आजमगढ़ के 15 डकैतों ने अंजाम दिया था। मंगलवार को भोर में तीन बाइक सवार संदिग्ध नगर कोतवाली क्षेत्र में इमलिया गांव की तरफ से आ रहे थे। पुलिस टीमों ने घेरा बंदी करते हुए बाइक सवार डकैतों को रोकने की कोशिश की लेकिन उन लोगो ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने गोड़वा इंटर कॉलेज के पास आरोपियों को घेर कर आत्म रक्षा में फायरिंग की गई।जिससे तीनों डकैतों के पैर में गोली लग गई वही डकैतों की गोली से स्वाट टीम के आरक्षी शैलेश राजभर हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन, पुष्पेंद्र सिंह, निवासी अमेठी व त्रिभुवन निवासी अमेठी के रूप में हुई।

डकैती का खुलासा करते एसपी सोमेन बर्मा।

● **एसपी ने कहा-अंतर राज्यीय 15 डकैतों ने घटना को दिया था अंजाम**

अपराधियों पर हो कानून के तहत कार्रवाईः मायावती

लखनऊ, अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा सरकार के वक्त उन्होंने कानून का राज स्थापित किया था। कहा कि देश में आपराधिक तत्वों के अपराध की सजा उनके परिवार वालों व उनके नजदीकी लोगों को नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुलडोजर का इस्तेमाल अब सुप्रीम कोर्ट के आने वाले निर्णय के अनुसार होना चाहिए। हालांकि, उचित होगा कि इसका इस्तेमाल करना ही न पड़े, क्योंकि अपराधियों से सख्त कानून के तहत भी निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर के इस्तेमाल के बजाय संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

नवाब कांडःछोटे भाई ने पॉक्सो कोर्ट में किया समर्पण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के छोटे भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव ने पुलिस की 12 टीमों को चकमा देकर मंगलवार को वकील के साथ पॉक्सो कोर्ट में समर्पण कर दिया। इसके बाद आरोपी ने हंसते हुए कहा कि पुलिस उनको पकड़ ही नहीं पाई। कन्नौज के नवाब प्रकरण में जिस फरार आरोपी नीलू यादव की तलाश में एसपी अमित कुमार आनन्द ने 12 टीमें लगाई थीं, उसे उसने चकमा देकर मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे पॉक्सो कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। नीलू के सरेंडर करने की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस कोर्ट पहुंची और परिसर की सुरक्षा बढ़ाई गई। 21 अगस्त को पुलिस ने पीड़ित किशोरी की बुआ को गिरफ्तार किया था। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद रेप पीड़िता की बुआ व सह आरोपी ने नीलू द्वारा लालच देकर साक्ष्य मिटाने व जांच प्रभावित करने के लिए प्रलोभन दिए जाने की बात कबूल की थी।

मुझे और जज साहिबा को इनाम की राशि मिले

कोर्ट में नीलू के समर्पण के बाद बाहर निकले उनके वकील ने ऑन कैमरा हास्यास्पद बयान दे डाला। मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब देते समय इतने उत्साहित हुए कि बोले पुलिस ने सच में इनाम घोषित किया है और यह बात हवा हवाई नहीं है तो नीलू को हमने हाजिर कराया है। ऐसे में इनाम की राशि मुझे व मेरी जज साहिबा को मिलनी चाहिए।

आईटीआई के छात्र करेंगे ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं का सर्वे

लखनऊ, अमृत विचार। आईटीआई के छात्र ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं का सर्वे करेंगे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने मीटर न होने के बाद भी बिजली बिलों में मीटर संख्या दर्ज होने की शिकायत पर सर्वे कराने का निर्देश दिया है। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को जारी निर्देश में ग्रामीण उपभोक्ताओं की ओर से आ रही ऐसी शिकायतों का उल्लेख किया गया है। कहा गया है कि वितरण निगम अपने क्षेत्र में चार गांवों का चयन कर सर्वे कराने का काम शुरू करें।

शिक्षक भर्ती : मंत्री के घर के बाहर 4 अभ्यर्थियों की तबियत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे चार अभ्यर्थियों की हालत मंगलवार को बिगड़ गई। पुलिस ने उन्हें अपने वाहन से अस्पताल भेजा।

नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपना दल नेता और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के आवास पर प्रदर्शन किया। तेज धूप और उसम के कारण बस्ती की पूजा जायसवाल, गोरखपुर की प्रिया कुमारी, आजमगढ़ के राजबहादुर और जौनपुर के परमेन्द्र यादव की तबीयत खराब हो गई। चारों को पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल भेजा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के घेराव के दौरान अभ्यर्थी मोहम्मद इरशाद को दिल का दौरा पड़ा था। उभी उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। अभ्यर्थी हाईकोर्ट लखनऊ की डबल बेंच के फैसले का पालन किए जाने की मांग को लेकर मंत्री के घर के सामने धरने पर बैठे। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यार्थियों ने नारेबाजी की। बाद में पुलिस ने उन्हें ईको गार्डन भेज दिया।

नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर प्रदर्शन करते शिक्षक भर्ती आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी।

● **पुलिस ने चारों अभ्यर्थियों को अपने वाहन से भेजा अस्पताल**

वर्ग पहेली-181

बाएं से दाएं

1. 1. कहना, बोलना, वाणी से व्यक्त करना 2. वर्णन करना।
4. नेत्रों में आंसू आ जाना।
7. गिरह या गांठ में बंधा हुआ धन काटने वाला व्यक्ति, पाकिटमार, जेबकतरा।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रकार की डंड बैठक, एक व्यायाम।
2. 1. मच्छर 2. शरीर पर होने वाला मस्सा 3. शाकद्वीप में स्थित एक प्रदेश।
3. जीवाणुरोधी रसायन; प्रतिजैविक अर्थात सूक्ष्म जीवों का विनाश करने वाली औषधि।
5. एक प्रत्यय जो शब्दों के अंत में जुड़कर निम्न अर्थ देता है- 1. वहन करने वाला; ढोने वाला
6. 1. सन या पटसन का बना हुआ मोटा कपड़ा जिससे बोरे बनते हैं



वर्ग पहेली -180 का हल

1 जा	टू	■	2 अ	■	3 अ
ह	■	4 अ	प	रा	धी
■	5 सु	■	च	■	र
6 च	र	ण	र	ज	■
■	मे	■	ण	■	7 कि
■	दा	■	■	■	ल
■	नी	■	8 फ़ा	रि	क

जमीअत ने बुलडोजर कार्रवाई का ब्यौरा जुटाना शुरू किया

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचारः सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर जमीअत उलमा हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए आरोपियों के आशियाने गिराने की कार्रवाई को कठघरे में खड़ा किया है। अवैध निर्माण का संरक्षण नहीं करते हुए कोर्ट ने इस बारे में मार्गदर्शक सिद्धांत की जरूरत बताते हुए अगली सुनवाई 17 सितंबर तय की है। इसे देखते हुए जमीअत ने जहां कहीं भी बुलडोजर कार्रवाई हुई है, उसका पूरा ब्यौरा एकत्र करना शुरू कर दिया है, ताकि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी तथ्य रखे जा सकें।

जमीअत उलमा हिंद ने याचिका में तीन राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए बुलडोजर एक्शन लेने का आरोप लगाते हुए इसे रोकने की गुहार लगाई है। अब इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखने के लिए बुलडोजर कहां, कब और क्यों चला? कार्रवाई कितनी वैध थी, जैसे बिंदुओं पर डाटा एकत्र करना तय हुआ है। जमीअत की टीम गिराये गये घरों के आसपास रहने वाले लोगों से बात करेगी और जिनका घर गिराया गया है, उनके परिजनों के बयान लेगी। संगठन का कहना है कि इसमें हिंदू-मुस्लिम का भेद नहीं है, जहां कहीं बुलडोजर कार्रवाई हुई है, सभी का ब्यौरा जुटाया जाएगा।

● **सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर 17 सितंबर की सुनवाई में मजबूती से रखा जाएगा पक्ष**

इन बिंदुओं पर जुटाए जा रहे तथ्य

1- जिसके यहां बुलडोजर चला, उसका पुराना अपराधिक इतिहास
2- जिसका घर गिराया गया है, उसके पड़ोसियों का क्या कहना है?
3- एफआईआर दर्ज होने या अपराध के कितने दिनों बाद बुलडोजर चला।
4- बुलडोजर किस विभाग का था, किस विभाग ने कार्रवाई की।
5- जिस मकान पर बुलडोजर चला है, वह किसके नाम था, अपराधी से संबंध।
6- बुलडोजर कार्रवाई के पहले विभाग ने कितनी बार नोटिस दी।
7- अपराध करने के 24 घंटे के अंदर किस अपराधी का घर गिराया गया।
8- यदि अतिक्रमण करके आशियाना बनाया गया था, तो मकान कब से बना था।
9- यदि कोई मकान वर्षों से अवैध बना है तो अभी तक क्यों नहीं दिखा।
10- किसी आशियाना को गिराने का वैधानिक आधार क्या था।

सुडोकू -94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9				5		4	2	1
	7		2			9		
3		2	4		6			
		5		8			9	
	9						7	
	6			2		3		
			3		5	6		8
		3			1		4	
8	4	1		6				5

सुडोकू -93 का हल

7	4	8	3	1	9	6	5	2
2	5	3	4	7	6	9	8	1
1	6	9	8	5	2	7	3	4
8	9	2	7	3	1	5	4	6
5	1	7	9	6	4	3	2	8
6	3	4	2	8	5	1	9	7
3	7	5	1	2	8	4	6	9
9	8	1	6	4	3	2	7	5
4	2	6	5	9	7	8	1	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 09 .46 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज बुद्धिमान लोगों की संगत से आपको लाभ मिलेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों का सही तरह से निर्वहन करेंगे। जीवन में आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। सरकारी तंत्र का सहयोग मिलेगा। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं।

वृष — आज बोलने से पहले आपको एक बार अवश्य सोचना चाहिए। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। आपके घर में अनचाहे मेहमान आ सकते हैं। मौसम में बदलाव आ रहा है इसीलिए अपनी सेहत का खास ध्यान रखें।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में आप अपने सहकर्मियों से प्रभावित रहेंगे। आर्थिक परेशानियां दूर होंगी। समय की अनुकूलता का एहसास होगा। पुराने विवादों का निपटारा हो सकता है। परिवार के साथ आनंद भरा समय व्यतीत करेंगे। व्यापार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

कर्क — आज माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुसंगति से आपको बचना चाहिए। काम को आगे बढ़ाने के नए विकल्प बनेंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिये। नया कारोबार शुरू करने के लिए धन उधार ले सकते हैं।

सिंह — आज लाभ के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। धैर्य और आत्मविश्वास बनाये रखे। आपकी वाक्शैली से सब प्रभावित रहेंगे। घर के बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेमी जन से मीठी और प्यार भारी चर्चा हो सकती है। घर बाहर आपकी पूंछ-परख बढ़ेगी।

कन्या — आज बिजनेस पार्टनर्स के साथ गंभीर चर्चा कर सकते हैं। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही शानदार है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। शोधकार्यों से आपको काफी लाभ मिलेगा।

तुला — आज शराब और नशे के सेवन से दूर रहें। बातों में अधिक उलझने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। पुराने विवाद उभरने की आशंका है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। पीठ और कंधे में दर्द की शिकायत हो सकती है।

वृश्चिक — आज आपके कुछ प्रोजेक्ट्स समय से पहले पूर्ण हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके काफी प्रभावित रहने वाले हैं। विदेश में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। इच्छाशक्ति और संकल्प के बलबूते आप कारोबार का विस्तार कर सकते हैं।

धनु — आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। ज्वेलरी और कपड़े से जुड़े व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। बड़े सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। पिता का मार्गदर्शन लेना उत्तम होगा। अटके हुए काम बन सकते हैं।

मकर — आज धार्मिक कार्यों और विचारों के कारण आपकी कीर्ति बढ़ेगी। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। कारोबार को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। व्यापारिक साझेदारों के साथ संबंध मधुर होंगे। शोधकार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

कुंभ — आज कोई नकारात्मक समाचार मिल सकता है। सनसनीखेज खबरों को ज्यादा प्रसारित न करें। रचनात्मक कार्यों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। आय और व्यय में संतुलन रखें।

मीन — आज संपत्ति के बड़े सौदे आपको मिल सकते हैं। उत्साह और प्रसन्नता में वृद्धि होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ऑनलाइन नए वस्त्र और एक्सेसरीज आप खरीद सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दरार — सुबह : 10 .20
एक से बुरे दो — रात : 08 .15
&pictures
धड़क — सुबह : 11 .11
नोटबुक — रात : 08 .00

SONY PIX
65 — सुबह : 11 .17
इट — रात : 09 .00
ZEE CINEMA
भाई — सुबह : 11 .12
स्पाइडर — रात : 08 .00
colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — सुबह : 11 .31
रुध्रन — रात : 07 .59

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों 2 अक्टूबर के दिन क्या हुआ था?
पप्पू (स्टूडेंट)- अजय देवगन अपनी फैमिली को लेकर सत्संग के लिए पणजी गया था और 3 अक्टूबर को वापस लौटा था।
टीचर छड़ी लेकर - अरे फिल्म से बाहर निकल 2 अक्टूबर को गांधी जी जन्म हुआ था।

शादी के बाद सास दामाद से फोन पर- क्या हाल है बेटा?
दामाद- हमारी छोड़िए मां जी...
आपके घर में तो अब सुकून है न!

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↑
बंद हुआ	82,555.44	25,279.85
गिरावट/बढ़त	4.40	1.15
प्रतिशत में	0.01	0.00

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 4 सितंबर 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2180, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 2060, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1570, सचिन 1605, सूरज 1595, अवसर 1685, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1610, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 1995, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 2025, स्वास्तिक 2150 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10400, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी-डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72700
सिल्वर (पक्की)	848 (अनुमानित)।

विश्व बैंक ने 7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर

कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी आने के कारण विश्व बैंक ने बढ़ाया अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक के अनुमानों के हैं अनुरूप

विश्व बैंक ने 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर के अनुमान को 6.6% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी की वजह से विश्व बैंक ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है। दोनों बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 7% किया है।

समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 से 7% की दर से बढ़ेगा। हालांकि, आरबीआई ने 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान

लगाया है। विश्व बैंक ने इससे पहले जून में अनुमान लगाया था कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6% की दर से बढ़ेगी। उसने अब इसे 0.4% बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून में सुधार, निजी खपत और बढ़ते निर्यात के दम पर भारत के जीडीपी के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया जा रहा है। विश्व बैंक ने जारी इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भारत की वृद्धि दर 2024-25 में 7% रहने की उम्मीद है। चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के बीच विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। 2024-25 में वृद्धि दर 7% तक पहुंचने और 2025-26 तथा 2026-27 में मजबूत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया, मजबूत राजस्व वृद्धि और राजकोषीय समेकन के साथ ऋण-जीडीपी अनुपात 2023-24 में 83.9% से घटकर 2026-27 तक 82% पर आने का अनुमान है। चालू खाते का घाटा (कैड) 2026-27 तक जीडीपी के 1-1.6% के आसपास रहने की उम्मीद है।

मजबूत वृद्धि से गरीबी को कम करने में मिलेगी मदद

विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा कि भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाओं के साथ-साथ घटती मुद्रास्फीति दर से अत्यधिक गरीबी को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत अपनी वैश्विक व्यापार क्षमता का दोहन करके वृद्धि को और बढ़ा सकता है। आईटी, व्यावसायिक सेवाओं और औषधि जहां यह उत्कृष्ट है उसके अलावा भारत वस्त्र, परिधान तथा जूते-चप्पल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक और हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों में निर्यात बढ़ाकर अपने निर्यात खंड में विविधता ला सकता है। कृषि क्षेत्र में सुधार से उद्योग में आई मामूली गिरावट की आंशिक भरपाई होगी और सेवाएं मजबूत रहेंगी। इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) ने कहा कि 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात तक पहुंचने के लिए भारत को निर्यात खंड में विविधता और मूल्य शृंखलाओं का लाभ लेने की जरूरत है।

हल्के विमान और निजी विमान परिचालकों के लिए नए नियम जारी

नई दिल्ली। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने अनुपालन बोझ को कम करने के लिए हल्के विमानों और गैर-अनुसूचित विमान परिचालकों के लिए उड़ान-पात्रता प्रावधानों को सरल बनाने को नए नियम जारी किए हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि नए नियम अगले साल एक जनवरी से प्रभाव में आएंगे। फिलहाल विमानों की उड़ान दो प्राथमिक नागर विमानन प्रावधानों (सीएआर) से तय होती हैं। इन्हें सीएआर-एम और सीएआर-145 के रूप में जाना जाता है। सीएआर-एम में हर तरह के विमानों की निरंतर उड़ान पात्रता शामिल होती है। इनमें अनुसूचित परिचालन, गैर-अनुसूचित परिचालन, उड़ान प्रशिक्षण, सामान्य विमानन और निजी परिचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले विमान शामिल हैं।

आगामी दशकों में कर्ज का मुख्य स्रोत रहेगी घरेलू बचत : पात्रा

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने सीआईआई के कार्यक्रम को किया संबोधित

घरेलू बचत ने बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था की निवेश संबंधी जरूरतों को पूरा किया है और आने वाले दशकों में यह कर्ज का मुख्य स्रोत बनी रहेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कार्यक्रम फाइनेंसिंग 3.0 शिखर सम्मेलनः विकसित भारत की तैयारी में कहा कि हाल में, महामारी के दौरान जमापूंजी खत्म होने और वित्तीय परिसंपत्तियों से आवास जैसी भौतिक परिसंपत्तियों में स्थानांतरण से परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत 2020-21 के स्तर से आधी हो गई है। आने वाले समय में आय वृद्धि से उत्साहित होकर परिवार अपनी वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण करेंगे यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। परिवारों की वित्तीय परिसंपत्तियां 2011-17 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 10.6 प्रतिशत से बढ़कर 2017-23 (महामारी वर्ष को छोड़कर) के दौरान 11.5 प्रतिशत हो गई हैं।

भौतिक बचत भी जीडीपी के 12% से अधिक

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा कि महामारी के बाद के वर्षों में उनकी भौतिक बचत भी जीडीपी के 12 प्रतिशत से अधिक है और आगे भी बढ़ सकती है। 2010-11 में ये आंकड़ा सकल घरेलू उत्पाद के 16 प्रतिशत तक पहुंच गया था। आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसे में आने वाले दशकों में घरेलू क्षेत्र बाकी अर्थव्यवस्था के लिए शीर्ष शुद्ध ऋणदाता बना रहेगा।

सुरंग निर्माण में विदेशी कंपनी को 51% हिस्सा देने के पक्ष में गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री ने डीपीआर तैयार करने वाले संयुक्त उद्यमों में हिस्सेदारी देने का किया समर्थन
- गंभीर और प्रौद्योगिकी से सक्षम कंपनियां ही सुरंग परियोजनाओं के लिए लगाएंगी बोली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को सुरंग निर्माण और कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने वाले संयुक्त उद्यमों में विदेशी भागीदारों या कंपनियों को 51% हिस्सेदारी देने का समर्थन किया। गडकरी ने कहा कि संयुक्त उद्यम में विदेशी भागीदारों को बहुलांश हिस्सेदारी देना यह सुनिश्चित करने को जरूरी है कि गंभीर और प्रौद्योगिकी रूप से सक्षम कंपनियां ही सुरंग परियोजनाओं के लिए बोली लगाएं।

गडकरी ने कहा कि कुछ सुरंग परियोजनाओं में यूरोपीय कंपनियां उन भारतीय फर्मों को भी साझेदार बनाती हैं जिनके पास खानपान सेवाएं या ब्यूटी पार्लर हैं। परिवहन मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मैं गंभीरता से यह महसूस करता हूं कि डीपीआर बनाने और सुरंगों के निर्माण के लिए बने संयुक्त उद्यम में विदेशी साझेदारों के पास 51% हिस्सेदारी होनी चाहिए। भारतीय कंपनियों के लिए 49% हिस्सेदारी छोड़ देनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम ठीक से हो।

आईटी उत्पादों के लिए प्रबंधन प्रणाली के तहत चार अरब डॉलर का आयात

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उत्पादों के लिए आयात प्रबंधन प्रणाली के तहत मंजूरी पाने वाली कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष में अबतक चार अरब डॉलर से अधिक मूल्य का आयात किया है। आयात प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा की समयसीमा नजदीक आ रही है। ये आयात 2023-24 में 8.4 अरब डॉलर था और इनमें से ज्यादातर आयात चीन से थे। पिछले साल अक्टूबर में सरकार ने लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और कुछ अन्य आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए आयात प्रबंधन/ अनुमति प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रणाली का मकसद बाजार की आपूर्ति को नुकसान पहुंचाए बिना देश में इन वस्तुओं के आयात की निगरानी करना है। नयी प्रणाली एक नवंबर, 2023 को लागू हुई थी और इसी दिन 10 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के इन आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की अनुमति मांगने वाले 100 से अधिक आवेदनों को मंजूरी दी गई थी।

2.75 लाख टेलीफोन नंबर कटे, 50 फर्म बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

अनचाही कॉल पर कार्रवाई

- टेली मार्केटिंग फर्मों के खिलाफ शिकायतों पर ट्राई ने अपनाया सख्त रुख

अनचाही कॉल और अपंजीकृत टेली-मार्केटिंग कंपनियों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 2.75 लाख टेलीफोन नंबर काट दिए गए हैं और 50 फर्मों की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। यह कार्रवाई दूरसंचार नियामक ट्राई की तरफ से हाल ही में अपनाए गए सख्त रुख के तहत की गई है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा था कि अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों को काली सूची में डाला जाए और इनसे जुड़े नंबरों को बंद कर दिया जाए। ट्राई ने मंगलवार को कहा कि उसने फर्जी कॉल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। 2024 की पहली छमाही में बिना पंजीकरण वाली टेली मार्केटिंग फर्मों के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। ट्राई ने कहा कि इस पर लगाम लगाने के लिए 13 अगस्त, 2024 को सभी पहुंच प्रदाताओं को कड़े निर्देश जारी किए गए थे और अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों पर तुरंत लगाम लगाने को कहा गया था। ट्राई ने कहा कि इन निर्देशों को ध्यान में रखते हुए दूरसंचार कंपनियों ने फर्जी कॉल के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग पर कड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने 50 से अधिक फर्मों को काली सूची में डाल दिया है तथा 2.75 लाख से अधिक एसआईपी डीआईडी/ मोबाइल नंबर/ दूरसंचार संसाधनों को बंद कर दिया है। इन कदमों से फर्जी कॉल में कमी आने और उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्राई ने सभी हितधारकों से स्वच्छ और अधिक कुशल दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने का आग्रह किया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

मणिपुर में ड्रोन हमले में तीन लोग घायल

इंफाल। मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने ड्रोन से बम हमला किया, जिसमें 23 वर्षीय महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रिहायशी इलाके में सोमवार शाम 6.20 बजे एक ड्रोन से दो विस्फोटक गिराए गए, जिनकी चपेट में आने से महिला और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला सेंजाम चिरांग इलाके में अपने घर पर थी, जब बम लोहे की छत को पार करके उसके घर में गिरा और उसमें विस्फोट हो गया।

अदालत ने बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

चेन्नई। चेन्नई की सत्र अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत मंगलवार को पांच सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। द्रमुक नेता को धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 जून 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन ने केंद्रीय पुझल जेल से बालाजी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया था और उन्होंने पूर्व मंत्री की न्यायिक हिरासत पांच सितंबर तक के लिए बढ़ा दी।

बिहार में रहस्यमयी बुखार से तीन बच्चों की मौत

अररिया (बिहार)। बिहार के अररिया जिले के रानीगंज गांव में रहस्यमयी बुखार से तीन दिन में तीन बच्चों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने दावा किया है कि उनके बच्चों की मौत एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम (दिमागी बुखार) से हुई है, लेकिन जिला प्रशासन ने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञ मौत के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दिमागी बुखार को स्थानीय स्तर पर चमकी बुखार कहा जाता है। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की पहचान रौनक कुमार (4), अंकुश कुमार (2 महीने) और गौरी कुमार (7) के रूप में हुई है।

पति पर लगे आरोप रद करने से कोर्ट का इनकार

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने महिला से छेड़खानी में में उसके पति और ज्योतिषी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने महिला के पति दीपा दर्शन एचपी और मोहनदास उर्फ श्रीवारामू (ज्योतिषी) की याचिकाएं रद कर दी। इन दोनों ने कोर्ट से उन पर लगे आरोपों को रद करने का अनुरोध किया था। मामला यह है कि महिला के कुंडली दोष का निवारण करने के लिए पूजा की आड़ में ज्योतिषी ने अनुचित ढंग से उसे स्पर्श किया था।

सत्ता को आइना दिखाने को प्रतिबद्ध कांग्रेस

संगठन की मजबूती पर चर्चा के लिए खरगे, राहुल ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिवों और संयुक्त सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

खरगे और गांधी ने संगठन को मजबूत करने के साथ ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी। यह बैठक बड़े संगठनात्मक फेरबदल के कुछ दिनों बाद हुई है। इस फेरबदल में पार्टी ने कुछ नए पदाधिकारियों के प्रभार वाले राज्यों में बदलाव किया था जबकि कई नए सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की गई थी। खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि हमने नवनियुक्त सचिवों और संयुक्त सचिवों की बैठक की। हम संगठन को मजबूत करने और सत्ता को सच का आइना दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खरगे ने सचिवों और विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए संयुक्त सचिव नियुक्त किए हैं। ये पदाधिकारी संबंधित राज्यों में पार्टी के महासचिवों और प्रभारियों से जुड़े होते हैं। यह बैठक हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले हो रही है। इस साल के अंत में महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं।

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मौजूद अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मिले झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा। यह बैठक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कुछ दिनों बाद हुई है।

कांग्रेस-आप गठबंधन पर राहुल गांधी की रुचि का स्वागत : संजय

आप नेता संजय सिंह ने उन खबरों का स्वागत किया, जिनमें दावा किया गया कि राहुल गांधी ने हरियाणा में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना में रुचि दिखाई है। सिंह ने कहा कि इस संबंध में कोई भी निर्णय मुख्यमंत्री केजरीवाल की मंजूरी से होगा।

संदीप घोष 8 दिन की सीबीआई हिरासत में

कोलकाता। प. बंगाल में कोलकाता की विशेष अदालत ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रचार्य संदीप घोष को 2021 से संस्थान में हुए कथित वित्तीय घोटाले के मामले में मंगलवार को सीबीआई की आठ दिन की हिरासत में भेज दिया। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। घोष और उनके निजी सुरक्षाकर्मी अफसर अली खान तथा दो विक्रेताओं को अलीपुर में सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने चारों को आठ दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा। सीबीआई के वकील ने 10 दिन की हिरासत मांगी थी और कहा कि बड़े पैमाने पर साठगांठ हुई है, जिसकी सच्चाई के लिए पूछताछ जरूरी है।

कोलकाता अस्पताल में वित्तीय घोटाला

भाजपा, आरएसएस को जाति जनगणना को बाध्य कर देंगे

पटना, एजेंसी

- राजद प्रमुख लालू यादव केंद्र की राजग सरकार पर सीधे रहे हमलावर

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने जाति जनगणना के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर मंगलवार को सीधा हमला करते हुए कहा कि विपक्ष उस पर इतना दबाव डालेगा कि उसे यह कराना पड़ेगा।

प्रसाद की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को कहा था कि उसे विशेष समुदायों या जातियों के आंकड़े एकत्र करने पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस जानकारी का उपयोग उनके कल्याण के लिए हो, ना कि राजनीतिक उद्देश्य के लिये।

लालू प्रसाद ने एक्स पर लिखा कि आरआरएस/भाजपा वालों का कान पकड़, दंड बैठक करा इनसे जातिगत जनगणना कराएंगे। इनकी क्या औकात है जो ये जातिगत जनगणना नहीं करायेंगे? इनको इतना मजबूर करेंगे कि इन्हें करना पड़ेगा। दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब की एकता दिखाने का समय आ चुका है। प्रसाद ने एक्स पर यह पोस्ट सिंगापुर में नियमित जांच के बाद पटना लौटने के बाद किया।

महिला से सामूहिक दुष्कर्म और निर्वस्त्र नचाने के आरोप में पांच पर मुकदमा

इंदौर (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के 19 दिन बाद दर्ज किया गया मामला
- महिला की शिकायत का 90 दिन में निपटारा करने का कोर्ट ने पुलिस को दिया था आदेश

इंदौर में 34 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म और निर्वस्त्र नाचने के लिए मजबूर करने के आरोपों में पांच लोगों पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मामला मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के 19 दिन बाद दर्ज किया गया है। हाईकोर्ट ने पुलिस को महिला की शिकायत का 90 दिन में निपटारा करने का आदेश दिया था।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने कनाड़िया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि आरोपी उसे 11 जून को गोदाम में जबरन ले गए जहां उन्होंने टीवी पर पोर्न वीडियो देखकर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसे बेल्ट से पीटा और निर्वस्त्र हालत में आधे घंटे तक नाचने पर मजबूर किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पांच के खिलाफ सोमवार देर रात प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मामले की जांच हो रही है और फिलहाल किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सबूतों के आधार पर मामले में उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को मार गिराया

- छत्तीसगढ़ में मारे गए नक्सलियों में छह महिलाएं शामिल

दंतेवाड़ा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें छह महिलाएं हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा पर सुरक्षा बलों की संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान के तहत रवाना हुई थी। सुबह साढ़े दस बजे दल का नक्सलियों से सामना हुआ जिसके बाद मुठभेड़ हुई। किरंदूल पुलिस थाना क्षेत्र (दंतेवाड़ा) के लोहागांव, पुरंगेल और एंद्री गांवों के पास जंगलों में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों में कई बार गोलीबारी हुई। अधिकारी ने बताया कि मौके से छह महिलाओं समेत नौ नक्सलियों के शव मिले। ये वर्दी में थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की हालिया सफलता की सराहना की और कहा कि उनकी सरकार ने मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। मौके से भारी मात्रा में हथियारों के साथ अन्य सामान मिले हैं।

बीजापुर में 13 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में दो स्थानों से 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इनमें से सात को रविवार को गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जबकि छह अन्य को सोमवार को तर्रेम पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), एसटीएफ और कोबरा (सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई, कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की 202वीं बटालियन की संयुक्त टीमें दोनों अभियानों में शामिल थीं।

एटलस साइकिल्स के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। एटलस साइकिल्स के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने मंगलवार को लुटियंस दिल्ली इलाके में अपने घर पर कथित तौर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से बरामद कथित नोट में सलिल कपूर (65) ने अपने ऊपर आर्थिक बोझ और चार लोगों द्वारा उत्पीड़न का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। कपूर के मैनेजर ने उनका शव अपराह्न एक बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित उनके घर के पूजा कक्ष के पास खून से लथपथ पाया। कपूर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि सलिल ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर में गोली मार ली। सलिल की रिश्तेदार नताशा ने भी जनवरी 2020 में उसी घर में आत्महत्या कर ली थी।

हरियाणा में दुर्घटनाः आठ की मौत, 10 घायल

जींद/चंडीगढ़, एजेंसी

- हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिधराना गांव के पास ट्रक ने खड़े वाहन को मारी टक्कर

हरियाणा के जींद जिले में श्रद्धालुओं को ले जा रहे वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह दुर्घटना हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिधराना गांव में देर रात उस समय हुई जब श्रद्धालु कुरुक्षेत्र जिले से राजस्थान के गोगामेड़ी धाम जा रहे थे। राजस्थान की पंजीकरण संख्या वाले ट्रक में लकड़ी के लट्ठे भरे हुए थे। इस ट्रक ने खड़े वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव से करीब 15 लोग सोमवार शाम को कार से राजस्थान के गोगामेड़ी धाम में पूजा अर्चना के लिए जा रहे थे। देर रात साढ़े 12 बजे जब वे नरवाना के बिरधाना गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे कार गड्ढे में गिर गई और पलट गई। हादसे के बाद राहगीरों ने कार में सवार लोगों को निकालने की कोशिश की और नरवाना थाना सदर पुलिस को जानकारी दी।

सदर नरवाना पुलिस थाने के प्रभारी कुलदीप ने कहा कि ट्रक ने हल्के वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें सवार श्रद्धालुओं का समूह गोगामेड़ी जा रहा था। घटना के समय, श्रद्धालुओं ने थोड़ी देर के लिए वाहन रोका था और उनका वाहन खड़ा था। उन्होंने बताया कि घटना में दो महिलाओं और 15 वर्षीय लड़के समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य लोग घायल हो गए।

दो उग्रवादी समूह से शांति समझौता करेगी सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्र और त्रिपुरा सरकार तथा त्रिपुरा के दो उग्रवादी समूहों के बीच पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा को समाप्त करने और स्थायी शांति लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाएंगे। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और गृह मंत्रालय एवं त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

तलाक के खिलाफ तीन दशक की लड़ाई : कोर्ट ने कहा- न्याय प्रणाली महिला के प्रति अविवेकपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

- अलग रह रहे पति के पक्ष में कई बार दिए कुटुम्ब अदालत के फैसले को लेकर महिला लड़ रही लंबी लड़ाई

अपने से अलग रह रहे पति के पक्ष में कई बार तलाक का आदेश दिए जाने के कुटुम्ब अदालत के फैसले के खिलाफ तीन दशक से लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रही एक महिला की पीड़ा पर संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि न्यायिक प्रणाली उसके प्रति बेहद अविवेकपूर्ण थी। महिला का विवाह 1991 में हुआ था और उसने एक साल बाद एक बेटे को जन्म दिया और उसके पति ने उसे छोड़ दिया।

पति ने कर्नाटक की कुटुम्ब अदालत में तलाक की अर्जी दाखिल की, जिसने एक बार नहीं बल्कि तीन बार महिला के पति के पक्ष में तलाक का आदेश दिया और इस तथ्य की अवहेलना की कि वह महिला या उनके नाबालिग बच्चे के गुजारा भत्ते के लिए कुछ भी नहीं दे रहा था। हाईकोर्ट ने कई बार कुटुम्ब अदालत से कहा कि महिला के पति की याचिका पर नए सिरे से फैसला किया जाए। उच्च न्यायालय ने तीसरी बार 20 लाख रुपये स्थायी गुजारा भत्ता का भुगतान करने पर पति के पक्ष में तलाक के कुटुम्ब अदालत के फैसले को मंजूरी दे दी। स्थानीय अदालत ने महिला को 25 लाख रुपये देने का फैसला सुनाया था।

आज के मुकाबले

- **साइकिलिंग :** पुरुषों की सी2 व्यक्तिगत रोड टाइम ट्रायल (पदक दौर) : अरशद शेक – सुबह 11.57 बजे महिला सी1–3 व्यक्तिगत रोड टाइम ट्रायल (पदक दौर) : ज्योति गडेरिया – दोपहर 12.32 बजे
- **निशानेबाजी :** मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : निहाल सिंह और रुद्रांश खंडेलवाल – दोपहर 1.00 बजे
- **एथलेटिक्स :** पुरुषों की गोला फेंक एफ46 (पदक दौर) : मोहम्मद यासर, रोहित कुमार और सचिन सरजेराव खिलाड़ी – दोपहर 1.35 बजे, महिला गोला फेंक एफ46 (पदक दौर) : अमीषा रावत – दोपहर 3.17 बजे, पुरुष क्लब थ्रो एफ51 (पदक दौर) : धर्मबीर, प्रणव सूरमा और अमित कुमार सरोहा – रात 10.50 बजे, महिला 100 मीटर टी12 (हीट) : सिमरन – रात 11.03 बजे
- **टेबल टेनिस :** महिला एकल वर्ग चार (क्वार्टर फाइनल) : भाविना पटेल बनाम झोउ यिंग (चीन) – दोपहर 2.15 बजे
- **पावरलिफ्टिंग :** पुरुष 49 किग्रा (पदक दौर) : परमजीत कुमार – दोपहर 3.30 बजे, महिला 45 किग्रा (पदक दौर) : सकीना खातून – रात 8.30
- **तीरंदाजी :** पुरुष रिकर्व (प्री–क्वार्टर फाइनल) : हरविंदर बनाम सेंग लुंग–हुई (ताइवान) – शाम 5.49 बजे

खेल डायरी

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को किया क्लीन स्वीप

रावलपिंडी। बांग्लादेश ने दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर 2–0 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बांग्लादेश को आखिरी दिन 143 रन की जरूरत थी और उसके दस विकेट सुरक्षित थे। बांग्लादेश ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और विजयी चौका शाकिब अल हसन ने लगाया। बांग्लादेश ने विदेशी धरती पर दूसरी बार ही द्विपक्षीय टेस्ट शृंखला जीती है जिसमें दो या अधिक टेस्ट खेले गए हैं। इससे पहले उसने 2009 में वेस्टइंडीज में जीत दर्ज की थी। बांग्लादेश ने पहला टेस्ट दस विकेट से जीता था और दूसरा टेस्ट चार दिन में जीता चूंकि पहला दिन बारिश की भेंट हो गया था। शाकिब 21 और मुशफिकुर रहीम 22 रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी में बांग्लादेश के छह विकेट 26 रन पर गिर गए थे लेकिन लिटन दास और मेहदी ने संभाला। तेज गेंदबाज हसन, नाहिद राणा और तस्कीन अहमद ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 172 रन पर आउट कर दिया जिससे बांग्लादेश को 184 रन का लक्ष्य मिला।

पाकिस्तानी पहलवान पर प्रतिबंध, पदक छीना

कराची। पाकिस्तान के पहलवान अली असद पर शक्ति वर्धक दवाओं के सेवन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है और राष्ट्रमंडल खेलों में जीता गया उनका कांस्य पदक छीन लिया गया है। पाकिस्तान कुश्ती महासंघ ने पुष्टि की कि अली असद पर न केवल चार साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, बल्कि उनका कांस्य पदक भी छीन लिया गया है, जो उन्होंने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था। महासंघ के एक अधिकारी ने कहा अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) की जांच से पता चला है कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान शक्ति वर्धक दवाइयां ली थी। आईटीए की जांच के बाद इस सप्ताह असद पर चार साल का प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रमंडल खेलों का उनका पदक छीनने का फैसला किया गया।

बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष दो में भारत

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजों ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान पर कब्जा जमाया। माहित संधू और धनुष श्रीकांत की जोड़ी ने स्वर्ण हासिल किया, जबकि नताशा जोशी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया की जोड़ी ने इस स्पर्धा का रजत जीता। प्रांजलि धूमल और अभिनव देशवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता, जिससे भारत ने प्रतियोगिता के तीसरे दिन अपने पदकों की संख्या 12 (तीन स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य) तक पहुंचा दी। भारत ने टूर्नामेंट के पहले और दूसरे दिन क्रमशः चार और पांच पदक जीते थे। धनुष और माहित की जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 628.8 के स्कोर के साथ बधिर निशानेबाजी का विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा और मुर्तजा ने 622.1 के स्कोर के साथ क्वालीफाई किया।

सुआरेज ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

मोंटेवीडियो (उरुग्वे)। उरुग्वे के अनुभवी स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। लिवरपूल और बार्सिलोना की तरफ से खेल चुके इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने देश की तरफ से 142 मैच में 69 गोल किए जो उरुग्वे की तरफ से रिकॉर्ड है। वह अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच शुक्रवार को पराग्वे के खिलाफ खेलेंगे। सुआरेज ने सेंटेनारियो स्टेडियम में कहा यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शुक्रवार को होने वाला मैच मेरा अपने देश की तरफ से आखिरी मैच होगा। उरुग्वे उस दिन विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में पराग्वे की मेजबानी करेगा। सुआरेज ने 2007 में अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उन्होंने उरुग्वे की तरफ से चार विश्व कप और पांच कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में भाग लिया। वह क्लब स्तर पर खेलते रहेंगे। सुआरेज़ अभी इंटर मियामी क्लब से जुड़े हुए हैं।

स्वर्ण न जीत पाने का है मलाल

पेरिस, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज लगातार दूसरे पैरालंपिक में रजत पदक जीत कर खुश भी हैं और निराश भी क्योंकि वह स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर यहां आए थे। यह 41 वर्षीय खिलाड़ी विश्व में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में प्रतियोगिता में उतरा था और उनसे पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी।

वह सोमवार को खेले गए फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से सीधे गेम में हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुहास ने कहा मैं विश्व का नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैंपियन के तौर पर यहां पहुंचा था और मुझ पर अपेक्षाओं का दबाव था। मुझे यहां अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद थी। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था जो हर खिलाड़ी का सपना होता है। इस 2007 बैच के आईएएस अधिकारी ने कहा रजत जीतना एक मिश्रित भावना है। स्वर्ण पदक चूकने का दुख और निराशा है। लेकिन जब यह भावना हावी नहीं रहेगी तो तब आपको अहसास होगा कि पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना बहुत बड़ी बात थी। रजत पदक जीतना भी गर्व की बात है।

- आईएएस अधिकारी सुहास ने कहा- रजत जीतना एक मिश्रित भावना, स्वर्ण पदक चूकने का दुख और निराशा तो रहेगी

सुहास से जब दोनों रजत पदक में तुलना करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा पहले देश और मुझे विश्वास नहीं था कि हम पैरालंपिक बैडमिंटन में पदक जीत सकते हैं। मुझे नहीं पता था कि मेरा प्रदर्शन क्या होगा। वह एक अलग तरह की भावना थी। दोनों बार मुझे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

मीठे से की तौबा, रतजगे भी किए : सुमित अंतिल

पेरिस, एजेंसी

- भारत के पैरा भाला फेंक स्टार ने सुनाई बलिदानों की दास्तां

पिछले एक दशक से अधिक समय से पीठ की चोट से जूझ रहे भारत के पैरा भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल के पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण के पीछे बलिदानों की लंबी दास्तां है जिसमें मीठा खाना छोड़ना और कई रातें जागकर गुजारना शामिल है।

पैरालंपिक से पहले तेजी से वजन बढने के जोखिम के कारण सुमित को अपनी पसंदीदा मिठाइयों से परहेज करना पड़ा। इसके अलावा पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में कमर में लगी चोट भी उन्हें परेशान कर रही थी। फिजियो की सलाह पर सुमित ने मिठाई खाना छोड़ दिया और कड़ी डाइटिंग पर थे। उन्होंने दो महीने में 12 किलो वजन कम किया। पैरालंपिक खिताब बरकरार रखने वाले वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पैरालंपिक खेलों में 70.59 मीटर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। मेरे फिजियो विपिन भाई ने मुझसे कहा कि वजन से मेरी रीढ की हड्डी पर दबाव बन रहा है। इसलिए मैने मीठा खाना बंद किया जो मुझे पसंद है। सही खुराक पर फोकस रखा।

कांसे तक दौड़कर पहुंचीं दीप्ति

महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में जीवनजी ने निकाला 55.82 का समय

पेरिस, एजेंसी

भारतीय एथलीट दीप्ति जीवनजी ने मंगलवार को पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में कांस्य पदक जीत लिया है।

आज हुए मुकाबले में दीप्ति ने 55.82 का समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिम समय में दीप्ति ने फर्राटा भरते हुए रजत पदक की बढ़ रही थी लेकिन तुर्की की एथलीट ने पीछे से आकर दीप्ति से आगे निकल गई और दीप्ति को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। इसी के साथ ही पदक तालिका में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इससे पहले सोमवार देर रात हुए मुकाबले में दीप्ति जीवनजी ने अपनी हीट में 55.45 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।

भारतीय एथलीट दीप्ति जीवनजी

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	50	38	20	108
ब्रिटेन	29	16	12	57
अमेरिका	18	23	11	52
ब्राजील	14	10	24	48
फ्रांस	11	12	15	38
इटली	10	8	16	34
ऑस्ट्रेलिया	9	9	14	32
नीदरलैंड्स	9	5	4	18
उज्बेकिस्तान	8	15	4	14
भारत	3	5	8	16

तीरंदाज पूजा हारीं

पेरिस। भारतीय तीरंदाज पूजा मंगलवार को पैरा तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत रिकर्व में स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीन की वू चुनयान हार गईं। इसके साथ ही पेरिस पैरालिंपिक 2024 में व्यक्तिगत स्पर्धा में उनका सफर समाप्त हो गया।

पिछड़ी गईं भाग्यश्री

पेरिस। भारतीय महिला शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री एम जाधव मंगलवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में महिलाओं की शॉटपुट एफ34 स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूक गईं।

50 मीटर 3पी में पांचवें स्थान पर रहीं अवनि

शेटराउ। भारत की अनुभवी पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में मंगलवार को यहां पांचवें स्थान पर रहीं। राजस्थान की 22 साल की यह निशानेबाज कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण 11 साल की उम्र से व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। उन्होंने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 420.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान खत्म किया। अवनि ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह प्रोन चरण के बाद छठे स्थान पर खिसक गयी। व्हीलचेयर पर निर्भरता के कारण प्रोन निशानेबाजी उनका मजबूत पक्ष नहीं है। उन्होंने स्टैंडिंग चरण में वापसी की कोशिश की लेकिन 8.3 अंक वाला एक निशाना साधने के बाद वह पिछड़ गईं। एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं।

लॉर्ड्स में होगा डब्ल्यूटीसी फाइनल मैच : आईसीसी

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के तीसरे चक्र का फाइनल अगले साल 11 से 15 जून के बीच प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 16 जून को रिजर्व दिवस रखा है।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर में सबसे अहम मुकाबले में से एक बन गया है और हमें 2025 सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लॉर्ड्स पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।

इससे पहले साउथेम्प्टन (2021) और ओवल (2023) पिछले दो खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की थी। भारत उन दोनों फाइनल मैचों का हिस्सा था। टीम को 2021 में न्यूजीलैंड जबकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से आगे तालिका में शीर्ष स्थान पर है। न्यूजीलैंड (तीसरे), इंग्लैंड (चौथे), दक्षिण अफ्रीका (पांचवें) और बांग्लादेश (छठे) और श्रीलंका (सातवें) स्थान के साथ फाइनल में पहुंचने की दौड़ में है।

अजय रात्रा बीसीसीआई के चयनकर्ता नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को पूर्व भारतीय विकेटकीपर अजय रात्रा को पांच सदस्यीय चयन पैनल में सलिल अंकोला की जगह पुरुष क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया। परंपरा के अनुसार सभी पांच चयनकर्ता अलग–अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति में रात्रा उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। पिछले साल अगरकर को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किए जाने के बाद चयन पैनल में पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ता थे। अंकोला पहले से ही समिति का हिस्सा थे। समिति ने अजय रात्रा को अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली पुरुष चयन समिति का नया सदस्य नियुक्त किया।

स्वियातेक-सिनर अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ियों यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने अमेरिका के 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 7-6 (3) 7-6 (5) 6-1 से हराया। उन्होंने धीमी शुरुआत की और पहले दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने पॉल को कोई मौका नहीं दिया। सिनर क्वार्टर फाइनल में रूस के दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे जिन्होंने नूनो बोर्गेस को 6-0, 6-1, 6-3 से आसानी से हराया।

पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक ने देररात को खेले गए मैच में 16वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-4, 6-1 से पराजित किया। यह दोनों खिलाड़ी पहले सेट में एक समय 4-4 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद स्वियातेक में लगातार सात गेम जीत कर अपनी जीत सुनिश्चित की। स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में करोलिना मुचोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3 6-3 से हराया। मुचोवा का अगला मुकाबला बीट्रिज हद्दाद माइया से होगा जिन्होंने 2018 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। वह 1968 में मारिया ब्यूनो के बाद अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ब्राजील की पहली महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष वर्ग के मैचों में ब्रिटेन के 25वीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने गैरवरीयता प्राप्त टॉमस मचाक पर 6-3 6-1 6-2 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शॉट खेलते टॉमी पॉल। ● एजेंसी

- क्वार्टर फाइनल में रूस के दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे सिनर
- करोलिना मुचोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, अगला मुकाबला बीट्रिज से

बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

न्यूयॉर्क। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की उनकी जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी ने यहां ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजसिकोवा को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 33 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एबडेन और क्रेजसिकोवा चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 7-6(4) 2-6 10-7 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और सुत्जियादी ने सेमीफाइनल में बोपन्ना और सुत्जियादी का मुकाबला डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से होगा।

सनीथ और तरूण ताइपे ओपन बैडमिंटन में हारे

ताइपे। भारत के सनीथ दयानंद और तरूण रेड्डी मंगलवार को यहां योनेक्स ताइपे ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे।

मलेशिया के जिया जी टैन ने क्वालिफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में सनीथ को 21-16, 20-22, 21-4 से हराया, जबकि मेजबान देश के शटलर येन-चेन टिंग ने क्वालिफिकेशन के अंतिम 16 दौर में तरुण को 23-21, 21-16 से शिकस्त दी। सनीथ ने इससे पहले क्वालिफिकेशन के अंतिम 16 दौर में पुसरी नाचकोर्न को 22-20, 21-15 से हराया था। अन्य मुकाबलों में ताइपे के काई चेंग ने आर्यमान टंडन को 21-18, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में थाईलैंड की तेरारत्साकुल और मुएनवोंग फातिमास की जोड़ी ने अंतिम 32 दौर में भारत के अशिथ सूर्या और अमृता को हराया, जबकि मिन हाओ त्सेंग और शान पेई हसिह ने आयुष-श्रुति की जोड़ी को हराया।

बॉलीवुड हलचल

सलमान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। एटली ने शाहरुख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनाई है। एटली अब सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। कहा जा रहा है कि दो हीरो वाली फिल्म की स्टोरीलाइन और आइडिया सलमान खान को काफी पसंद आया था और उन्होंने एटली से इसकी स्क्रिप्ट तैयार करके लाने की बात कही थी। कहा जा रहा है कि सलमान को फिल्म की पटकथा बहुत पसंद आई है और उन्होंने इसमें काम करने के लिए हामी भर दी है। सलमान खुद इस फिल्म के लिए कमल हासन से बात कर रहे हैं। यह एटली की छठी फिल्म है। इसलिए इसे ए6 कहा जा रहा है। निर्देशक एटली इस फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम अक्टूबर के महीने से शुरू करना चाहते हैं। निर्माताओं का प्लान है कि पहले इस फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया जाए। उसके बाद से फिल्म की शूटिंग जोर–शोर से शुरू की जाए। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो सकती है।

भारत भाग्य विधाता में काम करेंगी कंगना

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री कंगना रनौत फिल्म भारत भाग्य विधाता में काम करती नज़र आयेंगी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दो क्रिएटिव माइंडस, बबीता आशिवाल और आदि शर्मा, टॉप लेवल का क्वालिटी कंटेंट देने के लिए एक साथ आए हैं, जो दिलों को छूने का वादा करता है। उनके नये वेंचर, जिसका टाइटल भारत भाग्य विधाता है, उनके संबंधित प्रोडक्शन हाउस, यूनोइया फिल्म्स और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के पहले सहयोग के तहत एक प्रमुख प्रयास है। बबीता और आदि का पूरा विश्वास है कि क्वॉलिटी कंटेंट को मास अपील से अधिक महत्व दिया जाता है। जैसा कि नाम से पता चलता है, भारत भाग्य विधाता उन लोगों पर केंद्रित है जिनके बिना देश का काम करना बंद हो जाएगा। फिल्म का उद्देश्य उन आम लोगों के अमूल्य योगदान को उजागर करना है जो पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करते हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में कंगना रनौत नजर आएंगी। यह फिल्म मनोज तापड़िया द्वारा निर्देशित और लिखित है। बबीता आशीवाल ने कहा, भारत भाग्य विधाता एक दृष्टिगत रूप से आश्चर्यजनक और भावनात्मक रूप से समृद्ध फिल्म होने का वादा करती है। इस प्रोजेक्ट पर काम करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है।

करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द बकिंघम मर्डर्स के ट्रेलर की शुरुआत होती है एक लड़के के साथ, जो एक मर्डर का सस्पेक्ट नंबर 1 है। इस लड़के को पुलिस ने पकड़ा, जिससे करीना कपूर सवाल करती हैं कि वह 14 नवंबर की रात कहां था। इसके बाद वह अन्य सस्पेक्ट्स से मर्डर वाली रात को लेकर सवाल करती हैं। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण बालाजी टेलीफिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स द्वारा शोभा कपूर, एकता आर कपूर और करीना कपूर खान के साथ किया गया है। इस फिल्म से करीना बतौर निर्माता डेब्यू कर रही हैं। बकिंघम मर्डर्स इसी साल 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन की भी अहम भूमिका है।

ओलंपिक अब बीती बात, एसीटी खिताब पर हैं नजरें : हरमनप्रीत

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि लगातार दूसरी बार ओलंपिक कांस्य पदक जीतने का जश्न खत्म करके अब चीन में इस महीने होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने पर फोकस करना होगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता । हरमनप्रीत ने हालांकि कहा कि अब ब्रेक के बाद आठ से 17 सितंबर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

हरमनप्रीत ने चीन रवाना होने से पहले कहा पेरिस ओलंपिक के बाद ब्रेक खत्म करके टीम एशियाई टीमों का सामना करने के लिये तैयार हैं। पेरिस ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी काफी करीबी खेल है। हम अतीत के अच्छे प्रदर्शन के भरोसे नहीं रह सकते। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी जबकि फाइनल 17 सितंबर को है। भारत ने चार बार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हॉकी टीम चीन रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार तड़के एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भाग लेने के लिए चीन के हुलुनबुइर के लिए रवाना हो गई। पेरिस ओलंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपने खिताब को बरकरार रखने की प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन भी शामिल है। भारत अपना अभियान आठ सितंबर को मेजबान चीन के खिलाफ शुरू करेगा उसके बाद नौ सितंबर को जापान से खेलेगा। भारत 11 सितंबर को मलेशिया और 12 सितंबर को कोरिया से भिड़ेगा। भारत 14 सितंबर को आखिरी पूल चरण के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खेलेगा। पूल की शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

उत्तर फ्रांस में नौका डूबने से 13 प्रवासियों की मौत

पेरिस। इंग्लिश चैनल पार करने के प्रयास के दौरान एक नौका के दो हिस्सों में टूट जाने से उस पर सवार 13 प्रवासियों की मौत हो गई। यह जानकारी बचाव अभियान में शामिल एक फ्रांसीसी तटीय शहर के मेयर ने मंगलवार को दी। इससे कई लोग व्यस्त चैनल के गहरे पानी में गिर गए। मछली पकड़ने वाले बंदरगाह बोलोग्ने-सुर-मेर के पास स्थित ले पोर्टेल के मेयर ओलिवियर बारबरिन ने कहा, दुर्भाग्य से, नाव का निचला हिस्सा फट गया। वहीं पर इस हादसे के पीड़ितों के इलाज के लिए एक प्राथमिक चिकित्सा चौकी स्थापित की गई थी।

पाकिस्तान में भूस्खलन से तीन की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भूस्खलन में दो सैनिकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। दासू के जिला पुलिस अधिकारी मुख्तियार अहमद ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि दुर्घटना सोमवार को उस समय हुई जब उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र की ओर जा रही यात्री वैन दासू इलाके से गुजर रही थी। उसी दौरान वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसमें दो सैनिकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चीनः सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के शेडोंग प्रांत में एक स्कूल बस ने मंगलवार को माध्यमिक स्कूल के मुख्य द्वार के पास खड़े छात्रों और अभिभावकों को रौंद दिया, जिसमें पांच छात्रों समेत 11 लोगों की मौत हो गयी और 13 अन्य घायल हो गये। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार घायलों में से एक की हालत गंभीर है। प्रांत के ताइआन शहर में सुबह सात बजकर 27 मिनट पर यह हादसा हुआ। चालक ने नियंत्रण खोते हुए स्कूल के मेन गेट के पास एकत्र छात्रों और अभिभावकों पर बस चढ़ा दी। सरकारी मीडिया ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा, बस ने सड़क किनारे खड़े छात्रों और अभिभावकों को रौंद दिया।

शिकागो में लोकल ट्रेन में गोलीबारी, चार की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के शिकागो क्षेत्र में एक लोकल ट्रेन में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। फॉरेस्ट पार्क पुलिस विभाग के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा से पता चला है कि पीड़ित सो रहे थे, अलग-अलग जगहों पर बैठे हुए और उन्होंने हमले का विरोध नहीं किया। गोलीबारी दो अलग-अलग ट्रेन कारों में हुई। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है और एक हथियार बरामद किया गया है। अभी तक इस घटना के मकसद के बारे में पता नहीं चल पाया है।

न्यूयॉर्क में एक परेड में गोलीबारी में पांच घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में कैरिबियाई संस्कृति के सबसे बड़े वार्षिक समारोह में से एक वेस्ट इंडियन अमेरिकन डे परेड में एक बंदूकधारी के हमले में सोमवार को पांच लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के चीफ ऑफ पेट्रोल जॉन चेल ने बताया कि एक बंदूकधारी ने दोपहर करीब दो बजकर 35 मिनट के आसपास ब्रुकलिन में परेड मार्ग पर लोगों के एक खास समूह पर गोलियां चलायीं। परेड इससे घंटों पहले ही शुरू हो गयी थी और हजारों लोग नृत्य कर रहे थे तथा ईस्टर्न पार्कवे पर मार्च कर रहे थे। घटना के बाद भी परेड रात भर जारी रही। चेल ने बताया कि घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन अन्य लोगों का भी उपचार हो रहा है। बंदूकधारी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया।

द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर तक ले जाने का समय

सिंगापुर, एजेंसी

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा दुनिया में हो रहे बदलावों को देखते हुए समकालीन बनने की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक यात्रा पर सिंगापुर पहुंचने से पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने का समय आ गया है। सिंगापुर के दैनिक समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स ने जयशंकर के एक साक्षात्कार के हवाले से कहा, भारत में हो रहे परिवर्तन और दुनिया में हो रहे बदलावों को देखते हुए उन्हें और अधिक समकालीन बनने की जरूरत है। कई मायनों में, यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही सिंगापुर की यात्रा करने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के द्विपक्षीय संबंध पिछले दो दशक में बेहद मजबूत रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जिस तरह सिंगापुर को 1992 में और फिर 2006 में अवसर मिला था, उसी तरह उसे इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए और नए परिदृश्य का पूरा उपयोग करना चाहिए। मंत्री ने कहा, भारत में, हम बीते दशक की उपलब्धियों का उपयोग राष्ट्रीय विकास और आधुनिकीकरण में तेजी लाने के लिए कर रहे हैं।

कांगो में जेल से भागने के प्रयास में 129 कैदियों की मौत

किंशासा। मध्य अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की राजधानी किंशासा स्थित मकाला सेंट्रल जेल से भागने के प्रयास में कम से कम 129 कैदियों की मौत हो गयी और 59 अन्य घायल हो गये हैं। डीआरसी सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपप्रधानमंत्री एवं गृह एवं सुरक्षा मंत्री जैकमेन शबानी ने बताया कि कैदियों ने कल सुबह जेल से भागने की कोशिश की। इस दौरान कुल 129 कैदी मारे गये, जिनमें से 24 चेतावनी के बाद हुई गोलीबारी में और अन्य धक्का लगने या दम घुटने से मारे गये। उन्होंने बताया कि घटना में कम से कम 59 कैदी घायल भी हुए हैं, जिनकी देखभाल सरकार कर रही है, वहीं कुछ महिलाओं के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट भी सामने आयी है।

प्रकाश पर्व

अमृतसर में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की वर्षगांठ (प्रकाश पर्व) की पूर्व संध्या पर स्वर्ण मंदिर को रोशन किया गया। ● एजेंसी

बांग्लादेश में खालिदा जिया पांच मामलों में बरी

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को पांच अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया गया है, जिनमें से एक मामला फर्जी जन्मदिन मनाने और दूसरा युद्ध अपराधियों का समर्थन करने के आरोप में दर्ज किया गया था।

ढाका ट्रिब्यून समाचारपत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महबूबुल हक की अदालत ने चार मामलों में बरी करने का आदेश जारी किया, जबकि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तोफज्जल हुसैन की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में उन्हें बरी कर दिया। प्रतिवादी एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया (79) को वादी के अदालत में पेश न होने के बाद बरी कर दिया गया।

यूक्रेन में रूस के मिसाइल हमलों में 41 लोगों की मौत

शैक्षणिक प्रतिष्ठान तथा अस्पताल पर हमला, 180 लोग घायल

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागकर मध्य यूक्रेन स्थित एक शैक्षणिक प्रतिष्ठान तथा नजदीकी अस्पताल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 41 लोग मारे गए और 180 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला इसी नाम के क्षेत्र की राजधानी पोल्टावा शहर में हुआ।

पोल्टावा रूस की सीमा से लगभग 110 किलोमीटर (70 मील) और कीव से लगभग 350 किलोमीटर (200 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित है। अब से 900 दिन से अधिक पहले 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से यह हमला रूसी सेना द्वारा किए गए सबसे घातक हमलों में से एक प्रतीत होता है। जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, संचार संस्थान की एक इमारत आंशिक रूप से नष्ट हो गई। लोगों ने खुद को मलबे के नीचे पाया। कई लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा, बचाव अभियान में सभी आवश्यक सेवाएं शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी उन्होंने पूर्ण और त्वरित जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने और ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया।

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको ने यूक्रेन के कीव में हाथ मिलाते अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी (दाएं)। ● एजेंसी

संरा परमाणु निगरानी प्रमुख यूक्रेन पहुंचे

कीव। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं पर मंगलवार को यूक्रेन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस संयंत्र के पास हमलों की हाल में जानकारी मिली थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी की फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र की यह 10वीं यात्रा है। ग्रॉसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि वह परमाणु दुर्घटना को रोकने में मदद करने के लिए जापोरिज्जिया जा रहे हैं। जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र 2022 में पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के मद्देनजर रूस के नियंत्रण में आ गया था। संयंत्र के संचालक एनर्जोएटम ने बताया कि क्षेत्र में हाल में गोलाबारी की गई, जिससे संयंत्र की बिजली तक पहुंच की प्रणाली को नुकसान पहुंचा। उसने इन हमलों के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के तुरंत बाद मिसाइलों से तब हमला हुआ जब कई लोग आश्रय के लिए बंकरों की ओर जा रहे थे। इसने हमले को बर्बर करार दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बचाव दल और चिकित्सकों ने 25 लोगों को बचाया, जिनमें से 11 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया।

उत्तरी फिलीपींस में तूफान का कहर, 14 लोगों की मौत

मनीला। उत्तरी फिलीपींस में मंगलवार को जबरदस्त तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान यागी इलोकोस नोर्टे प्रांत के पाओय शहर से होते हुए दक्षिण चीन सागर में 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। समुद्र से उत्तर-पश्चिम की दिशा में दक्षिणी चीन की तरफ बढ़ने के दौरान यागी के चक्रवाती तूफान का रूप अख्तियार करने की आशंका है।

हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तेल टैंकर को निशाना बनाया

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को लाल सागर में पनामा के झंडे वाले एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। उन्होंने थोड़ी दूरी पर मौजूद सऊदी अरब के झंडे वाले एक और टैंकर पोत पर भी कथित रूप से हमला किया। प्राधिकारियों ने जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा पोत को निशाना बनाकर लगातार किए जा रहे हमलों के कारण एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के उस सामान की आपूर्ति बाधित हुई है, जो इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर हर साल गाजा पट्टी में लाल सागर के जरिये भेजा जाता है।

वेनेजुएलाः विपक्ष के उम्मीदवार रह चुके गोंजालेज के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

काराकस। वेनेजुएला में एक न्यायाधीश ने विवादित चुनाव के नतीजों की आपराधिक जांच के सिलसिले में राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार रहे एडमंडो गोंजालेज के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह वारंट प्राधिकारियों के अनुरोध पर जारी किया गया, जिन्होंने पूर्व राजनयिक गोंजालेज पर आपराधिक साजिश, दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ और शक्तियों के दुरुपयोग सहित कई आरोप लगाए हैं। प्राधिकारियों ने विवादित चुनावी नतीजों की आपराधिक जांच के तहत अभियोजन के सवालों के जवाब देने के लिए तीन बार तलब किए जाने के बावजूद पेशी में नाकाम रहने के बाद वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

पोप फ्रांसिस 12 दिवसीय एशिया-प्रशांत आधिकारिक यात्रा पर इंडोनेशिया पहुंचे

जकार्ता। पोप फ्रांसिस अपनी 12 दिवसीय एशिया-प्रशांत आधिकारिक यात्रा की शुरुआत में मंगलवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। इंडोनेशियाई प्रसारक कोम्पास के अनुसार, पोप का विमान आज सोकार्नो-हट्टा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वह पापुआ न्यू गिनी, पूर्वी तिमोर और सिंगापुर की यात्रा से पहले तीन-छह सितंबर तक इंडोनेशिया में रहेंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने कहा कि वह पोप के साथ इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष और यूक्रेन संकट पर चर्चा करने के इच्छुक हैं। पोप, अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन गेलोरा बुंग कार्नो स्टेडियम में लगभग 90 हजार कैथोलिकों के लिए सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे।

ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों की आशा

बंदर सेरी बेगवान, एजेंसी

● ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा करने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री

● भारतीय उच्चायोग में नए चांसरी परिसर का भी उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों, विशेषकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक हैं। मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सुल्तान हाजी हसनअल बोल्किया और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपनी बैठकों को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर शहजादे अल-मुहतदी बिल्लाह ने स्वागत किया। मोदी को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों, खासकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मैं हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए क्राउन प्रिंस हाजी अल-मुहतदी बिल्लाह को धन्यवाद देता हूं। मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर जाएंगे। मोदी ने ब्रुनेई में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद भी गये, जिसे वर्तमान सुल्तान के पिता ने बनवाया था। उन्होंने भारतीय उच्चायोग में नए चांसरी परिसर का भी उद्घाटन किया। दोनों जगहों पर उन्होंने भारतीय प्रवासियों से बातचीत की। धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज अवांग बदरुद्दीन ने मस्जिद में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने मस्जिद के इतिहास को दर्शाने वाला एक वीडियो भी देखा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद ईशाम भी उपस्थित थे।

ब्रुनेई दारुस्सलाम में गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान ब्रुनेई क्राउन प्रिंस हाजी अल-मुहतदी बिल्लाह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

राजनीतिक गतिरोध खत्म करने को सेना से होगी बात

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई की घोषणा

पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई ने यह कहकर अपने दुश्मनों और दोस्तों दोनों को चौंका दिया है कि वह देश में मौजूदा राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए शक्तिशाली सेना के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष अचकजई ने सोमवार को नेशनल असेंबली में यह घोषणा की।

अचकजई ने कहा, मैं बातचीत करूंगा। मैं हर संस्था से बात करूंगा। मैं सेना और सत्ता में मौजूद लोगों से भी बात करूंगा। उन्होंने कहा कि सत्ता प्रतिष्ठान के साथ बातचीत उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि उन्हें सम्मानजनक वापसी का मार्ग प्रदान करने के लिए की जाएगी।

अदालत पहुंचे इमरान

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने हिंसा से जुड़े मामलों में मुकदमे के लिए संभावित रूप से सेना को सुपुर्द किए जाने के खिलाफ मंगलवार को उच्च न्यायालय का रुख किया। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिन पहले कहा था कि पीटीआई के संस्थापक खान पर सैन्य मुकदमे की संभावना है। खान ने अपने वकील उजैर करामात भंडारी के माध्यम से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

सिंगापुर में छेड़छाड़ के आरोप में भारतीय नागरिक को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में 52 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को अपनी पहचान वाले एक परिवार की लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में 14 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर में 14 साल से कम उम्र की लड़की से छेड़छाड़ करने पर अपराधी को पांच साल तक की जेल, जुर्माना, बेंत से पिटाई या ऐसी कोई भी सजा हो सकती है। व्यक्ति को बेंत मारने की सजा नहीं दी जा सकती थी, क्योंकि उसकी उम्र 50 साल से अधिक है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार के अनुसार, व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उप लोक अभियोजक सूर्या प्रकाश ने अदालत को बताया कि सेम्बावांग में खेल के मैदान के पास व्यक्ति ने लड़की से छेड़छाड़ की थी।

पुतिन मंगोलिया पहुंचे, गिरफ्तारी वारंट के बावजूद किया गया भव्य स्वागत

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को मंगोलिया पहुंचे, जहां उनकी गिरफ्तारी के लिए जारी अंतर्राष्ट्रीय वारंट के बावजूद उनका भव्य स्वागत किया गया। यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के दौरान हुए कथित युद्ध अपराधों को लेकर पुतिन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय वारंट जारी किया गया था। द हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) द्वारा लगभग 18 महीने पहले गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद यह पुतिन की आईसीसी के किसी सदस्य देश की पहली यात्रा है।

यूक्रेन ने मंगोलिया से रूसी राष्ट्रपति को आईसीसी के हवाले करने का आह्वान किया था। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) ने आशंका जताई कि मंगोलिया गिरफ्तारी वारंट पर अमल नहीं करेगा। ईयू ने कहा कि उसने मंगोलियाई प्राधिकारियों को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। पुतिन के एक प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास) वारंट को लेकर चिंतित नहीं है। पुतिन की यात्रा ने मंगोलिया को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने की सूरत में आईसीसी के सदस्य देश उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य होते हैं।

मंगोलिया के उलानबटार में सुखबातर स्क्वायर पर स्वागत समारोह के दौरान मंगोलियाई राष्ट्रपति उखनागीन खुरेलसुख के साथ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (दाएं)।

अमेरिकी सैन्यकर्मियों पर हमले के आरोप में 15 लोग हिरासत में

इस्तांबुल। तुर्की के पश्चिमी बंदरगाह शहर इजमिर में अमेरिकी नौसेना जहाज पर तैनात दो सैन्यकर्मियों पर सोमवार को हमला करने के मामले में 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इजमिर गवर्नर कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तुर्की यूथ यूनियन के सदस्यों के एक समूह ने कल अतंर्राष्ट्रीय समयानुसार दोपहर करीब एक बजे इजमिर के कोनाक जिले में सिविल ड्रेस पहने दो अमेरिकी सैन्य कर्मियों पर हमला किया। कार्यालय ने बताया कि जहाज पर अन्य पांच सैन्यकर्मी भी मौजूद थे, वे भी सिविल ड्रेस में थे। उन सभी के बचाव के लिये तुर्की सुरक्षा बलों ने तुरंत हस्तक्षेप किया। राजधानी अंकारा में अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया एक्स पर घटना की पुष्टि की।

सरकार ने एफआरसीवी की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने प्रस्तावों को स्वीकृत किया

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए फ्यूचर रेडी कॉम्बट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने प्रस्तावों को स्वीकृत किया।

रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। उसने बताया कि एओएन की कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा स्वदेशी स्रोतों से खरीद (भारतीय) और खरीद (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणियों के तहत है। भारतीय सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों में पहुंच सकने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, वास्तविक समय में स्थितिजन्य जागरूकता के साथ घातक एवं सटीक प्रहार करने की क्षमता से लैस भविष्य के टैंक होंगे।

खगोल विज्ञान

चीन ने वैश्विक रंगीन मानचित्र तियानवेन 1 मिशन के सौजन्य से बनाया, इस मुहिम में विश्व की सभी बड़ी स्पेस एजेंसियां कई दशकों से जुटी हुईं

चालकों के लिए मददगार होगा मंगल ग्रह का उच्च रेज्युलेसन वैश्विक मानचित्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : लाल ग्रह मंगल का पहली हाई रेज्युलेसन वाला मानचित्र सामने आ गया है। यह मानचित्र यात्रियों को मंगल ग्रह पर उतरने का मार्ग दर्शन होगा। मंगल ग्रह का यह वैश्विक रंगीन मानचित्र चाइना ने बनाया है। चीन ने वैश्विक रंगीन मानचित्र तियानवेन 1 मिशन के सौजन्य से बनाया है।

निःसंदेह दुनिया की नामचीन अंतरिक्ष वेदशालाओं का सबसे बड़ा लक्ष्य मंगल ग्रह है। हर कोई अधिक से अधिक अध्ययन इस ग्रह पर करना चाहते हैं और अपना आधिपत्य भी। मंगल का नभमंडल हो या एक हद तक सतही जानकारी दोनों से हम अनभिज्ञ नहीं हैं। साथ ही भूगर्भीय स्थिति के बारे में भी हम काफी कुछ हासिल कर चुके हैं। इस मुहिम में विश्व की सभी बड़ी स्पेस एजेंसियां कई दशकों से जुटी हुई हैं। लिहाजा इसका श्रेय इन सभी को जाता है। हालांकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इन सबमें आगे है। जिसने मंगल के आसमान से लेकर जमीन तक अनेक अभियान चलाकर मंगल के अधिकांश रहस्यों को उजागर किया है। मंगल खोज की दिशा में भारत का योगदान भी शामिल है। जिसने मार्स ऑर्बिटर मिशन (मॉम) के जरिए मंगल के वातावरण को समझने का सफल प्रयास किया था। बहरहाल मंगल भविष्य खगोल विज्ञान के क्षेत्र में सुनहरा है और अगला एक दशक लालग्रह मीडिया की सुर्खियों में रहने वाला है। मगर अब एक नई सुखद खबर चीन से आई है। जिसने हाई रेज्युलेसन वाला मंगल का रंगीन मानचित्र तैयार कर मंगल ग्रह पर जाने वालों का मार्ग आसान कर दिया है। मंगल मानचित्र का सफर 4 साल पहले जुलाई 2020 में तियानवेन-1 मिशन से शुरू हुआ। इस मिशन में छह रोबोटिक तत्व शामिल थे। जिनमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, दो कैमरे, एक रिमोट कैमरा और जुरोंग रोवर शामिल था। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) द्वारा अंतरग्रहीय मिशनों की श्रृंखला में इस मिशन का उद्देश्य मंगल की भूविज्ञान और आंतरिक संरचना की जांच करना, वातावरण की विशेषता व मंगल पर पानी के संकेत की खोज करना था। वर्तमान में वह मंगल ग्रह की खोज कर रहे कई ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर्स की तरह, तियानवेन -1 भी मंगल ग्रह (अतीत और वर्तमान) पर जीवन के संभावित साक्ष्य की खोज कर रहा है। लगभग 1298 दिनों में तियानवेन-1 मिशन ने मंगल ग्रह की खोज की है, इसके ऑर्बिटर ने मंगल ग्रह की सतह की अनगिनत रिमोट-सेंसिंग तस्वीरें हासिल की। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस) के शोधकर्ताओं की टीम ने मंगल के उच्च रेज्युलेसन वैश्विक तस्वीरों को जोड़कर मानचित्र बना डाला। चीनी वैज्ञानिकों के अनुसार यह मानचित्र मंगल की धरती पर उतरने वाले चालक दल के लिए मददगार साबित होगा।

नासा व चीन भेजेंगे क्रू मिशन

नैनीताल : मंगल मिशन नासा के साथ चीन शामिल होने जा रहा है। दोनों देश क्रू मिशन के नाम से मंगल पर पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। क्रू मिशन 2030 से 2040 के बीच भेजा जाएगा। इसके अलावा स्पेस एक्स भी मंगल पर पहुंचने की तैयारी में जुटा हुआ है। यह निजी संस्था है। संभवत: स्पेस एक्स मंगल पर मानव दल भेजने वाला पहली स्पेस एजेंसी होगी।